सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 13 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 13, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 302 अंकों की उछाल

उतार–चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 301.93 अंक चढ़कर 83,878.17 अंक पर बंद हुआ। } 14

## 22 भाषाओं में किया जायेगा संसद की कार्यवाही का प्रसारण

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकसभा में पहली बार कार्यवाही का 22 भाषाओं में समांतर अनुवाद शुरू हो चुका है और 2027 में इन सभी भाषाओं में कार्यवाही का प्रसारण किया जायेगा। } 16

### संक्षेप

## मकर संक्रांति पर 15 को सार्वजनिक अवकाश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने मकर संक्रांति के अवकाश में बदलाव कर दिया है। पहले सरकार ने 14 जनवरी 2026 को निर्बंधित (वैकल्पिक) अवकाश घोषित किया था, लेकिन अब इसे परिवर्तित करके 15 जनवरी 2026, गुरुवार को सार्वजनिक अवकाश जारी किया गया है। यूपी सहित देशभर में मकर संक्राति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जा रहा है। सभी जिलों में इस सार्वजनिक अवकाश के लिए शासन से पत्र जारी किया गया है।

## यूपी के 17 गैरहाजिर डॉक्टर होंगे बर्खास्त

लखनऊ। यूपी के 17 लापरवाह डॉक्टरों पर गाज गिरनी तय माना जा रहा है। यह डॉक्टर लंबे समय से कार्य करने के दौरान गैरहाजिर चल रहे थे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को गायब डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। ब्रजेश पाठक ने कहा कि गैरहाजिर डॉक्टरों से विभाग के अफसरों ने संपर्क करने की कोशिश की लेकिन सही जबाग नही मिला। अनुशासनहीनता को किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। लिहाजा इन डॉक्टरों को बर्खास्त करने का फैसला ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएसएलवी-सी62 रॉकेट उड़ान पथ से भटका

श्रीहरिकोटा। एक विदेशी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह समेत 16 उपग्रहों को लेकर अंतरिक्ष के लिए रवाना होने वाले इसरो के पीएसएलवी-सी62 रॉकेट को गड़बड़ियों का सामना करना पड़ा। इससे यह रॉकेट उड़ान पथ से भटक गया और उपग्रहों को निर्धारित कक्षा में स्थापित करने में विफल रहा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

## हरदोई थाने में पत्नी की गोली मारकर हत्या

हरदोई। जिले में एक व्यक्ति ने पाली थाना परिसर के अंदर अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर एक महिला आरक्षी समेत दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पाली थाना क्षेत्र के रमापुर अटरिया निवासी अनूप की 35 वर्षीय पत्नी सोनी पांच दिन पहले अपने प्रेमी के साथ घर से चली गई थी। इस मामले में अनूप ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी घर से जेवर और 35 हजार नकद लेकर गयी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रविवार को उसका पता लगाया और सोमवार को सोनी को अदालत में पेश करने और अन्य कानूनी औपचारिकताओं की प्रक्रिया चल रही थी।

## संजय प्रसाद और आशीष गोयल समेत पांच अपर मुख्य सचिव बने

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए वर्ष 1995 बैच के पांच आईएएस अधिकारियों को पदोन्नति दी है। संजय प्रसाद और आशीष गोयल सहित पांच प्रमुख सचिवों को अपर मुख्य सचिव (एसीएस) बनाया गया है। इससे शासन में शीर्ष स्तर पर प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत किया गया है। अपर मुख्य सचिव की भूमिका नीति निर्माण और विभागीय समन्वय में बेहद अहम होती है। पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों को उनके अनुभव और कार्यक्षमता के आधार पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार के इस फैसले को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रमोशन पाने वालों में डॉ. आशीष कुमार गोयल, संजय प्रसाद, अमृत अभिजात, आर. रमेश कुमार और मुकेश कुमार मेश्राम शामिल हैं। इन सभी अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से सातवें वेतन आयोग के तहत संशोधित पे-मैट्रिक्स ...शेष पृष्ठ 14 पर

## देश का जेन जेड सृजनशीलता से भरा, उसके सामर्थ्य पर पूरा भरोसा

### विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के समापन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने किया संबोधित

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत का जेन जी सृजनात्मकता और ऊर्जा से भरा हुआ है और उसे जोखिम लेने से पीछे नहीं हटना चाहिये, क्योंकि सरकार को उसके सामर्थ्य पर पूरा भरोसा है, विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के समापन समारोह में देश विदेश से आये युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बहुत कम समय में यह संवाद इतना बड़ा मंच बन गया है, जहां देश के विकास की दिशा तय करने में युवाओं की सीधी भागीदारी होती है।

उन्होंने कहा दुनिया के अनेक देशों में थिंकटैंक शब्द प्रचलित है। इसकी चर्चा होती है और इसका प्रभाव भी बहुत होता है। मैंने आज जो प्रेजेंटेशन देखे और जिस तरह से कड़ी प्रतिस्पर्धाओं के बाद आप यहां तक आये हैं, इसने दुनिया में अनोखी थिंकटैंक के रूप में जगह बनाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा जिन विषयों पर आपने चर्चा की है, खासकर महिला नीति विकास और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जैसे गंभीर विचारों पर प्रस्तुति प्रशंसनीय है। यह दिखाता है कि भारत में जेन जी का मिजाज क्या है। भारत का जेन जी कितनी सृजनात्मकता से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कोई भी क्षेत्र हो, आपके लिये अनंत संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। आप अपने सुझावों के साथ आगे बढ़िये, जोखिम लेने से पीछे मत हटिये। सरकार कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ चल रही है। पिछले एक दशक में जो रिफॉर्म की शुरूआत हमने की है, वह रिफॉर्म एक्सप्रेस बन गई है और उसके केंद्र में युवाशक्ति है। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है और राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना के साथ जीने के लिये उनका जीवन प्रेरणास्पद है। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी हर युवा के लिये प्रेरणा हैं। हमारे जीवन का लक्ष्य क्या है, कैसे हम राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना के साथ अपना जीवन जियें। इस दिशा में स्वामी विवकानंद का जीवन हमारे लिये प्रेरक है। उनका स्मरण करते हुए हम हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हैं और इस दिन को भी विकसित भारत युवा संवाद के लिये चुना ...शेष पृष्ठ 14 पर

# स्वास्थ्य सेवा में एआई के प्रयोग से विकसित होगा यूपी

○ एआई मिशन के तहत लागू होंगे 2000 करोड़ के कार्यक्रम ○ लखनऊ में एआई इन ट्रांसफॉर्मिंग हेल्थकेयर कॉन्फ्रेंस का सीएम योगी ने किया उद्घाटन



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज शासन को रिएक्टिव से प्रोएक्टिव बनाने का सशक्त माध्यम बन रही है। लखनऊ में ह्यएआई इन ट्रांसफॉर्मिंग हेल्थकेयरह्न विषय पर दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि तकनीक जब संवेदना से जुड़ती है, नीति जब नवाचार से संचालित होती है और शासन जब विश्वास पर आधारित होता है, तभी विकास समावेशी बनता है और भविष्य सुरक्षित होता है। उन्होंने बताया कि यूपी एआई मिशन के तहत प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग में देश में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग से स्वास्थ्य नीतियों को अधिक सटीक और प्रभावी बनाया जा सकता है। एआई के उपयोग से महामारियों, वेक्टर जनित रोगों के संबंध में डेटा कलेक्शन और उसके फीडबैक से बेहतर निर्णय, बेहतर नीति और बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जा सकते हैं। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीकी उन्नयन और नई तकनीक के प्रयोग को प्रोत्साहित करती रही है। इस क्रम में प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क, फार्मा पार्क, लखनऊ में मेडिटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, गौतम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एआई क्षेत्र में शीर्ष पर भारत : जितिन प्रसाद

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश अब केवल निवेश का ही नहीं बल्कि टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का भी बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश डिजिटलाइजेशन, एआई और उभरती तकनीकों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह बातें केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने सोमवार को ह्ययूपी एआई एंड हेल्थ इनोवेशन कॉन्फ्रेंसह्न के उद्घाटन सत्र में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जहां दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है, वहीं एआई पेनिट्रेशन के मामले में भी वैश्विक स्तर पर शीर्ष पर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि व स्वास्थ्य क्षेत्र का अगला बड़ा ब्रेक-थ्रू अमेरिका की सिलिकॉन वैली में नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के टियर-2 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एकाग्रता, दृढ़ता व कर्म में निरंतरता ही स्वामी विवेकानंद का संदेश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना को वैश्विक मंच पर परिचित कराने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। उन्होंने भारत व भारतीयता को नई पहचान दिलाई। स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा आगे बढ़ने के साथ ही हर परिस्थिति में हमारा मार्गदर्शन करती है। सीएम ने नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद तक की उनकी यात्रा को साधक से युग प्रवर्तक की यात्रा बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने उठो-जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रुको को जीवन का मंत्र बनाया था। उनका संदेश था- जब तक लक्ष्य पर एकाग्रता, संकल्प पर दृढ़ता व कर्म में निरंतरता नहीं होगी, तब तक सफलता प्राप्त नहीं हो सकती। इस भाव को आत्मसात करने वाले को सफल होने से कोई रोक नहीं सकता। सीएम ने युवाओं से कहा कि इच्छाशक्ति और संकल्प हो तो बदलाव के वाहक बन सकते हैं। लीक से हटकर चलने की प्रेरणा हमें आगे बढ़ाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ह्ययुवा शक्ति-राष्ट्र शक्तिह्न के संकल्प के साथ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रंप ने स्वयं को घोषित किया वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति

### सुरक्षित वातावरण बहाल होने तक अपने पास ही बनाये रखेंगे सत्ता

एजेंसी



न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर अपनी एक तस्वीर साझा की और खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया। ट्रुथ सोशल पर रविवार को साझा की गई तस्वीर ट्रंप की आधिकारिक फोटो है और उसमें उनका पद वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति और जनवरी 2026 से वर्तमान राष्ट्रपति लिखा गया है। इस तस्वीर में ट्रंप को अमेरिका का 45वां और 47वां राष्ट्रपति बताया गया है, जिन्होंने 20 जनवरी 2025 को पदभार ग्रहण किया था। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका ने वेनेजुएला पर एक बड़ा हमला किया था और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को न्यूयॉर्क ले जाया गया, जहां उन पर नशीले पदार्थों की तस्करी की साजिश के आरोप में मुकदमा चलाया जा रहा है। ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका वेनेजुएला का संचालन तब तक करेगा जब तक हम एक सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण नहीं कर लेते। हम यह जोखिम नहीं उठा सकते कि कोई ऐसा व्यक्ति वेनेजुएला की बागडोर संभाले जिसके मन में वेनेजुएलावासियों के हित न हों।

## भारत से बेहतर रिश्ते बेहद जरूरी : गोर

एजेंसी



नयी दिल्ली। तनाव को दूर कर द्विपक्षीय संबंधों को दोबारा मजबूत करने के संकेत देते हुए दिल्ली में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को कहा कि वाशिंगटन के लिए भारत जितना आवश्यक कोई अन्य देश नहीं है और दोनों पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने यहां आने पर एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में भारत के लिए महत्वपूर्ण खनिजों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अमेरिका के नेतृत्व वाले ...शेष पृष्ठ 14 पर

## स्वामी विवेकानंद ने जगायी राष्ट्रवाद की चेतना : धामी

### सीएम ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर महिला मंगल दलों व युवक मंडल दलों को किया पुरस्कृत

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। स्वामी विवेकानंद जी ऐसे युगद्रष्टा ऋषि थे, जिन्होंने परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़े हुए राष्ट्र के भीतर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतना को पुनः प्रज्वलित किया। उनके द्वारा शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक उद्बोधन ने पश्चिमी जगत को न केवल भारत की आध्यात्मिक शक्ति से परिचित कराया बल्कि सम्पूर्ण विश्व को यह संदेश भी दिया कि सनातन संस्कृति के ज्ञान, विवेक और मूल्यों में ही समस्त मानवता का कल्याण निहित है। उनका युवा शक्ति पर अटूट विश्वास था और वे युवाओं को राष्ट्र के पुनर्जागरण का सबसे सशक्त माध्यम मानते थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह विचार राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर परेड ग्राउण्ड देहरादून में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले महिला मंगल दलों और युवक मंगल दलों को पुरस्कार वितरित करते हुए कही। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले मंगल दलों को क्रमशः 01 लाख, 50 हजार एवं 25 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई। महिला मंगल दल धापला, नैनीताल को प्रथम जबकि युवक मंगल दल मोख मल्ला, चमोली को प्रथम स्थान पर ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 7.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- सुल्तानपुर, कासगंज व फतेहपुर को स्टेडियम की सौगात (पृष्ठ-02)
- भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित: पंकज (पृष्ठ-02)
- डॉलर के मुकाबले दो पैसे बढ़ कर रुपया 90.16 (पृष्ठ-14)
- बैंकों का ऋण व जमा अनुपात बढ़कर 82 प्रतिशत (पृष्ठ-14)
- भारत की आर्थिक वृद्धि सात प्रतिशत रहने का अनुमान (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

**बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने शहर में जगह–जगह की अलाव जलाने की व्यवस्था, लोगों ने ली राहत की सांस**

# जरूरतमंदों को अलाव दिला रहे सर्दी से निजात : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से निजात दिलाने के लिए बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाये। सर्दी में घर से निकले लोगों को इससे भारी राहत मिली। ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों या सवारी का इंतजार कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर अपना खाली वक्त बिताया। सोमवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह इन अलावों का सहारा लेते दिखे। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों ने







भी विराज सागर दास की इस मानवीय पहल का मुक्तकंठ से स्वागत किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर टाइम पास किया। गौरतलब है कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को दूर करने का प्रयास करते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर समाज के अन्य लोगों को भी ऐसा करने की प्रेरणा देते हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं, भूमाफिया व दबंगों पर बरसे सीएम योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में विभिन्न जनपदों से आए प्रत्येक प्रार्थी से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। आमजनों के प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया और कहा कि अवैध कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं है। भूमाफिया और दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी है और नियमित रूप से होती रहेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ ही लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार आपकी समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री के समक्ष कुछ वादी जमीन कब्जा व मारपीट आदि की शिकायत लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हर एक व्यक्ति के पास पहुंचकर उसकी शिकायत सुनी, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद स्तर पर कानून व राजस्व के प्रकरण में तेजी से सुनवाई करते हुए इसका निस्तारण किया जाए। कानून व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता में है। इसमें हीला-हवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- गंभीर बीमारियों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने प्रशासन और जनपद, मंडल, रेंज व जोन के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि दबंगों व भूमाफिया के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई नियमित रूप से जारी रखें। गंभीर बीमारी से जूझ रहे कुछ पीड़ितों ने जनता दर्शन में पहुंचकर इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। सीएम ने कहा कि सरकार इलाज के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। आप भी हॉस्पिटल से जल्द एस्टिमेट बनवाकर दें, एस्टिमेट मिलते ही आपके इलाज में सरकार तुरंत आर्थिक मदद करेगी। धन के अभाव में इलाज नहीं रुकेगा। जनता दर्शन में कई बच्चे भी अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। नन्हे-मुन्ने बच्चों के सामने सीएम योगी का बालप्रेम फिर उमड़ पड़ा। मुख्यमंत्री ने बच्चों का हाल जाना, उन्हें दुलारा-पुचकारा और चॉकलेट दी। सीएम ने अभिभावकों से कहा कि ठंड में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। यह अपनत्वपूर्ण भाव सुनकर अभिभावकों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

# विकास और पर्यावरण संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम

- भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों से सीधा संवाद करें, बिचौलियों का हस्तक्षेप न हो: योगी
- अपरिहार्य होने पर ही वृक्षों की कटान हो, जितने वृक्ष कटें उससे अधिक पौधरोपण किया जाये

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास प्रदेश की अनिवार्य आवश्यकता है, किंतु यह पर्यावरण की कीमत पर नहीं हो सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा सरकार की नीति है कि किसी भी परियोजना में अपरिहार्य स्थिति में ही वृक्षों की कटान की जाए और जितने वृक्ष कटें, उससे अधिक संख्या में पौधरोपण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना रहे।

मुख्यमंत्री सोमवार को प्रदेश में संचालित एवं प्रस्तावित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलावार समीक्षा करते हुए उन्होंने एनएचएआई के स्थानीय अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के बीच बेहतर, सतत और प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी एनएचएआई परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित करें। जहां भी किसी स्तर पर कोई विषय लंबित हो, उसे मुख्य सचिव की सोमवारीय समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मुख्य सचिव स्वयं इन परियोजनाओं की पाक्षिक समीक्षा करें, जिससे कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो और निर्णय शीघ्रता से लिए जा सकें। भूमि अधिग्रहण से संबंधित विषयों पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीधे किसानों से संवाद स्थापित किया जाए। किसी भी स्थिति में बिचौलियों को हस्तक्षेप का अवसर न मिले, ताकि किसानों के हित सुरक्षित रहें और परियोजनाएं पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क परियोजनाएं प्रदेश के आर्थिक विकास, औद्योगिक विस्तार और आमजन की सुविधा से सीधे जुड़ी हैं। अतः सभी कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं, जिससे उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ कनेक्टिविटी के माध्यम से विकास को नई गति मिल सके।

# सुल्तानपुर, कासगंज व फतेहपुर को मिली ग्रामीण स्टेडियम की सौगात

विशेष संवाददाता (vol)

- सीएम ने व्यक्तिगत श्रेणी में 10 व तीन-तीन युवक व महिला मंगल दल को किया सम्मानित
- लखनऊ, हरदोई, कन्नौज व सहारनपुर में पांच मल्टीपर्पज हॉल का किया लोकार्पण



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर सोमवार को सुल्तानपुर, कासगंज व फतेहपुर में ग्रामीण स्टेडियम का शिलान्यास किया। यह स्टेडियम 26 करोड़ से तैयार होंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत 21 करोड़ रुपये से बने पांच मल्टीपर्पज हॉल का भी लोकार्पण किया।

योजना के तहत लखनऊ में दो, हरदोई, कन्नौज व सहारनपुर में एक-एक हॉल का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य स्तर पर विवेकानंद युवा पुरस्कार भी प्रदान किए। यह पुरस्कार व्यक्तिगत श्रेणी के साथ ही युवक व महिला मंगल दल को भी दिया गया।

विवेकानंद यूथ अवार्ड- व्यक्तिगत श्रेणी में अभिनीत कुमार मौर्य- हरदोई, महिका खन्ना- शाहजहांपुर, प्रणव द्विवेदी- गोरखपुर, शिखा सहलोत- गाजियाबाद, अभिषेक पांडेय- मऊ, सचिन गौरी वर्मा- गोरखपुर, संजना सिंह-बरेली, मार्तंड राम त्रिपाठी-गोरखपुर, साक्षी झा-गाजियाबाद व दिव्यांश टंडन-मेरठ को 50 हजार का चेक, प्रशस्ति पत्र व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा से सम्मानित किया। युवक मंगल दल में संतकबीर नगर-विकास खंड व ग्राम पंचायत सेमरियावां - रिजवान मुनीर, बिजनौर- विकास खंड नूरपुर व ग्राम पंचायत शहदपुरगुलाल- घनश्याम सिंह, शाहजहांपुर-विकास खंड भावलखेड़ा व ग्राम पंचायत चौधेरा- इंद्रजीत लोधी-आशीष तथा महिला मंगल दल में बिजनौर- नहटौर विकास खंड- बसेड़ाखुर्द ग्राम पंचायत- दामिनी, फिरोजाबाद-अरांव विकास खंड- अकबरपुर सराय ग्राम पंचायत- शिवानी चंदेल- अंजली चंदेल, संतकबीर नगर- सांथा विकास खंड- पसाई ग्राम पंचायत- सुमन कुमारी- राधिका को सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार में एक-एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार में 50-50 हजार रुपये व तृतीय पुरस्कार में 25-25 हजार रुपये व प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र, ट्रॉफी व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा दी गई।

# जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा बनेगा देश का सबसे ग्रीन एयरपोर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

- ज्यूरिख एयरपोर्ट ग्रुप के सहयोग से नेट-जीरो कॉन्सेप्ट पर विकसित हो रहा जेवर एयरपोर्ट
- 20% पार्किंग क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए फास्ट और स्टैंडर्ड चार्जिंग की सुविधा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) न सिर्फ हवाई कनेक्टिविटी का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी नए मानक स्थापित करेगा। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप जेवर एयरपोर्ट को भारत का पहला ग्रीन कैंपस प्रमाणित एयरपोर्ट बनने का गौरव प्राप्त हुआ है, जो बड़ी उपलब्धि है। यह एयरपोर्ट ज्यूरिख एयरपोर्ट ग्रुप के सहयोग से विकसित किए गए नेट-जीरो कॉन्सेप्ट पर आधारित है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के एसीईओ शैलेन्द्र कुमार भाटिया ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशों के तहत एयरपोर्ट का टर्मिनल भवन इस तरह डिजाइन किया गया है कि ऊर्जा, पानी और कचरे की खपत न्यूनतम हो। एयरपोर्ट पार्किंग के 20 प्रतिशत हिस्से में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए स्टैंडर्ड और फास्ट चार्जिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

एयरसाइड संचालन के लिए उपयोग होने वाले सभी वाहन 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक होंगे और इनके चार्जिंग प्वाइंट्स कई स्थानों पर लगाए जाएंगे। सरकार के ग्रीन एनर्जी विजन के अनुरूप परिसर में 82.94 एकड़ में फैला सोलर फार्म विकसित किया जा रहा है, जिसकी क्षमता 51,966 मेगावाट-घंटा होगी। इससे एयरपोर्ट को बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त होगी। साथ ही दो स्थानों पर बनाए जा रहे रेन वाटर हार्वेस्टिंग पौंड टिकाऊ जल स्त्रोत उपलब्ध कराएंगे। एयरपोर्ट में आरएनजी प्लांट लगाने की भी योजना है, जिससे एयरपोर्ट वाहन, डीजी सेट और अन्य प्रणालियां ग्रीन फ्यूल पर संचालित हो सकेंगी। वहीं एक व्यापक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली कचरे के पृथक्करण, रीसाइक्लिंग और वैज्ञानिक उपचार को बढ़ावा देगी। पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक एनवायरनमेंट मॉनिटरिंग प्लान भी तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से हर महीने वायु, पानी, मिट्टी, कचरा और सीवेज के मानकों की निगरानी की जाएगी। जेवर एयरपोर्ट शुरू होने के साथ ही न सिर्फ निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा, बल्कि सरकार के ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और सतत विकास के संकल्प को भी नई उड़ान देगा।

# स्टार्टअप इकोसिस्टम से यूपी बन सकता है ग्लोबल एआई पावर हाउस

## एआई से स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता को मिल रही मजबूती : कविता भाटिया

विशेष संवाददाता (vol)

- उत्तर प्रदेश को एआई आधारित हेल्थ मिशन की दिशा में आगे बढ़ा रही सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एआई एंड हेल्थ इनोवेशन कान्फ्रेंस के पहले दिन सोमवार को होटल द सेंट्रम में हेल्थ सेक्टर में एआई के प्रयोग को लेकर विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने कहा कि एआई केवल तकनीकी नवाचार नहीं, बल्कि जनकल्याण, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और समावेशी विकास का सशक्त माध्यम बन चुका है।

यह सेशन प्राथमिकता वाले एआई मुद्दों पर साझा समझ विकसित करने, नीति संबंधी जानकारी के आदान-प्रदान और व्यावहारिक समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में सामने आया। इसमें सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने मिलकर चुनौतियों की पहचान, बेस्ट प्रैक्टिस साझा करने और परिणाम तैयार करने पर विचार किया।

विशेषज्ञों ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हेल्थ सेक्टर में तकनीक और एआई के प्रयोग को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। सीएम योगी की मंशा है कि एआई के जरिए मातृ एवं नवजात देखभाल, रोगों की समय पर पहचान, सटीक इलाज और हेल्थ रिसर्च को नई गति दी जाए।

डिजिटल प्लेटफॉर्म, हेल्थ डाटा और एआई आधारित सॉल्यूशंस के माध्यम से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी बनाया जा रहा है।

सत्र में इंडिया एआई मिशन की सीओओ कविता भाटिया ने एआई के क्षेत्र में जनभागीदारी के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मजबूत पब्लिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और समृद्ध, संरचित (रिच स्ट्रक्चर्ड) डाटा के प्रभावी उपयोग से उत्तर प्रदेश को एआई आधारित हेल्थ मिशन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्टार्टअप इकोसिस्टम के जरिए उत्तर प्रदेश को एक ग्लोबल एआई पावर हाउस के रूप में स्थापित किया जा सकता है, जहां नवाचार, निवेश और टेक्नोलॉजी आधारित समाधान स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

इंडिया एआई मिशन के जनरल मैनेजर स्वदीप सिंह ने हेल्थ सेक्टर में एआई के लिए डाटा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि स्टोर किए गए डाटा का सही और सुरक्षित इस्तेमाल भविष्य में बीमारियों के सटीक इलाज और गहन रिसर्च में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमें किसी एक प्रकार के डाटा पर निर्भर न रहते हुए, विविध एआई-आधारित डाटा सॉल्यूशंस पर काम करना होगा, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं अधिक प्रभावी, सटीक और भरोसेमंद बन सकें।

वहीं फ्यूचर स्किल्स, इंडिया एआई मिशन के जीएम कार्तिक सूरी ने कहा कि हेल्थ सेक्टर में एआई के सफल उपयोग के लिए फ्यूचर रेडी वर्कफोर्स तैयार करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि देशभर में कई डाटा लैब स्थापित की जा चुकी हैं और लगातार नई एआई-आधारित डाटा लैब बन रही हैं। आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं की क्षमता को एआई बेस्ड टेक्नोलॉजी से जोड़ा जाए, ताकि एआई सुरक्षित और भरोसेमंद बने।

# गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह में आज शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** कला, संस्कृति, मेधा और रोजगार के मंच गोरखपुर महोत्सव के समापन समारोह में मंगलवार को शामिल होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विरासत व विकास के भरोसे को और मजबूत करेंगे। समापन समारोह में अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री छह लोगों को गोरखपुर रत्न से सम्मानित भी करेंगे। वर्ष 2017 से गोरखपुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रगति की नई उड़ान भरी है। कभी पिछड़ेपन का दंश झेलने वाले इस जिले ने हर क्षेत्र में विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। बहुमुखी विकास के साथ यहां की कला, संस्कृति भी लगातार संरक्षित और समृद्ध हुई है। इन सबको समेटते हुए गोरखपुर महोत्सव कला, संस्कृति, पर्यटन व रोजगार का सशक्त मंच बना है। इस बार गोरखपुर महोत्सव का शुभारंभ रविवार को प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने किया।

# विश्वकर्मा योजना के प्रशिक्षुओं में बंटेगी टूलकिट

## एमएसएमई, खादी, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को तहसील-ब्लॉक स्तर तक सशक्त बनाने के निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को विभागीय योजनाओं के लिए बजट में की गई व्यवस्था के सापेक्ष व्यय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग तथा हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग की वित्तीय और भौतिक प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योगी सरकार की प्राथमिक योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र लाभार्थियों तक अवश्य पहुंचे।

उन्होंने निर्देश दिए कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी प्रशिक्षुओं को टूलकिट का वितरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा गया, ताकि सांसद, विधायक एवं प्रभारी मंत्री सक्रिय रूप से कार्यक्रमों में सहभागिता कर सकें। उन्होंने विश्वकर्मा योजना की प्रगति से संबंधित रिपोर्ट शीघ्र तैयार करने तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को तहसील एवं ब्लॉक स्तर तक और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मंत्री ने कहा कि योगी सरकार खादी को आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की पहचान के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने खादी के कंबलों एवं अन्य उत्पादों को आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करने, गुणवत्ता में सुधार और उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। साथ ही खादी से जुड़े कारखानों का नियमित निरीक्षण करने और कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि खादी उत्पादन से संबंधित जो समितियां निष्क्रिय हैं, उनकी भूमि और परिसंपत्तियों का भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। सरकारी भूमि के उचित उपयोग, अवैध कब्जों से मुक्ति और परिसंपत्तियों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली प्रशासनिक बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए, ताकि लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके। राकेश सचान ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, योजनाओं के लिए आवंटित बजट का शत-प्रतिशत प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करें और सरकार की मंशा के अनुरूप परिणामोन्मुखी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से कारीगर, बुनकर और उद्यमी सशक्त होंगे और उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर रहेगा।

# गाय के गोबर से बायोगैस बनाकर घटायेंगे तेल-एलपीजी पर निर्भरता

## एक लाख गायों के गोबर से 500 करोड़ के पेट्रोलियम उत्पादों की बचत

विशेष संवाददाता (vol)



- 2022 से अब तक 26 सीबीजी प्लांट लगे, 21 प्रोजेक्ट निर्माणाधीन

**लखनऊ।** देश में रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश तेजी से लीडिंग स्टेट के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत अब बड़ी मात्रा में कंप्रेस्ड बायोगैस बनाकर क्रूड ऑयल और एलपीजी पर निर्भरता घटाने की ठोस रणनीति पर काम हो रहा है। बायोगैस बनाने में अधिक पैमाने पर गाय के गोबर का सदुपयोग किया जाएगा, जिसका सबसे ज्यादा लाभ गोपालकों को मिलेगा। इस योजना में 26 से अधिक सीबीजी प्लांट लगाए जा चुके हैं। एक वैज्ञानिक आंकलन के अनुसार यूपी में एक लाख गायों के गोबर से मीथेन का दोहन कर पेट्रोलियम उत्पादों में लगभग 500 करोड़ रुपये तक की बचत की संभावना बन सकती है।

2022 से अब तक यूपी नेडा के अंतर्गत प्रदेश में 26 से अधिक सीबीजी प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें लखनऊ, गोरखपुर, मथुरा, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलंदशहर, बाराबंकी, बदायूं, बरेली और मिजार्पुर जिलों में उत्पादन प्रारंभ हो चुका है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 21 से अधिक नए सीबीजी प्लांट निमार्णाधीन हैं। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि सीबीजी को वैकल्पिक ईंधन के रूप में स्थापित करने के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना लागू की जा रही है।

प्राथमिक तकनीकी आकलनों के अनुसार एक देशी गाय से प्रतिदिन औसतन लगभग 10 किलोग्राम गोबर प्राप्त होता है, जिससे मीथेन युक्त बायोगैस का उत्पादन संभव है। गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि परिशोधन के बाद यही गैस सीबीजी के रूप में रसोई और वाहनों में उपयोग की जा सकती है। यदि प्रदेश में गायों के गोबर से मीथेन का दोहन किया जाए, तो पेट्रोलियम उत्पादों पर होने वाले व्यय में उल्लेखनीय कमी की संभावना बन सकती है। एक वैज्ञानिक आंकलन के अनुसार यूपी में एक लाख गायों के गोबर से मीथेन का दोहन कर पेट्रोलियम उत्पादों में लगभग 500 करोड़ रुपये तक की बचत की संभावना बन सकती है। इससे अन्य देशों से आयात होने वाले कच्चे तेल और एलपीजी पर निर्भरता भी घटेगी। बाराबंकी का निजी सहभागिता वाला सीबीजी प्लांट और मथुरा की श्री माताजी गौशाला जैसे प्रयोग इस मॉडल की व्यवहारिक सफलता के उदाहरण हैं। गोबर से ऊर्जा, ऊर्जा से जैव-उर्वरक और जैव-उर्वरक से कृषि उत्पादकता का यह चक्र गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ राज्य को ऊर्जा सुरक्षा की ओर ले जाएगा।

# भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का विशाल परिवार है : पंकज चौधरी

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पार्टी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत, पूरे रास्ते कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने फूल मालाओं से किया इस्तकबाल

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का सोमवार को लखनऊ तथा बाराबंकी जिले में पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साह और गर्मजोशी के साथ विभिन्न स्थानों पर स्वागत व अभिनंदन किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में नागरिक भी सम्मिलित हुए। भारत माता की जय, वंदेमातरम्, भाजपा जिन्दाबाद, नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद के गगनभेदी नारो से वातावरण गूंज उठा।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण को समर्पित कार्यकर्ताओं का विशाल परिवार है। संगठन की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है। मैं स्वयं भी एक साधारण कार्यकर्ता रहा हूं और आज जो जिम्मेदारी पार्टी ने मुझे प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सौंपी है, उस दायित्व को मैं कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूरा करने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास, सुशासन और राष्ट्रवादी राजनीति की निरंतरता का संकल्प है। अब हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हुए जनसंपर्क और जनविश्वास की इस लड़ाई में पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाना है।

पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार गरीब, किसान, श्रमिक, महिला और युवा सरकारी योजनाओं के केंद्र में आए हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ मोदी सरकार बिना भेदभाव के समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचा रही है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था, विकास और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, जिससे प्रदेश तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी दलों को न तो देश का विकास रास आता है और न ही गरीब कल्याण की योजनाएं। विपक्षी दल सिर्फ भ्रम, झूठ और नकारात्मकता फैलाकर जनता को गुमराह करना चाहते हैं, लेकिन भाजपा का कार्यकर्ता हर झूठ का जवाब सच्चाई, सेवा और संगठन की ताकत से देगा।

पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत और अभिनंदन के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। कार्यकर्ताओं का यह स्नेह और उत्साह संगठन की असली शक्ति है और हमें नई ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यकर्ताओं का प्रेम, सम्मान और उत्साह मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है। मैं प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन के प्रति उनके समर्पण के लिए नमन करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि यह ऊर्जा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी का लखनऊ में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. नीरज सिंह के नेतृत्व में प्रातः नैमिषारण्य गेस्ट हाउस डालीबाग में बड़ी संख्या में लखनऊ महानगर के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शंखनाद, मालाओं, पुष्प वर्षा और ढोल नगाड़े के साथ से भव्य स्वागत अभिनंदन किया। शंखनाद, स्वस्तिवाचन और मंत्रोच्चार के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष को आशीर्वाद और मंगल शुभकामनाएं दी। गेस्ट हाउस पर प्रातः 8 बजे से ही हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं का सैलाब एकत्रित था।

संक्षेप

## एक करोड़ की मार्फिन जब्त, महिला समेत दो गिरफ्तार

झांसी। झांसी में स्वापक रोधी कार्य बल और पुलिस की टीम ने एक संयुक्त अभियान में राजस्थान से झांसी तस्करी कर लाई गई एक किलोग्राम मॉर्फिन जब्त की और एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जब्त किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। क्षेत्राधिकारी (नगर) लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि सोमवार दोपहर कार्य बल प्रभारी चंदन पांडेय और नवाबाद थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव ने संयुक्त कार्वाई के दौरान स्थानीय बस स्टैंड के निकट एक पेट्रोल पंप के पास एक महिला और एक पुरुष को पकड़ा। ये आरोपी अपने कपड़ों के बीच करीब एक किलोग्राम मॉर्फिन छुपाए हुए थे। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने यह मादक पदार्थ राजस्थान से तस्करी कर झांसी लाने की बात कबूल की। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान झालावाड़ निवासी उकार लाल और लीलाबाई के रूप में हुई है तथा दोनों के खिलाफ नवाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## नवविवाहिता ने खुदकुशी की

बलिया। जिले में एक नवविवाहिता ने कथित रूप से दहेज को लेकर प्रताड़ित किए जाने से तंग आकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, रेवती थाना क्षेत्र के परसिया गांव में रविवार को पुतुल (23) नाम की नवविवाहिता ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि मामले के संबंध में मृतका की मां उर्मिला देवी की तहरीर पर सास चन्द्रावती देवी, ननद रूबी देवी और देवर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पुतुल का विवाह पिछले साल आठ मई को परसिया गांव के रोहित यादव से हुआ था। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि शादी के बाद पुतुल को दहेज की मांग को लेकर मारा पीटा जाता था। कुरैशी ने बताया कि मृतका की सास चन्द्रावती देवी (47) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

## बंदर के अधजले अवशेष मिलने पर युवक को बांधकर पीटा

शाहजहांपुर। जिले में एक धार्मिक स्थल के निकट एक बंदर के कथित रूप से अधजले अवशेष मिलने के बाद एक युवक को शक के आधार पर खंभे से बांधकर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस के मुताबिक, सदर बाजार थानाक्षेत्र के जलाल नगर मोहल्ले में एक धार्मिक स्थल के निकट सोमवार को एक बंदर के अधजले अवशेष पाए जाने पर लोगों में आक्रोश फैल गया, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने मौके पर घूम रहे एक व्यक्ति को शक के आधार पर पकड़कर खंभे से बांध दिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। लोगों द्वारा बार-बार नाम पता पूछने पर युवक ने कुछ नहीं बताया। एक अधिकारी ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को छुड़ाया और थाने लाकर उससे पूछताछ की। युवक दिमागी रूप से बीमार प्रतीत होता है और उसे पहले भी कई बार वहां घूमते हुए देखा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मां की पीटकर हत्या, बेटा गिरफ्तार

कौशांबी। जिले के कोखराज क्षेत्र में शराब के आदी एक व्यक्ति ने अपनी मां की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कोखराज थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार मुहल्ले में रहने वाले गुड्डू उर्फ याकूब (40) का रविवार रात अपनी मां आयशा (75) से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। उन्होंने बताया कि विवाद बढ़ने पर गुड्डू ने अपनी मां के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के कुछ लोग उसके घर पहुंचे और बुजुर्ग महिला को बचाने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि गुड्डू नशे का आदी है। मोहल्ले के लोगों के समझाने के बावजूद वह शांत नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार बाद में उसने घर का दरवाजा बंद कर अपनी मां को फिर मारा-पीटा जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना पर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया। बुजुर्ग महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## महिला और उसके ढाई साल के बेटे की हत्या

कानपुर। जिले के घाटमपुर इलाके में एक महिला और उसके ढाई साल के बेटे की उनके घर में कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गयी। महिला के पति पर वारदात को अंजाम देने का संदेह है जो घटना के बाद से लापता है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) दीपेंद्रनाथ चौधरी ने बताया कि पुलिस को गांव शारदेपुर में रविवार रात हुई इस घटना की सूचना देर रात में मिली। सूचना पर घाटमपुर और आस-पास के थानों से कई पुलिस टीम मौके पर पहुंचीं और फॉरेंसिक इकाई को भी बुलाया गया। चौधरी ने बताया कि मृतकों की पहचान रूबी देवी (32) और उसके ढाई साल के बेटे लाभांश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों के शरीर पर धारदार हथियार से प्रहार किए जाने के गहरे जख्म हैं। उन्होंने बताया कि वारदात के बाद से रूबी देवी का पति सुरेंद्र यादव (35) लापता है, इसी वजह से उस पर इस वारदात को अंजाम देने का संदेह व्यक्त किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस उसकी तलाश कर रही है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) आशुतोष कुमार ने बताया कि स्वामी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन विशेष टीम गठित की गई हैं।

## पक्षी से टकराने पर विमान की आपात लैंडिंग

वाराणसी। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर रविवार शाम गोरखपुर से बेंगलुरु जा रहे इंडिगो के एक विमान को पक्षी से टकराने के बाद आपात स्थिति में उतार लिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि विमान में सवार सभी 216 यात्री सुरक्षित हैं।

उन्होंने बताया कि एक पक्षी से टकराने पर विमान का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पायलट ने तत्काल वाराणसी हवाई यातायात नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया और विमान को सुरक्षित वाराणसी हवाईअड्डे पर उतार लिया गया। हवाईअड्डा के निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। यात्रियों को सोमवार को अलग-अलग विमानों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

## सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत

**नोएडा।** नॉलेज पार्क थानाक्षेत्र में जीरो पॉइंट के पास तेज रफ्तार एक कार ने केन के जरिये अपनी गाड़ी में पेट्रोल भर रहे दो सगे भाइयों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, रविवार देर रात हुए हादसे में मृतकों की पहचान गौरव शर्मा (32) व मनोज शर्मा (40) के रूप में हुई है और वह कुंडली बांगर के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि दोनों भाई बोलेरो गाड़ी में डीजल खत्म हो जाने के कारण सड़क किनारे खड़े होकर केन के जरिये गाड़ी में ईंधन भर रहे थे कि तभी तेज रफ्तार एक होंडा सिटी कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक, हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तत्काल उपचार के लिए पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने सोमवार शाम को एनपीएक्स पुलिस चौकी पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया हालांकि पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझा बुझाकर शांत करवाया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और होंडा सिटी कार को कब्जे में ले लिया। आरोपी चालक की पहचान बिहार निवासी सिद्धार्थ कात्यान के रूप में हुई है और उसे अदालत में पेश किया गया।

## दो छात्रों की बस की चपेट में आने से मौत

सहारनपुर। जिले के मिर्जापुर इलाके में ट्यूशन पढ़कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे दो छात्रों की एक बस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक को गिरफ्तार कर उसके वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी एस. एन. वैभव पांडेय ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि मिर्जापुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गाडा गांव के निवासी छात्र आर्यन (15) और दीपक (17) रविवार रात साढ़े आठ बजे बेहट इलाके में ट्यूशन पढ़कर मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में जाटोवाला गांव के पास विकासनगर मार्ग पर तेज रफ्तार से आ रही एक निजी बस ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे दोनों छात्र नीचे गिर गए और बस की चपेट में आ गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों छात्रों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने आर्यन को मृत घोषित कर दिया जबकि दीपक ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिये हैं। बस चालक को गिरफ्तार कर उसके वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता दर्शन के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी समाधान के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पारदर्शी प्रक्रिया के तहत निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अंदर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करते हुए उसकी आख्या प्रस्तुत करें, ताकि फरियादियों को समय से राहत मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में प्रत्येक कार्यदिवस प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से जनसुनवाई करें। इससे आमजन की समस्याओं को समय रहते सुना जा सके और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि जनहित से जुड़ी समस्याओं का समाधान पूरी संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और मानवीय दृष्टिकोण के साथ किया जाए, जिससे आमजन को वास्तविक राहत मिले और प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

## जन समस्याओं का समाधान पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : एसपी



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। जनता दर्शन के दौरान मारपीट, जमीनी विवाद, पारिवारिक कलह, रुपए के लेनदेन तथा अन्य विभिन्न प्रकार के मामलों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों से संवेदनशील व्यवहार करते हुए कानून के दायरे में रहकर त्वरित कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है, जिससे पारदर्शिता बढ़ रही है और लोगों में न्याय की उम्मीद सुदृढ़ हो रही है। यह पहल जनविश्वास को मजबूत करने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## भिनगा और इकौना में साप्ताहिक बन्दी दिवस घोषित

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम, 1962 की धारा-8 के अन्तर्गत वर्ष 2026 के लिए जनपद की नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में स्थित दुकानों तथा वाणिज्य अधिष्ठानों के लिए साप्ताहिक बन्दी का निर्धारण किया गया है। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद भिनगा क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी का दिन सोमवार निर्धारित किया गया है, जबकि नगर पंचायत इकौना क्षेत्र में प्रत्येक बुधवार को साप्ताहिक बन्दी रहेगी। उक्त आदेश नगर पालिका एवं नगर पंचायत की सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों पर लागू होगा। हालांकि, उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम की अनुसूची-2 में सम्मिलित आवश्यक सेवाओं से संबंधित प्रतिष्ठान इस साप्ताहिक बन्दी से मुक्त रहेंगे। इनमें खाने-पीने की दुकानें, दवा, मिष्ठान, सब्जी, मीट, फल, सिनेमा, समाचार पत्र, नाई, अन्तेष्टि से संबंधित सेवाएं, बैण्ड एवं लाउडस्पीकर, प्रदर्शनी, मेला, परिवहन सेवाएं, बिजली एवं पानी आपूर्ति सेवाएं, साइकिल एवं रिक्शा सर्विस से जुड़ी दुकानें शामिल हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि व्यापारियों एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे।

# प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने किया बैरक हॉस्टल का लोकार्पण



**सिद्धार्थनगर।** जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने जिले के पुलिस लाइन में निर्मित 100 पुरुष कर्मियों के लिए बैरक हॉस्टल का लोकार्पण किया, गत सोमवार मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग, उ0प्र0 सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर द्वारा विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के साथ पुलिस लाइन में निर्मित 100 पुरूष कर्मियों के लिए बैरक हास्टल का लोकार्पण किया गया। मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग, उ0प्र0 सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पुलिस के रहने के लिए बैरक का निर्माण कराया गया है। बैरक हॉस्टल के निमार्ण से पुलिस कर्मियों के रहने के लिए अच्छी सुविधा मिलेगी। इसके बनने से बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। उक्त बैरक का निर्माण कार्यदायी संस्था उ0प्र0 पुलिस आवास विकास निगम द्वारा कराया गया है। इसके पश्चात मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग, उ0प्र0 सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ राजमणि वर्मा, डीएसटीओ बीएस यादव, आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार



खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के खुलासा करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महा0 के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियो के धड़पकड़ अभियान में एक कड़ी जोड़ते हुए पुलिस ने एक शातिर चोर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया गया। उक्त कार्यवाही अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव के पर्यवेक्षण में दायित्वों के प्रति क्रियाशील थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में खेसरहा थाने 26/27 दिसंबर 2025 की रात ग्राम पेड़ारी बुजुर्ग में सुग्रीम खटिक के घर से चोरी हुई थी। पुलिस के अनुसार चोरों ने बरामदे में टंगी पर्स से जेवरात और चार्जिंग पर लगा मोबाइल फोन चुरा लिया था। इस संबंध में खेसरहा थाने में 10 जनवरी 2026 को मुकदमा संख्या 06/2026, धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था, विवेचना के दौरान, 11 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। लगभग 3:05 बजे कस्बा सकारपार में एसबीआई बैंक के पीछे एक बंद पड़े ईंट भट्ठे के पास से अभियुक्त भोनू गौड़ पुत्र पलाहे गौड़, निवासी कलनाखोर, थाना खेसरहा को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया।

## बांसी में आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन



बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के तहसील कस्बा बांसी के चंगेरवा पैलेस में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, गत सोमवार को सम्मेलन में भारी संख्या में नागरिको द्वारा भाग लिया गया, सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में एकजुटता और सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने हेतु सम्मेलन किया गया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अखिल भारतीय संह सेवा प्रमुख सेंथल कुमार ने हिंदू समाज से एकजुट रहने तथा सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि महन्थ हनुमान दास नागा ने हिंदू संस्कृति, परंपराओं और समाज में आपसी भाईचारे के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से अपनी संस्कृति को समझने और समाजहित में कार्य करने की अपील किया, सम्मेलन का संचालन रवि अग्रहरि द्वारा किया गया इस अवसर पर पूर्व प्रोफेसर के0पी0 त्रिपाठी संध्या श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव, , सोनू जयसवाल, अमय पांडेय, शैलेंद्र दुबे, अनुपमा सिंह दुबे, सुशीला केवट, प्रतिभा वर्मा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, बजरंगी वर्मा और धनंजय सहित कई हिंदू धर्म प्रेमी उपस्थित हों कर भाग लिया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर, आकाश मोदनवाल ने सम्मेलन में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे आयोजनों को और भी बड़े व्यापक स्तर पर करने की बात की बात दोहराते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

## स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत



मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जी जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला जी ने पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला जी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन, विचार और दर्शन आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक प्रकाशस्तंभ है। स्वामी विवेकानंद जी ने न केवल भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को विश्वपटल पर स्थापित किया, बल्कि आत्मविश्वास, कर्मठता और राष्ट्रसेवा का संदेश देकर एक सशक्त भारत की नींव रखी। कुलपति ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का मानना था कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि वह व्यक्ति के चरित्र निर्माण, आत्मबल और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का विकास करे। ‟उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको” का उनका संदेश आज के युवाओं को आत्मनिर्भर, साहसी और सकारात्मक सोच वाला नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया और उन्हें समाज परिवर्तन का वाहक माना। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ना ही सच्ची सफलता है। कुलपति ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर शिक्षा, शोध और समाजसेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, परीक्षा नियंत्रक वीरेंद्र कुमार मौर्य, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह, प्रोफेसर विग्नेश कुमार, साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद के समन्वयक प्रोफेसर कृष्णकांत शर्मा, प्रोफेसर आराधना गुप्ता, प्रोफेसर अजय विजय कौर, प्रोफेसर जमाल अहमद सिद्दीकी, प्रोफेसर रमाकांत, डॉ. वैशाली पाटील, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. कुलदीप त्यागी, डॉ. योगेश मोरल, मीडिया सेल सदस्य मितेंद्र कुमार गुप्ता, इंजीनियर प्रवीण पवार, इंजीनियर मनोज कुमार, डी.पी. सिंह, मनी सिंह, अमित कुमार, सहदेव कुमार, शिवम त्यागी, दीपक त्यागी उपस्थित रहे।

## एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद




सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याओ/ व शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई किया गया। गत 012-01.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा 0 अभिषेक ने पुलिस कार्यालय मे आए फरियादियों की समस्याओ व शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए प्रार्थना पत्रों का औलोकन भी किया गया। डा 0 अभिषेक महाजन ने मधुर बचनों से फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का भरोसा दिलाते हुए अधिनस्थों को आवश्यक निर्देश भी दिया गया। पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान कुल 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 0 1 भूमि विवाद व शेष 06 अन्य से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र थे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने हेतु संबंधित को आदेश दिया गया, बाहर निकल कर आए फरियादियों ने डा0 अभिषेक महाजन के व्यवहार एवं कार्य क्षमता की सराहना किया।

# स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को चरित्र निर्माण का मार्ग दिखाया

## जगतजीत कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी

जिला संवाददाता



**इकौना, श्रावस्ती।** जगतजीत इंटर कॉलेज इकौना श्रावस्ती में सोमवार को महान दार्शनिक, समाज सुधारक एवं युगप्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की जयंती प्रधानाचार्य राम विहारी वाजपेई की अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम विहारी वाजपेई ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस से आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया और अपने ओजस्वी विचारों से न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व को प्रभावित किया। वे आध्यात्मिकता, राष्ट्रचेतना, आत्मनिर्भरता और समाजसेवा के प्रबल समर्थक थे। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को उत्कर्ष, स्वावलंबन और चरित्र निर्माण का मार्ग दिखाया। उनका जीवन प्रेरणास्रोत है, जो हमें मानवता, संवेदनशीलता और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत करता है। उन्होंने युवाओं को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की सीख दी। स्वामी विवेकानंद का प्रसिद्ध कथन उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो आज भी युवाओं में आत्मविश्वास और कर्तव्यबोध का संचार करता है।

प्रवक्ता उदयभान पाण्डेय ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि इस शक्ति का सही दिशा में उपयोग कर देश और समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। यह दिवस युवाओं में समरसता और नैतिकता के भाव को मजबूत करता है। कार्यक्रम में शिक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय, सर्वेश कुमार त्रिपाठी, जयप्रकाश त्रिपाठी सहित छात्रा कोमल यादव, प्रिया मौर्य, करिश्मा विश्वकर्मा, नीतू यादव व अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ किया गया।

# महिलाओं की संदिग्ध हालात में मौत

## परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

बहराइच। जिले में बीते 24 घंटे के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में तीन महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि तीनों मामलों में महिलाओं के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, बहराइच जिले के पयागपुर निवासी सराफल अली ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले उसकी बहन नसरीन (22) का निकाह कटरा क्षेत्र के बनगांव निवासी फैजान से हुआ था। मृतका के भाई सराफल अली के मुताबिक, रविवार रात जब उसने नसरीन को कॉल किया तो उसकी बात नहीं हो सकी और बाद में उसका शव कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया गया। सराफल ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

वहीं परसपुर निवासी कल्लू ने बताया कि उसने करीब तीन साल पहले उमरी बेगमगंज के आदमपुर निवासी नासिर से अपनी बहन नूरी सायदा (22) का निकाह कराया था। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। कल्लू ने आरोप लगाया कि दहेज ना मिलने से ससुराल पक्ष ने लोगों ने बहन को जहर देकर मारने की कोशिश की और हालत बिगड़ने पर उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## शिक्षामित्र के निधन से शोक की लहर



सिद्धार्थनगर। जिले के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मगरगाहा निवासी शिक्षामित्र सुखराम लगभग (54) वर्षीय का गत सोमवार सुबह हृदयाघात होने से निधन हो गया, प्राप्त खबर के अनुसार गत सोमवार सुबह अचानक उक्त शिक्षामित्र की तबीयत बिगड़ गई, परिजन उन्हें बांसी स्थित एक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया, मृतक सुखराम प्राथमिक विद्यालय मगरगाहा में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे। वे बीएलओ ड्यूटी भी कर रहे थे। उनके निधन से शिक्षा विभाग सहित पूरे परिक्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है, मृतक शिक्षामित्र के परिवार में 3पुत्र व 3 पुत्रियां हैं। इनमें से दो पुत्रियों और एक पुत्र का विवाह हो गया है। उनकी पत्नी का निधन लगभग बीस वर्ष पहले ही हो गया था, घटना की सूचना मिलने के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल छा गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और शुभचिंतकों करीबी रिश्तेदारो ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया गया।

# गोला युवा महोत्सव 2026 का हुआ भव्य आगाज

## परिवार, समाज और राष्ट्र की एकजुटता से ही भारत बनेगा विश्वगुरु : राजेश त्रिपाठी




गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार व दिव्य जागरण युवा मंच के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय गोला युवा महोत्सव-2026 का सोमवार को भव्य व शानदार आगाज हुआ। महोत्सव के पहले दिन कला-संसंस्कृति, सैंड आर्ट, स्टाल, हस्त शिल्प व विज्ञान प्रदर्शनी के साथ ही पुस्तक मेला का उद्घाटन हुआ। महोत्सव के मंच पर एक से बढकर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सनातन संस्कृति की झलक देखने को मिली।

युग पुरूष स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित गोला युवा महोत्सव 2026 के दो दिवसीय आयोजन का आगाज सोमवार की सुबह 11बजे से हुआ। बतौर मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधायक पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डा अनिल तिवारी ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा व चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि जब परिवार, समाज और देश एकजुट रहेगा, तभी दुनिया भारत को सलाम करेगी। युवाओं को फिल्मी दुनिया के बनावटी नायकों के बजाय स्वामी विवेकानंद जैसे युगद्रष्टा को अपना रियल हीरो बनाना चाहिए।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी जी ने अपने उद्बोधन से भारत की आत्मा, सहिष्णुता और मानवता का संदेश विश्व पटल पर स्थापित किया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक मुख्य सेवक प्रदीप सिंह एवं मुख्य सेविका रत्ना सिंह को स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव पर युवा महोत्सव आयोजित करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यदि इस मंच से एक भी युवा स्वामी विवेकानंद की असाधारण क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति को समझ ले, तो यह आयोजन अपने वास्तविक उद्देश्य में सफल होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल तिवारी ने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त कर रहा है। युवाओं को समाज की पीड़ा समझने के लायक बना रहा है। विद्यालय के मुख्य सेवक प्रदीप सिंह ने कहा कि स्वामी जी कहते थे कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज और देश को सुधारा जा सकता है। उसी पथ पर हम आगे बढ़ कर समाज की सेवा कर रहे हैं। संचालन विद्यालय की शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने विद्यालय की बच्चियों को लक्ष्मी बाई जी की तरह सशक्त बना रही हूं। सांस्कृतिक समारोह में युवाओं की एक से बढकर एक प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा पुस्तक मेला में लोगों ने रूचि से पुस्तको खरीददारी की। इस अवसर पर जिपंस मायाशंकर शुक्ल, सेवानिवृत्त प्राचार्य डा फूलचंद तिवारी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, पूर्व जिपंस घनानंद यादव, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नवनीत राय, राम प्रताप राय, सभासद गण दिनेश सिंह, सच्चिदानंद राय, डा राजेश जायसवाल, रतन प्रकाश दूबे, जेपी चंद, डा मदन चौरसिया, नागेन्द्र प्रसाद पांडेय, राकेश कुमार यादव, अखिलेश तिवारी, बसंत यादव, राजकुमार हिन्दुस्तानी, प्रधानाचार्य एस के मिश्रा, उप प्रधानाचार्य राहुल यादव, अतुल सिंह, गोपाल प्रजापति, एडवोकेट वेद प्रकाश, छोटू राय सहित शिक्षाविद, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहें।

### युवा महोत्सव में दिखी सनातन संस्कृति की भव्य झलक



गोला, गोरखपुर। स्वामी विवेकानंद के जंयती के अवसर पर एमसीए पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय युवा महोत्सव के पहले दिन सनातन संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और आधुनिक विज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिला। सोमवार को शुरू हुए महोत्सव में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रेत आदि से बनाए गए आकर्षक मॉडलों में भारतीय संस्कृति और देशप्रेम की सशक्त झलक दिखाई दी। युवा महोत्सव-2026 के सांस्कृतिक समारोह की शुरूआत विद्यालय के कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से हुई। तदुपरांत मधुर व मनमोहक सरस्वती बंदना व स्वागत गीत से महोत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महोत्सव के दौरान हनुमान चालीसा पर आधारित नृत्य प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इसके अलावा महारानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज और स्वामी विवेकानंद के जीवन व आदर्शों पर आधारित नृत्य व नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सनातन संस्कृति की झलक देख दर्शकों ने जमकर सराहना की। रेत से बनाए गए अखंड भारत, देश के विभिन्न प्रसिद्ध मंदिरों और गोरखपुर के मॉडल भी आकर्षण का केंद्र रहे। इनमें से एक मॉडल विशेष चर्चा में रहा, जिसमें आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या तथा भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के सफाए को दशार्या गया था। इस मॉडल को देखकर लोगों ने बच्चों के मन में देश के प्रति जाग रहे जज्बे और राष्ट्रभक्ति की खुले दिल से प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों द्वारा भी कई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं छात्रों द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में मार्स पर मानव जीवन का भविष्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, महिला सशक्तिकरण, भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रम, खेल जैसे विषयों पर आधारित मॉडलों को प्रदर्शित किया गया, जिसे लोगों ने काफी सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एयर इंडिया विमान हादसा, ऑपरेशन सिंदूर, दहेज प्रथा, जल संरक्षण, किसान और सिपाही जैसे सामाजिक व राष्ट्रीय विषयों को प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के पिरामिड मॉडल देखकर दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। कार्यक्रम में काजल प्रजापति, फरजाना, भावना दूबे, सोनी विश्वकर्मा, संजना दूबे, खुशबू चंद, नीलू तिवारी, राधा उपाध्याय, ललिता यादव, आदित्य शुक्ला, उर्वशी शुक्ला, सुनील कुमार, प्रतिभागी बैष्णवी, जान्हवी, रामेष्ट श्याम, ओम श्याम आदि छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### नवाचार, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता से सजी विज्ञान प्रदर्शनी



युवा महोत्सव के दौरान विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुस्तक मेला भी आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने नवाचार, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता से जुड़े अपने मॉडल व विचार प्रस्तुत किए। पुस्तक मेले में ज्ञानवर्धक, प्रेरणास्पद एवं साहित्यिक पुस्तकों की विविध श्रृंखला उपलब्ध रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी और पुस्तक मेले की विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आमजन ने सराहना की। मुख्य सेवक प्रदीप सिंह ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास, बौद्धिक विकास और राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करना है।

## ट्रक- बस की भिड़ंत में 14 श्रद्धालु घायल




बकेवर, इटावा। मथुरा-वृंदावन से दर्शन कर अयोध्या जा रहे छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं से भरी एक बस को सरायजलाल ओवरब्रिज के पास पीछे से तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार 50 श्रद्धालु में 14 घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हे जिला अस्पताल के लिऐ रेफर किया गया। इस घटना के संबंध में मडेश्वर ने बताया कि मंगलवार तड़के इटावा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बकेवर और इकदिल थाना क्षेत्र की सीमा पर यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में सवार श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही बकेवर व इकदिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से बकेवर के 50 शैय्या अस्पताल भेजा गया, जहां सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। चिकित्सकों ने पदमा, सकुंवर और परमिला जयसवाल की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य श्रद्धालुओं को मामूली चोटें आई हैं। घायलों में परविश पुत्र शिवपाल, रविशंकर पुत्र सूरज, शारदा पत्नी विष्णु, पदमा पत्नी सुरेश, परमिला जयसवाल पत्नी राजेंद्र प्रसाद जयसवाल, सदुमदास पुत्र सवपूराम, धनेश्वरी सिंह पत्नी सत्यानारायण सिंह, मुन्नी पत्नी भिथई, कांती पत्नी लक्ष्मन, राजकुमारी पत्नी मलेश्वर, सकुंवर पत्नी बैजनाथ, मुलेश्वर पुत्र लोहारशाहे और बाबी पत्नी रामनारायण सहित सभी निवासीगण छत्तीसगढ़ राज्य शामिल हैं। पुलिस ने ट्रेलर ट्रक को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं घायल मडेश्वर ने आगे जानकारी में बताया कि वह छत्तीसगढ़ से बस बुक करके तीर्थ धामों की यात्रा के लिऐ निकले थे। जिसमें वह चित्रकूट व प्रयागराज सहित मथुरा वृन्दावन धाम के दर्शन कर वापस अयोध्या जी दर्शन करने के लिऐ जा रहे थे। तभी रास्ते में बस में पीछे से एक ट्रैलर ट्रक ने टक्कर मार दी थी। बस में सबार सभी घायल आसपास गांव के लोग थे। इस संबंध में इकदिल थाना प्रभारी विक्रम सिंह चैराह ने दूरभाष पर जानकारी देते हुऐ बयाया कि हादसे की सूचना मिली थी। सभी घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया तथा ट्रक कब्जे में लिया गया। तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## कांग्रेसियों ने प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया



इटावा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के 54वें जन्मदिन पर जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने ब्लाइंड रिलीफ एकेडमी पर केक काट एवं कंबल वितरण कर जन्मदिन मनाया। आशुतोष दीक्षित ने कहा आज बड़े हर्ष का दिन है जिसे कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता हर्षोल्लास से जन्मदिन मना रहे हे श्री दीक्षित ने बताया कि प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर पूरे प्रदेश में 100 दिन आगे के कार्यक्रम की घोषणा हुई बताया कि संविधान संवाद महा पंचायत, मनरेगा बचाओ संग्राम, एसआईआर सेवा और बलिदान के 140 वर्ष, पंचायत चुनाव 2026, एमएलए चुनाव 2026, के कार्यक्रम की घोषणा की। शहर अध्यक्ष मो. राशिद ने कहा प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर हम कांग्रेस जन शपथ लेते हे आने वाले दिनों में जनता की समस्याओं के लिए ओर प्रगति से कार्य करेंगे। जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रशांत तिवारी पीसीसी सदस्य, कोमल सिंह कुशवाह पीसीसी सदस्य, मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, युवा जिलाध्यक्ष कांग्रेस शोजब रिजवी, सचिन शंखवार, अंशुल यादव, सुमित यादव सोहेल खान और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हिन्दू राष्ट्र निर्माण के लिए समस्त हिन्दुओं को संगठित होना जरूरी : कमलकांत

चौरीचौरा, गोरखपुर। हिन्दू राष्ट्र निर्माण हेतु हिन्दुओं को हिंदूत्व की विचारधारा व साहसिक आत्मिक भावनाओं से आज युवाओं को ओत-प्रोत होना अतिआवश्यक है। देश को प्रत्येक दृष्टिकोण से समृद्ध एवं सुसंस्कारित बनाने के लिए समस्त हिन्दू भाइयों ,बहनों, युवाओं को भारतीय दर्शन का अवलोकन करना होगा । विश्व विदित है कि भारत के पुरातन ग्रंथों में मानव-कल्याण के लिए विषद वर्णन ,दिशानिर्देश उल्लिखित है। उक्त विचार प्राथमिक विद्यालय झंगहा द्वितीय परिसर क्षेत्र पंचायत खोराबार जनपद गोरखपुर में जनसमूह को संबोधित करते हुए

स्वामी सच्चिदानंद महाराजजी ने व्यक्त किया।हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत प्रचार प्रमुख व प्रधानाचार्य डॉ दिनेश मणि त्रिपाठी ने कहा सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा करके ही हम अपने राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा कर सकते हैं।हिंदू महा सम्मेलन में विचार व्यक्त करते हुए संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं सह क्षेत्र प्रचारक प्रमुख पूर्वी क्षेत्र मनोज कांत ने कहा कि आमजन में हिंदुत्व की भावना सुदृढ़ हो रही है।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शैक्षिक विचार गोष्ठी का आयोजन




चरगांवा, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट गोरखपुर द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर एक शैक्षिक विचार गोष्ठी का आयोजन महात्मा गांधी इंटर कॉलेज गोरखपुर के सभागार में किया गया। शैक्षिक विचार गोष्ठी के अवसर पर संघ के प्रांतीय संरक्षक जगदीश पांडेय ठुकराई ने गोष्ठी के विषय र्वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में व्यवहारिक वेदांत की भूमिकार्र पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा है। विश्व के नेताओं की वाणी और आचरण में जमीन आसमान का अंतर है। अदूरदर्शिता का आभाव, अहंकार और भेदभाव पूरे विश्व में संकट का एक बड़ा कारण है। इस संकट के निदान में स्वामी विवेकानंद जी के व्यवहारिक वेदान्त की भूमिका बहुत ही प्रासंगिक है। आज आवश्यकता है मानवतावाद और विश्व बंधुत्व की भावना को समझने की और प्रेम की महत्ता को स्वीकार करने की। अद्वैत हमे सिखाता है कि दो होते ही नहीं है सभी प्राणी मात्र में परम सत्ता विद्यमान है सभा को संबोधित करते हुए डॉ फूलचंद प्रसाद गुप्त ने कहा कि पूरी दुनिया में हिंदू धर्म विश्व बंधुत्व और वसुधैव कुटुंब की भावना के लिए जाना जाता है। हमारा कर्तव्य है कि अपने राष्ट्र और धर्म की ध्वजा को पुनः शीर्ष पर स्थापित करें और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान दे। गोष्ठी को प्रधानाचार्य पटेल स्मारक इंटर कॉलेज भटहट व प्रांतीय मंत्री डॉ अजय कुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य महिप नारायण शाही व मंडलीय अध्यक्ष काशी नारायण त्रिपाठी , प्रधानाचार्य रामपुर पाण्डेय व संयुक्त मंत्री वाचस्पति शुक्ला, प्रधानाचार्य ग्रामोदय इंटर कॉलेज बढ़यापार ,प्रांतीय पदाधिकारी, देवेंद्र प्रताप सिंह गौतम ने भी संबोधित किया। प्रांतीय मंत्री डॉ अजय कुमार पाण्डेय ने सभी का आभार ज्ञापन करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों को आज आत्मसात करने की आवश्यकता है।

## प्रयागराज मेले में युवा समाजसेवी अशोक पाण्डेय का सप्त दिवसीय भंडारा

### श्रद्धालुओं की सेवा का अनुकरणीय उदाहरण



गगहा,गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के सोनइचा निवासी युवा समाजसेवी अशोक पाण्डेय द्वारा प्रयागराज मेले में श्रद्धालुओं की सेवा और मानव कल्याण की भावना से प्रेरित होकर सप्त दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा प्रयागराज मेला क्षेत्र के पुल संख्याझ4, सेक्टर संख्याझ5 में आयोजित होगा, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। इस सेवा कार्य का भव्य शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पीठाधीश्वर रंग महल, अयोध्या धाम श्री श्री 1008 महंत रामशरण दास जी महाराज के पावन कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर साधु-संतों, समाजसेवियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। युवा समाजसेवी अशोक पाण्डेय ने कहा कि प्रयागराज मेले में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा और सेवा करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। भंडारे के माध्यम से प्रतिदिन निःशुल्क, स्वच्छ एवं सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण कर सकें। इस पुनीत आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। अशोक पाण्डेय द्वारा लगातार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई जा रही है। उनके इस सराहनीय प्रयास को क्षेत्रीय निवासियों, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं ने मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण बताते हुए मुक्त कंठ से प्रशंसा की है तथा सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। भंडारे के आयोजन से न केवल श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा, बल्कि सेवा, सहयोग और सद्भावना का संदेश भी समाज में प्रसारित होगा।

## पारस रत्न से शिक्षक अमित सम्मानित




इटावा। समाजसेवी संस्था एक गूंज सेवा समिति उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बरेली में आयोजित किया गया। जिसमें उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, जम्मू, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के शिक्षक, समाजसेवियों और खिलाड़ी सहित 151 लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद इटावा, विकास खंड ताखा के उच्च प्राथमिक विद्यालय सोरों के शिक्षक अमित सिंह चैहान को राष्ट्र गौरव पारस रत्न शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षक को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके नवाचारी प्रयासों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने कहा समाज सेवा के क्षेत्र में एक गूंज द्वारा उत्तर प्रदेश में नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों में कार्य किया जा रहा है समाज सेवा के हर कार्य में संस्था बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है शिक्षक ही समाज की दिशा और दशा बदलने का कार्य करते हैं और समाज को ऊंचाइयों पर पहुंचाते हैं। एससी एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया ने कहा संस्था द्वारा जो कार्य किये जा रहे हैं वो सराहनीय हैं। समाज की दिशा और दशा बदलने का कार्य शिक्षकों के द्वारा किया जाता है यह सम्मान समारोह निरंतर किया जा रहा है इसके लिए संस्था बधाई की पात्र है।। प्रोफेसर रामबाबू सिंह ने कहा आज संस्था उत्तर प्रदेश में नहीं, बल्कि पूरे भारत में संस्था का विस्तार हो गया है इसी तरह से निरंतर शिक्षा और समाज के क्षेत्र में कार्य करती रहे। प्रधानाचार्य डॉ. रविशरण सिंह चैहान ने कहा संस्था द्वारा जगपाल सिंह चैहान स्मृति राष्ट्र शिक्षक सम्मान 2026 से शिक्षकों को सम्मानित किया गया है जो कि सराहनीय प्रयास है। संस्था के अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह बंटी ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा संस्था का आज छठें स्थापना दिवस में 11 राज्यों के 151 लोगों को सम्मानित किया किया गया है जो संस्था के लिए महत्वपूर्ण पल है।

## सुल्तानपुर माइनर नहर में पानी नहीं आने से किसान परेशान

उरुवा, गोरखपुर किसानों के खेतों की सिंचाई करने के लिए सरकार द्वारा बनाए गोला तहसील में बारानगर सरयू कैनाल नहर से उरुवा क्षेत्र के सुल्तानपुर माईनर शाखा में इन दिनों पानी न आने के कारण किसान अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसान रामसरन शर्मा, पवन कुमार, राजकुमार गुप्ता, अनिल कुमार, शंकर शर्मा सहित अनेक किसान अपने खेतों में गेहूं की बुवाई किए 35-40 दिन हो गए हैं लेकिन नहर में पानी न आने के कारण सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। बन्दुआरी पाठक, भवनियापुर, मरवटिया रामपुर सनाथ गांव के किसान नहर में पानी नहीं आने से परेशान हैं। कुछ किसानो ने बताया कि जब कभी पानी नहर में दिया जाता है तो बन्दुआरी पाठक गांव में ही नहर बांध दिया जाता है और पानी आगे नहर में नहीं आ पाती है। जिससे किसान अपने खेत सिंचाई करने के लिए परेशान रहते हैं और तो और विभाग द्वारा नहर की मरम्मत और सफाई का कार्य भी केवल खाना पूर्ति कर रह गया। नहर के टेल तक पानी नहीं पहुंचता है। इस सम्बन्ध में विभाग के जेई रामानन्द यादव ने बताया पानी छोड़ने पर आगे पानीं इधर उधर बहने लगता है जिसके कारण कभी पानी छोड़ना पड़ता है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड सं. 341999574841 में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 01.01.2007 दर्ज है जबकि मेरी हाईस्कूल मार्कशीट अनुक्रमांक नं. 1241144401 में मेरी सही जन्मतिथि 01.01.2008 दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में भी मेरी सही जन्मतिथि दर्ज किया जाये। **राहिल पुत्र अकील नि.- ग्राम आसीवन थाना आसीवन जिला उन्नाव।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड सं. 748390259549 में त्रुटिवश मेरा नाम आहत दर्ज है जबकि मेरी हाईस्कूल मार्कशीट अनुक्रमांक नं. 1241144375 में मेरा सही नाम अब्दुल अहद दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में भी मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **अब्दुल अहद पुत्र अकील नि.- ग्राम आसीवन थाना आसीवन जिला उन्नाव।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र अंकित को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। चेतराम पुत्र छोटेलाल निवासी-ग्राम पिपराथा, पोस्ट बहादुरपुर, थाना जंहागीराबाद, बाराबंकी।

## वकील के घर से जेवरात व नकदी चोरी

जसवंतनगर, इटावा। कस्बे के कचैरा रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एक वकील के घर में रविवार रात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर छत के रास्ते मकान में दाखिल हुए और नीचे बने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखी नकदी व कीमती जेवरात समेट ले गए। चोरी की कुल कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

पीड़ित गौरव कुमार, जो इटावा में अधिवक्ता हैं, ने बताया कि 7 जनवरी को उनकी पुत्री का जन्म इटावा के अस्पताल में हुआ था। इस कारण वह बीते कुछ दिनों से अस्पताल और घर के बीच आना-जाना कर रहे थे। रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे उनके पिता दिनेश चंद्र यादव और मां विनीता यादव घर लौटे। भोजन करने के बाद दोनों सो गए। सोमवार सुबह करीब सात बजे जब उनकी मां की नींद खुली तो उन्होंने अंदर वाले कमरे का दरवाजा खुला देखा और सामान बिखरा पड़ा मिला। जांच करने पर पता चला कि अलमारी का ताला टूटा हुआ है। उसमें रखे दो सोने के हार, आठ महिला अंगूठियां, चार पुरुष अंगूठियां, दो सोने की चेन, करीब आधा किलो चांदी के आभूषण और लगभग 40 हजार रुपये नकद गायब थे। पीड़ित ने बताया कि शादी के समय मिले और बाद में खरीदे गए जेवरात अलमारी में रखे थे। परिजनों ने आशंका जताई कि चोर मकान के पिछवाड़े से चढ़कर छत पर पहुंचे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना पर थानाध्यक्ष कमल भाटी, चैकी इंचार्ज मनीष कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। फोरेंसिक टीम प्रभारी राम सहाय पटेल ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में किसी नजदीकी व्यक्ति की भूमिका की आशंका भी जताई जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हिस्ट्रीशीटर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

### रायफल, कारतूस- कार बरामद



इटावा। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर वाँछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ मे किया गिरफ्तार। कब्जे से फैक्ट्री मेड रायफल 315 बोर व 4 खोखा कारतूस व 6 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर, मोबाइल फोन तथा घटना मे प्रयुक्त कार ह्युण्डई एक्सेंट बिना नम्बर प्लेट की गयी बरामद। थाना बकेवर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों थानाध्यक्ष बकेवर मय पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत सुनवर्षा अण्डरपास के निकट संन्दिग्ध व्यक्ति,वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान बरोख की तरफ से कार तेज गति से आती दिखायी दी।

उक्त कार को पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया तो कार सवार अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया तथा भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल इसकी सूचना थाना पुलिस को देते हुये कार का पीछा गया। उरैन गांव के पास निवाडी से लुधियानवी जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्वयं को पुलिस टीमों से घिरता देख कार सवार अभियुक्तों द्वारा पुनरू पुलिस टीम पर फायर किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसमे गोली अभियुक्त प्रवीन उर्फ मंगल यादव उर्फ सुनील कुमार पुत्र रणवीर सिंह निवासी ग्राम हरचन्द्रपुरा थाना सिविल लाइन के दाहिने पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में फैक्ट्री मेड रायफल 315 बोर, 4 खोखा कारतूस तथा 6 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक, उ.नि. स्वदेश कुमार अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत है। आरोपी के ऊपर कई थानों में आपराधिक इतिहास भी दर्ज है।

## अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर पकड़े, 3.30 लाख का जुर्माना वसूला

जसवंतनगर, इटावा। सामाजिक वानिकी विभाग बसरेहर रेंज ने वन क्षेत्र से अवैध रूप से मिट्टी खोदकर ले जाने के मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टरों को पकड़कर उनसे 3 लाख 30 हजार रुपये का जुमार्ना वसूल किया है। इस कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

वन क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह के अनुसार सैफई हवाई पट्टी रोड पर नियमित गश्त के दौरान तीन ट्रैक्टर वन क्षेत्र की मिट्टी लादकर ले जाते हुए पकड़े गए। जांच में पाया गया कि मिट्टी को अवैध रूप से खोदकर बिक्री के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। पुष्टि होने पर संबंधित वाहन स्वामियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए भारी जुमार्ना लगाया गया और ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। इसके अलावा जसोहन क्षेत्र में भी एक अन्य ट्रैक्टर को रोका गया है। इस मामले में विभागीय स्तर पर जांच की जा रही है कि संबंधित ट्रैक्टर द्वारा लाई जा रही मिट्टी वन क्षेत्र से निकाली गई थी या किसी अन्य वैध स्थान से। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और खातों की भी जांच कराई जा रही है। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

संक्षेप

## अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार

खीरी टाउन खीरी। थाना खीरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 2 अभियुक्तों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तः प्रदीप सिंह, पुत्र करमजीत सिंह, निवासी ग्राम दलेलनगर, थाना गोला, अली शब्बर, पुत्र अकील अहमद खान, निवासी मो0 अवधीटोला, कस्बा खीरी के पास 02 अवैध देसी तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 नाल तमंचा 315 बोर, 04 मोबाइल फोन, 02 मोटर साइकिल, बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपी का पहले आपराधिक इतिहास रहा है। थाना अध्यक्ष निराला तिवारी सहित आदि थाने के पुलिस कर्मी गिरफ़्तारी में शामिल रहे।

## खेल प्रतियोगिताओ में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के रामलीला मैदान पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य मे खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य युवा कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया 400 मीटर पुरुष वर्ग मे अमित प्रथम, संजीव द्वितीय व अनुज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता मे अभी प्रथम, शिवांगी द्वितीय व इरम तीसरे स्थान पर रही कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी संकल्प शुक्ला के निर्देशन मे सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उनकी हौसला अफजाई करते हुए कहा युवा संकल्पित होकर अपने लक्ष्य की तरफ बढ़े तो निश्चित रूप से उनके सपने साकार होंगे और वे देश को विकास की ओर ले जायेंगे, प्रत्येक युवा के भीतर प्रतिभा होती है उसे समय उसे निखारने की आवश्यकता होती है। शचीन्द्र नारायण दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रसून दीक्षित, रजित वर्मा, संजीव कुमार, अमित अवस्थी, रश्मि, नेहा, पूजा, सुहेल, मोनू, अतुल, अंश वर्मा, किशन आदि मौजूद रहे।

## हिन्दू सम्मेलन की तैयारी को लेकर सभा का हुआ आयोजन

मोहम्मदी खीरी। नगर मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर बंधन पैलेस बरवर रोड मोहम्मदी में 17 जनवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन की रूप रेखा तैयारी को लेकर एक इंटर कॉलेज में संघ के प्रभारियों द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे उन विंदुओं पर चर्चा की गई जो आगामी हिन्दू सम्मेलन में मुख्य रूप से संचालित होने हैं। सभा को मुख्य बक्ता अमित भसीन द्वारा संचालित किया गया। आगामी हिन्दू सम्मेलन में जन जागरण के साथ साथ कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रस्तावना, जन जागरण हेतु वक्तव्य, प्रदर्शनी, संस्कार एवं हमारे सामाजिक सरोकार, समाज के प्रति हमारे नैतिक कर्तव्य इत्यादि प्रकार के कार्यक्रमों का होना सुनिश्चित हुआ है, कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी मोहम्मदी के कवि सुमित भारद्वाज को दी गयी। कार्यक्रम में समिति के प्रभारियों के साथ राम सिंह, आनंद वाजपेई, सुगंध तिवारी, सुरेंद्र वर्मा, सुबेदार, रोहित, शिव नरेश पांडेय, लोकेश भारद्वाज, अथर्व भारद्वाज, रोहित शर्मा, अनिल कुमार, अमित, कैशल, विपिन दीक्षित, डॉ दिलीप श्रीवास्तव, वरुण यादव, अमित शुक्ला, नवनीत शुक्ला, रामनरेश, अनूप तिवारी आदि संघ के सदस्य मौजूद रहे।

# नपा कैम्प में पेंशन, राशन व प्रमाण पत्र के लिए 497 पंजीकरण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लखीमपुर रोड स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज में सोमवार को नगर पालिका परिषद गोला के तत्वावधान में ह्यनगर पालिका आपके द्वारह्न अभियान के तहत पांचवां कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में विभिन्न वार्डों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कुल 497 पंजीकरण कराए।

कैम्प में वार्ड संख्या 05, 12, 17 और 25 के लोगों ने भाग लिया। वृद्धावस्था पेंशन के 54 पंजीकरण हुए, जिनमें 37 लोगों की पेंशन रुकी हुई थी, जबकि 17 नए पंजीकरण किए गए। राशन कार्ड से संबंधित 218 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिसमें 170 कार्डधारकों ने यूनिट बढ़वाने और 48 लोगों ने नए राशन कार्ड के लिए आवेदन किया। विद्युत विभाग से जुड़े 8 पंजीकरण हुए, जिनमें 3 स्मार्ट मीटर रीडिंग और 5 बिल बढ़ोतरी से संबंधित थे। दिव्यांग पेंशन के 4 और विधवा पेंशन के 17 पंजीकरण दर्ज किए गए। नगर पालिका परिषद से संबंधित जन्म प्रमाण पत्र के 68 आवेदन प्राप्त हुए। इसके साथ ही नए मतदाता बनने के लिए 123 फॉर्म वितरित किए गए। कैम्प में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि गोला की जनता के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे और पेंशन से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण शीघ्र कराया जाएगा। सभासद रज्जन खान ने कहा कि इस तरह के कैम्प लगने से जनता का समय और पैसा दोनों की बचत होती है। पंजाबी कॉलोनी निवासी सुधीर कोहली ने कहा कि राशन कार्ड और पेंशन जरूरतमंदों को पारदर्शिता के साथ मिलनी चाहिए। बताया गया कि अभियान के तहत अगला कैम्प 13 जनवरी को फूलबाबा आश्रम में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

इस मौके पर सभासद हरिओम वर्मा, रज्जन खान, कफील अहमद, आनंद सोनी, धर्मेन्द्र तिवारी, सुफियान खान, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, नगर महामंत्री राजेश राठौर, अशोक सक्सेना सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं नगर पालिका के लेखाकार मोहित अवस्थी, जेई अनिल कुमार यादव, जेई आदर्श मिश्रा, श्रवण कुमार मिश्रा, अंकित गुप्ता, अशोक मिश्रा, विजय कुमार, प्रदीप कुमार, अनुज अवस्थी, विमलेश वर्मा तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## एसडीएम की जांच में खुली अस्पताल की पोल, डॉक्टर नदारद, सुरक्षा मानक ध्वस्त

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शिव हॉस्पिटल समेत शहर के दो निजी अस्पतालों की जांच में स्वास्थ्य विभाग की टीम को गंभीर और चैंकाने वाली अनियमितताएं मिली हैं। एसडीएम, नायाब तहसीलदार भानुप्रताप सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग के डॉ. नितिन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने संयुक्त रूप से अस्पतालों की जांच की।

जांच के दौरान दोनों अस्पतालों में एक भी डॉक्टर मौके पर मौजूद नहीं मिला, जबकि नियमों के अनुसार अस्पताल में चिकित्सकों की तैनाती अनिवार्य है। इसके साथ ही किसी भी अस्पताल में महिला डॉक्टर नहीं पाई गई, जो स्वास्थ्य मानकों का सीधा उल्लंघन है। जांच टीम को अस्पतालों में फायर सेफ्टी, साफ-सफाई और बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन की स्थिति भी बेहद खराब मिली। अस्पताल संचालन से संबंधित कोई भी वैध अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिससे अस्पतालों की वैधता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ऑपरेशन थिएटर की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक पाई गई। ओटी अव्यवस्थित था, वहां ओटी टेक्नीशियन मौजूद नहीं थे और आवश्यक जीवनरक्षक उपकरणों का भी अभाव मिला। जांच टीम ने इसे मरीजों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब ऐसे अस्पतालों पर कार्रवाई हुई हो। इससे पहले भी कई बार जांच और सील की कार्रवाई की गई, लेकिन कुछ समय बाद अस्पताल फिर से संचालित होने लगे। न तो स्थायी रूप से लाइसेंस निरस्त किया गया और न ही जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई हुई। अब आमजन के बीच सवाल उठ रहे हैं कि क्या कार्रवाई सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहेगी। क्या अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों को किसी स्तर पर संरक्षण प्राप्त है। और सबसे बड़ा सवाल यह कि यदि ऐसे अस्पतालों में किसी मरीज की जान चली जाती है, तो उसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी। अब देखना यह है कि इस बार प्रशासन केवल रिपोर्ट भेजने तक सीमित रहता है या जनहित में ठोस और सख्त कदम उठाए जाते हैं।

# 25 केंद्रों पर 17 को होगी टीजीटी परीक्षा

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज की सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष/महिला) प्रारंभिक परीक्षा-2025 को लेकर जनपद में प्रशासन ने कमर कस ली है। 17 जनवरी को प्रस्तावित परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। सोमवार को गुरु नानक इंटर कॉलेज में एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में दो सत्रों में करीब 550 कक्ष निरीक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में परीक्षा की पारदर्शिता, अनुशासन और निष्पक्षता पर खास जोर रहा। एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी ने कहा कि परीक्षा की गाइडलाइन को अच्छी तरह पढ़ें ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना शून्य रहे। 17 जनवरी को परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली प्रातः 9 से 11 बजे तथा दूसरी पाली अपरान्ह 3 से 5 बजे तक चलेगी। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 25 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें पहली पाली में 14 और दूसरी पाली में 11 परीक्षा केंद्र पर परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें प्रथम पाली में 5472 और द्वितीय पाली 4608 कुल 10,080 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

## जयंती पर एबीवीपी ने अस्पताल में किया फल वितरण



धौरहरा खीरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर नगर के अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। इस दौरान परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कार्यक्रम में नगर मंत्री समर्थ श्रीवास्तव, तहसील सह संयोजक अभिमन्यु शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष मंगल पाठक, मानवेन्द्र गुरु जी, नगर सह मंत्री रितिक निगम, नगर मीडिया प्रभारी कृष्णा शुक्ला सहित कार्यकर्ता अरुणेंद्र शुक्ला और मीत शुक्ला मौजूद रहे। एबीवीपी पदाधिकारियों ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवाओं को सेवा, राष्ट्र निर्माण और मानव कल्याण के लिए प्रेरित करते हैं। इसी भावना के साथ परिषद द्वारा सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में सकारात्मक माहौल रहा।

## क्वार्टर फाइनल में जरहां ने बरहपान को हराकर दर्ज की जीत



बीजपुर (सोनभद्र) क्षेत्र के जरहा गांव स्थिति आजीरेश्वर धाम में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी है। प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच में मेजबान जरहा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बरहपान को करारी शिकस्त दी। जरहा और बरह पान के बीच खेले गए इस 8-8 ओवर के रोमांचक मुकाबले में बरह पान की टीम ने पहले बल्लेबाजी की। टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 47 रन बनाए और विपक्षी टीम के सामने 48 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जरहा की टीम ने आक्रामक शुरूआत की। टीम ने महज 6 ओवर में ही सिर्फ 1 विकेट खोकर 48 रन बना लिए और मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही जरहा ने अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली है। मैच के दौरान अंपायर की भूमिका रमेश गुप्ता और नवाब हुसैन ने बखूबी निभाई जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी शिव जायसवाल और मुकेश ने संभाली। इस आयोजन को सफल बनाने में कक्कू जायसवाल, सोनू मोदनवाल, अमित, रंजीत, सूरज दुबे, शैलेंद्र सिंह सहित अन्य स्थानीय युवाओं का विशेष सहयोग रहा। मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# ओवरटेक की कोशिश में भिड़ीं गन्ना लदीं दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, चालक की मौत



धौरहरा खीरी। धौरहराझढखेरवा मार्ग पर महादेव क्रेशर के पास सोमवार को ओवरटेक की कोशिश में गन्ना लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आपस में भिड़ गईं। हादसे में एक ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। दुर्घटना के बाद सड़क पर गन्ना फैल जाने से काफी देर तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। हादसे में घायल चालक की पहचान धौरहरा के मोहल्ला इज्जतनगर निवासी 35 वर्षीय अफजाल के रूप में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे तत्काल सीएचसी रमियाबेहड़ भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ ले जाते समय हरगांव के पास अफजाल ने दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां ओवरटेक करने के प्रयास में संतुलन खो बैठीं और आमने-सामने से टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रॉलियों में भरा गन्ना सड़क पर बिखर गया, जिससे मार्ग पर लंबा जाम लग गया। सूचना पाकर एसआई अरुण तिवारी, कफारा चौकी इंचार्ज पुष्कर वर्मा और एसआई मोहन सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर और सड़क से गन्ना साफ कराकर आवागमन बहाल कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## रोटरी क्लब गोला मुस्कान का प्रथम पदग्रहण व चार्टर समारोह संपन्न




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री गुरु नानक कन्या महाविद्यालय में रोटरी क्लब गोला मुस्कान का प्रथम पदग्रहण एवं चार्टर समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी से पधारे रोटरी गवर्नर रो. दिनेश गर्ग रहे। समारोह में रोटरी गवर्नर ने क्लब के संस्थापक अध्यक्ष रो. अरविंद गुप्त रामजी एवं सचिव रो. अनुराधा पुरवार को संयुक्त रूप से चार्टर प्रदान किया। इस अवसर पर रो. दिनेश गर्ग ने कहा कि रोटरी का सेवा क्षेत्र असीमित है और रोटेरियन अपनी सकारात्मक सोच व प्रतिबद्धता के साथ समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि रोटरी क्लब गोला मुस्कान आने वाले समय में गोला क्षेत्र में समाज सेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। बताया गया कि रोटरी क्लब गोला मुस्कान को रोटरी क्लब लखीमपुर की स्पॉन्सरशिप प्राप्त है। समारोह में पूर्व गवर्नर रो. अजय आगा, असिस्टेंट गवर्नर रो. शैलेंद्र सिंह तथा रोटरी क्लब लखीमपुर की अध्यक्ष रो. प्रीति सिंह ने क्लब को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान गोला मुस्कान क्लब के सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र एवं किट प्रदान की गई। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, समाजसेवियों एवं रोटेरियन्स की सहभागिता रही। विशेष रूप से डॉ. रविंद्रनाथ, हरजिंद्र सिंह, अजय राठी, श्यामू सक्सेना, कवि श्रीकांत तिवारी, खेम अग्रवाल, ब्रजेश राठी, डॉ. प्रसून पुरवार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा लखीमपुर महिला क्लब की अध्यक्ष रो. पूनम आगा, सचिव रो. चारु सिन्हा, मैलानी क्लब से द्वारिका प्रसाद अग्रवाल व सतीश अग्रवाल, रोटरी सेंट्रल से पंकज पुरवार, आदर्श सोनी व उमेश जायसवाल भी समारोह में मौजूद रहे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब गोला मुस्कान की महिला सदस्याओं एवं रोटरेक्ट क्लब के युवा सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन रो. सरदार करम सिंह ने किया।

# स्वामी विवेकानंद का चिंतन आज भी युवाओं के लिए पथ प्रदर्शक : प्राचार्य



लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बीज वक्तव्य के साथ हुई, जिसे डॉ. सौरभ वर्मा ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात ' ए आई फॉर ऑलश्' विषय पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अजय वर्मा एवं धर्म नारायण ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की वर्तमान उपयोगिता, भविष्य की संभावनाओं तथा युवाओं के लिए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत स्वामी विवेकानंद जी के जीवन-दर्शन पर डॉ. सुभाष चंद्रा ने संक्षिप्त किंतु प्रेरक वक्तव्य दिया, जिसमें उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के विशेष सत्र में वनस्पति विज्ञान विभाग के शिक्षक सतेन्द्र पाल सिंह ने रेड रिबन क्लब की ओर से विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स विषय पर जागरूक किया। उन्होंने इस रोग से संबंधित भ्रांतियों, संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों तथा सामाजिक संवेदनशीलता की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का चिंतन आज भी युवाओं के लिए पथ प्रदर्शक है तथा एआई जैसे आधुनिक विषयों के साथ सामाजिक जागरूकता को जोड़ना समय की मांग है। उन्होंने सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं समन्वयन डॉ. सौरभवर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एन.एस.एस., रोवर्स-रेंजर्स, एन.सी.सी. वॉलंटियर्स व बी.एड. प्रशिक्षुओं सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## गन्ने से भरा ओवर हाइट ट्रक पलटा, बाल बाल बचे लोग



मोहम्मदी खीरी। बरबर क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर कुंभी चीनी मिल के केंद्र से ओवरलोड गन्ना भरकर मिल ले जाते समय सड़क पर भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में अचानक भर भरा कर गन्ना गिर गया जबकि ट्रक पलटने से बाल बाल बच गया जिससे यातायात बाधित हो गया मिल प्रशासन के अधिकारियों के पहुंचने के बाद यातायात बहाल हो सका है। इस घटना ने प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे आवर हाइट और ओवरलोड के खिलाफ अभियान की हवा निकाल दी है। घटना के समय सड़क खाली होने से बड़ा हादसा टल गया है।

## आग की सूचना पर मदद के लिए उठे हाथ

जंगबहादुरगंज खीरी। ग्राम पंचायत सेमराजानीपुर के दिलावर नगर गांव में कल अचानक लाइट के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई थी जिससे दो झोपड़ी जलकर खाक हो गई थी। इस घटना से परिवार के पास कुछ भी उनका नहीं बचा था। घटना की सूचना मिलने पर शाम को अनुज सिंह बरवर मंडल अध्यक्ष गृहस्थी का सामान लेकर सहयोग करने के लिए पहुंचे जिसमें गर्म कपड़े चादर गद्दा धोती साड़ी स्वेटर आदि जरूरी सामान देकर सहयोग किया। उन्होंने कहा कि पूरा सहयोग संगठन और सरकार के द्वारा प्रशासन से दिलाया जाएगा। राहत सामग्री पाकर परिवार ने सुखद महसूस किया है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद के विचारों की गूंज



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर के शिक्षण संस्थानों में युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती श्रद्धा और प्रेरणा के साथ मनाई गई। विभिन्न कार्यक्रमों में उनके विचारों, दर्शन और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई।

सी.जी.एन. पी.जी. कॉलेज के नेहरू पार्क में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और छात्र-छात्राओं को जीवन की चुनौतियों का साहस व आत्मविश्वास से सामना करने का संदेश दिया। हिंदी विभाग प्रभारी डॉ. प्रशांत सिंह ने तैत्तरीय उपनिषद के श्लोक के माध्यम से ह्ययुवाह्न की परिभाषा प्रस्तुत करते हुए आशावाद, दृढ़ निश्चय और शारीरिक बल को आवश्यक बताया। राजनीति विज्ञान प्रभारी डॉ. विवेक कुमार सिंह ने ज्ञानयोग पर विचार रखे, जबकि सुनील गुप्ता ने शिकागो धर्म सम्मेलन के प्रसंग से विवेकानंद के वैश्विक योगदान को रेखांकित किया। डॉ. राकेश कुमार अग्रहरि ने उनके अध्यात्म दर्शन पर प्रकाश डाला। कृषक समाज इंटर कॉलेज में भी स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने चित्र अनावरण व पुष्पार्चन से किया। उन्होंने कहा कि युवा दिवस का उद्देश्य विवेकानंद के विचारों और मूल्यों को युवाओं तक पहुंचाना है।

प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने कहा कि आत्मबल और अनुशासन से युक्त युवा ही राष्ट्र को आगे बढ़ा सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको मंत्र को आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक बताया। क्रीड़ा एवं स्काउट प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम शिक्षा और रोजगार पर केंद्रित है, जिससे नवाचार और कौशल विकास को बल मिलेगा। आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में भी युवा दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। संरक्षक अरविंद पांडे ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने शिकागो धर्म संसद में विवेकानंद के विचारों को भारत की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बताया। विशिष्ट अतिथि आलोक तिवारी ने कविता के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। तीनों संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर साहित्यकार व पत्रकार सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में आयोजित स्मृति सम्मान समारोह में साहित्य, कविता और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र के साहित्यप्रेमियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। समारोह की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय भाषा संस्थान, सूरत (गुजरात) के अध्यक्ष डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा गुणेश्वर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अपराध अनुसंधान विभाग, लखनऊ के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. अखिलेश निगम (आईपीएस) उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिकू रहे। सम्मान समारोह में सहारनपुर के प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. आर.पी. सारस्वत को विवेक भारती मानद उपाधि से अलंकृत किया गया।

वहीं गोला-झांसी के कवि पवन गुप्त तूफान को विवेक श्री मानद उपाधि प्रदान की गई। लखनऊ की नीता निगम को भावनी निवेदिता सम्मान उनकी अनुपस्थिति में उनके पति को तथा पत्रकार सचिन शर्मा (स्पष्ट आवाज) को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अखिलेश निगम ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी समाज और युवाओं को सही दिशा देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य और पत्रकारिता समाज का आईना होती है और इन क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों का सम्मान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनता है। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा गुणेश्वर ने कहा कि विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में साहित्यकारों और पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नगर की साहित्यिक और सांस्कृतिक पहचान सशक्त होती है। कार्यक्रम में सम्मानित व्यक्तियों के योगदान पर प्रकाश डाला गया और उन्हें स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी, शिक्षाविद, पत्रकार और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि बाला राबडा ने सभी अतिथियों और सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि., सीतापुर**

पत्रांक- 174/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2025-26 दिनांक- 07.01.2026

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में सेतु कार्य हेतु स्तम्भ सं.-08 में वर्णित पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद/ विधान सभा/ खण्ड का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सीतापुर/ महोली नि.खं.-4 | नेरी सिधौली महमूदाबाद मार्ग के कि0मी0-18 कठिना नदी पर निर्मित दीर्घ सेतु के मरम्मत का कार्य। | 67.00 | 5.35 | 2715.00 | 02 माह | 'ए', 'बी', 'सी' (सेतु कार्य में पंजीकृत) |
| 2 | सीतापुर/ हरगॉव नि.खं.-4 | महोली हरगॉव लहरपुर भदफर मार्ग (एस0एच0-140) के कि0मी0-29 में सरायं नदी पर निर्मित दीर्घ सेतु के मरम्मत एवं एप्रोच प्रोटेक्शन का कार्य। | 103.00 | 7.15 | 2715.00 | 05 माह | 'ए', 'बी', (सेतु कार्य में पंजीकृत) |
| 3 | सीतापुर/ हरगॉव नि.खं.-4 | हरगांव दतेली पिपरझला मार्ग के कि.मी.-10 में सरायं नदी पर निर्मित दीर्घ सेतु के मरम्मत एवं एप्रोच प्रोटेक्शन का कार्य। | 105.00 | 7.25 | 2715.00 | 05 माह | 'ए', 'बी', (सेतु कार्य में पंजीकृत) |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.01.2026 से 24.01.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 24.01.2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 24.01.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(इं. राघवेन्द्र सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-4, लो.नि.वि., सीतापुर

(इं0 सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर

UPID-243839 Date: 12.01.26 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## अशोभनीय टिप्पणी करने वाले पर हो कार्रवाई

आजमगढ़। सोशल मीडिया पर सूबे के कैबिनेट मंत्री के विरूद्ध अर्नल व्यक्तिगत टिप्पणी से आहत समर्थकों ने मोर्चा खोल दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह व उपसभापति रजनीश राय के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल एसपी कार्यालय पहुंचा और शिकायती पत्र सौंपते हुए सोशल मीडिया पर अर्नगल लिखने वाले के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने की पुरजोर मांग की। शिकायती पत्र में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह व उपसभापति रजनीश राय ने कहाकि पिछले कई महीनों से निरंतर कुछ लोग सोशल मीडिया पर स्वयं की तथा फर्जी आईडी बनाकर भाजपा नेताओं विशेषकर कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा पर अर्नगल टिप्पणी करते आ रहे है। हमारे नेता पर अशोभनीय टिप्पणी से हम सभी आहत और स्तब्ध है जिससे भाजपा सहित समर्थकों में रोष व्याप्त है। प्रतिनिधिमंडल ने एके शर्मा पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले यूजर और उसे प्रोत्साहित करने वाले के विरूद्ध साइबर कानून और बीएनएस के कानूनी प्राविधानों के तहत जांच कराकर सख्त कार्यवाही करने की मांग किया। प्रतिनिधिमंडल में अवनीश मिश्रा, विवेक सिंह, अश्वनी मिश्रा, शौर्य सिंह कौशिक, सौरभ चौहान, सौरभ राय, पंकज सिंह, बाढू सोनकर, लालविजय सिंह, दीपक राय शामिल रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना रविवार रात करीब दस बजे उमरपुर गांव शिवगुलामगंज रेलवे लाइन फाटक के पास हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान चकमुरली उतरीजपुर गांव निवासी 28 वर्षीय शिवकुमार उर्फ पिंटू यादव पुत्र रामफेर यादव के रूप में हुई है। उनका शव रेलवे ट्रैक पर मिला। परिजनों ने बताया कि उनकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही हो गई थी।घटना की सूचना मिलते ही परिजन शिवगुलामगंज रेलवे लाइन फाटक घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने घर ले आए। बाद में रेलवे फाटक के गेटमैन ने घटना की जानकारी रेलवे पुलिस को दी। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, शिवकुमार उर्फ पिंटू यादव की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। रविवार शाम को वह बाजार जाने के लिए घर से निकले थे।

## दुर्घटना वाले टेलर को पुलिस ने चालक सहित पकड़ा

जौनपुर।जलालपुर क्षेत्र के रेहटी गेट के पास तीन जनवरी की सड़क घटना वाले टेलर को पुलिस ने सोमवार को चालक सहित पकड़ लिया।चालक से घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है।ज्ञात हो तीन जनवरी वाराणसी के कपसेठी थाना क्षेत्र रघुनाथपुर गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र स्वर्गीय सुक्खन राम घर से जौनपुर की तरफ जा रहे थे।ऊक्त गेट के सामने खड़े टेलर से पीछे से आकर टकरा गए।जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी थी।घटना के बाद टेलर चालक टेलर लेकर फरार हो गया था।पुलिस ने सीसी कैमरे के फुटेज से टेलर का नम्बर निकाला।उसके बाद पुलिस की टीम ऊक्त टेलर की तलाश में थी।सोमवार को हौज टोलप्लाजा के पास एसआई विजय कुमार व गोविंद शाह की टीम ने टेलर को चालक सहित पकड़ लिया।थानाप्रभारी गजानन्द चैबे ने बताया कि घटना के बाद से ही टीम बनाकर टेलर की तलाश की जा रही थी।चालक को पकड़ कर उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## पीएम सूर्य घर योजना को लेकर बैठक

जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड पर पीएम सूर्य घर योजना को लेकर बीडीओ नीरज जायसवाल ने कर्मचारियों की एक अहम बैठक लिया।उसमें उन्हें योजना को लेकर जानकारी दी गयी। बैठक में विकास खण्ड के सफाईकर्मियों व अध्यापकों को भी बुलवाया गया।बैठक में श्री जायसवाल ने शासन की इस महत्वकांक्षी योजना की विस्तृत जानकारी दिया।उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत लगाए जाने वाले शौर्य ऊर्जा पर मिंलने वाली छूट तथा उसके फायदे को भी बताया। उन्होंने मौजूद कर्मचारियों से कहा वे भी इस योजना का लाभ उठायें।अपने घरों में जिसके नाम से बिजली का कनेक्शन हो उसके नाम से इस योजना का लाभ उठाएं।

# श्रम योजना व कानून की दी जानकारी



प्रयागराज। माकू यूनियन (मिजार्पुर असंगठित कामगार यूनियन) के बैनर तले असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की बैठक प्रयागराज जिले के जिले के माण्डा खास स्थित मां माण्डवी देवी मंदिर परिसर में यूनियन महामंत्री मंगल तिवारी के नेतृत्व में हुई।

वहीं उपस्थित कामगारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रम संहिता अधिनियम 2025 केंद्र सरकार ने लागू कर दी है जल्द ही प्रदेश में लागू होते ही श्रमिक साथियों को इसका लाभ मिलेगा। कहा सभी श्रमिकों को सरकार द्वारा लागू श्रम नियमावली के तहत दैनिक मजदूरी, वेतन व अन्य सुविधाओं में बोनस, छुट्टी और ओवरटाइम ड्यूटी से छुटकारा मिलेगा, यदि ओवर टाइम आवश्यक हुई तो उसका अलग से पारिश्रमिक मिलेगा। कोई भी मालिकान अब किसी को बिना नोटिस निकाल नही सकता, और अब हर कर्मचारी को नियुक्ति पत्र मिलेगी। सरकार श्रम हित में बेहतर कार्य कर रही है जल्द ही नये श्रम एक्ट का लाभ मिलेगा यह व्यवस्था पूरे देश में लागू है जिसमें हमारा उत्तर प्रदेश भी शामिल है।महामंत्री ने पूरे प्रदेश के निर्माण श्रमिकों से अनुरोध किया है कि सभी पात्र श्रमिक सर्वप्रथम अपना श्रम पंजीयन कराएं और जिनका हो गया है वह समय पर अंशदान अवश्य जमा करें जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।अटल आवासीय विद्यालय के बारे में भी जानकारी दी। गौर तलब हो कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों की मांग पर यह बैठक आहूत की गई थी जिसमें माकू यूनियन के बैनर तले सरकार द्वारा निर्धारित मिनिमम वेज के मुद्दे के अलावा समय पर वेतन, बोनस व सामाजिक सुरक्षा गारंटी के तहत आवश्यक सुविधाओं की मांग रखी गई थी। इस अवसर पर महामंत्री मंगल तिवारी के साथ यूनियन समर्थक कन्हैयालाल मिश्र अरविंद कुमार दुबे के अलावा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों में अजय कुमार सिंह, बिंदेश्वरी प्रसाद, विद्यासागर शुक्ला, विद्याकांत दुबे, भुनेश्वर प्रसाद दुबे, महेंद्र कुमार यादव शिव कैलाश, दिनेश कुमार, विकास यादव, रामसागर यादव, रामबली, सुशील शुक्ला, अरविंद कुमार यादव, अजय कुमार, राजेंद्र कुमार सिंह, कमलेश कुमार, अजीत कुमार यादव, लक्ष्मण दास,अशोक कुमार, अनिल कुमार, प्रवीण कुमार,मनोज कुमार, राम इकबाल, कमलेश यादव, आदि रहे।

## 4 मेडल जीत कर लौटी टीम का गर्मजोशी से हुआ स्वागत



मीरजापुर। 34 वीं नेशनल सब जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर बेंच प्रेस पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन हरियाणा के फरीदाबाद के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 7 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित किया गया। जिसमें मिजार्पुर की टीम ने कोच कमलापति त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में कुल 4 मेडल जीत कर अपना दबदबा कायम रक्खा।जिसमें ज्योति यादव ने सब जूनियर 47 केजी भार वर्ग में 47.5 केजी भार उठाकर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया।

ओपन 52 केजी भार वर्ग में रेणुका गौतम ने 60 केजी उठाकर ब्रॉन्ज मेडल एवं 63 किलो भार वर्ग में ज्योति सिंह ने दो सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। जूनियर 83 केजी भार वर्ग में दीनबंधु ने 150 केजी भार उठाकर पांचवी स्थान पर रहे। खिलाड़ियों के जनपद आगमन पर रेलवे स्टेशन पर फूलमाला एवं ढोल बाजे के साथ खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया।कोच कमलापति त्रिपाठी एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निधि सिंह पटेल द्वारा मेडल बनाकर खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। जुलूस के साथी खिलाड़ियों को उनके घर तक ले जाया गया।जहां रास्ते में दीनबंधु के माता-पिता द्वारा चौसा में गोविंद प्रसाद मौर्य एवं धर्मपत्नी जगवंती देवी द्वारा खिलाड़ियों का तिलक एवं आरती करके स्वागत किया गया।उसके बाद जसोवर गांव में वहां ज्योती यादव के घर ग्राम प्रधान लालजी द्वारा एवं एलआईसी के राजकुमार यादव, आनंद यादव एवं राम प्रसाद यादव जी द्वारा सभी खिलाड़ियों को माला पहनकर मिठाई खिलाकर खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। रेलवे स्टेशन पर स्वागत करने वालों में अध्यक्ष डॉ प्रेम शंकर सिंह, समाजसेविका मधु सैलानी, संतोष यादव सुरेश चंद्र यादव, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वीरेंद्र सिंह मरकाम, शिवांश सिंह सुजीत यादव दीपक मालवीय, शेर बहादुर सिंह आदि लोगों द्वारा खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया।

## सोशल मीडिया पर ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

आजमगढ़।जनपद के थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर रिश्तेदार व परिचित बनकर इमरजेंसी का झांसा देकर ठगी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 03 एंड्रॉइड मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।आपको बता दे की 11 जनवरी को बिहार के पटना जनपद निवासी मो. इसतिखार द्वारा पोर्टल पर साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत की जांच के दौरान संदिग्ध मोबाइल नंबरों के आधार पर थाना साइबर क्राइम में मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में साइबर थाना टीम ने तकनीकी विश्लेषण व मोबाइल लोकेशन के आधार पर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्तों का भाई व मामा बाहर रहकर फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाते थे और खुद को रिश्तेदार या परिचित बताकर लोगों से इमरजेंसी के नाम पर रुपये मंगवाते थे। ठगी की रकम फोन-पे, पेटीएम व गूगल-पे के माध्यम से अभियुक्तों के बैंक खातों में ट्रांसफर कराई जाती थी, जिसे बाद में एटीएम से निकालकर आपस में बांट लिया जाता था।इस पूरे मामले में एसपी ग्रामीण का कहना है। कि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है और साइबर ठगी के नेटवर्क की गहन जांच जारी है।

## स्थापना दिवस पर बच्चों को सम्मानित किया

जौनपुर। अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट परिवार द्वारा स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन नगर के एक होटल में दीप प्रज्वलित कर किया गया, अतिथि के रूप में ओलम्पियन अर्जुन अवार्डी हॉकी के पूर्व खिलाडी अशोक ध्यानचंद, विशिष्ट अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत कुमार सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, और भाजपा जिला अध्यक्ष अजित प्रजापति, रहे । जिले के हॉकी खिलाडी बच्चे , महिला सुरक्षा सम्मान, शिक्षक सम्मान, चिकित्सा सम्मान, सामाजिक संस्था सम्मान, ट्रस्ट परिवार सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि ने कहा कि इस ट्रस्ट के माध्यम से दूसरी बार जौनपुर में आने को मिला, जिस तरह से संस्था समाज में जुड के कार्य कर रहीं हैं यह एक मिशाल ही है,प्रशांत सिंह ने कहा कि आज समाज के हर वर्ग से जुडकर कार्य कर रही है,चाहे शिक्षक, चिकित्सक, समाजसेवी संस्था के साथ किन्नर समाज को भी मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है बहुत ही सराहनीय कार्य है, ।कार्यक्रम में डॉ पी के सिंह, डॉ तेज सिंह, डॉ विजय कुमार सिंह, शशिकांत सिंह,अखिलेशवर शुक्ला, डॉ अरुण त्रिपाठी, जितेन्द्र यादव, राधिका सिंह, नागेंद्र सिंह, कंचन सिंह, कनक सिंह, दीपक श्रीवास्तव, नीलम मिश्रा रेनू अग्रहरी, दीपक सिंह मंटो, आदि उपस्थित रहे।संचालन दीपक सिंह चंदेल ने किया।



## समाजसेवा में प्रयास का हर प्रयास सराहनीयः आरपी राय



- प्रयास ने 9वें स्थापना दिवस को युवा दिवस एवं प्रयास स्थापना के रूप में मनाया चित्रकूट के समाजसेवी इमरान हुसैन उर्फ जुगनू समेत कईयों का हुआ सम्मान

आजमगढ़। प्रयास सामाजिक संगठन ने अपने 9वें स्थापना दिवस को युवा दिवस एवं प्रयास स्थापना के रूप में शहर के हरवंशपुर स्थित सिहांसिनी वाटिका के सभागार में मनाया।

कार्यक्रम का आगाज स्वामी विवेकानन्द के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि आर.पी. राय, बालेश्वर सिंह, प्रवीण सिंह, एसएन सिंह द्वारा संयुक्त रूप से माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलित से हुआ।इसके बाद विशेष क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे चित्रकूट के समाजसेवी इमरान हुसैन उर्फ जुगनू को उत्कृष्ट सेवा सम्मान तो रामजतन यादव, सावित्री पासवान को सराहनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया वहीं उत्कृष्ट छायांकन के लिए श्रुति दत्ता को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि आरपी राय ने कहाकि युवा दिवस पर युवा अपने जीवन का एक लक्ष्य बनाकर उसके लिए आगे बढ़े।समाजसेवा के क्षेत्र में प्रयास का हर प्रयास सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि बालेश्वर सिंह ने कहाकि प्रत्येक युवाओं को स्वामी विवेकानंद को आत्मसात करना चाहिए। अध्यक्षीय सम्बोधन में राणा बलवीर सिंह ने कहाकि अनाज बैंक, नेकी का बाक्स, पशुओं की सेवा, कोरोना काल में भोजन की व्यवस्था आदि जैसे सैकड़ों कार्य प्रयास की सार्थकर्ता और नेकी की मिसाल है। आंगतुकों के प्रति आभार जताते हुए प्रयास केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह ने चंद साथियों के साथ शुरू हुआ प्रयास सामाजिक संगठन आज कई प्रदेश के बहुत से शहरों में हजारों असहायों की मदद का सार्थक प्रयास कर रहा है। अंत में जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण किया।संचालन कवि आदित्य आजमी, ओम नरायन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डीएन सिंह, सचिव इंजी सुनील यादव, इमरान खां, शिवप्रसाद पाठक, रामकेश यादव, धर्मेन्द्र सैनी, धनश्याम मौर्य, शम्भु दयाल सोनकर, अमित कुमार सहित सभी सदस्य, पदाधिकारी व सरंक्षणगण मौजूद रहे।

## एक चिराग ही है अंधेरे से हमें बचाने को....

आजमगढ़। आजमगढ़ कलाकार एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर नेहरू हाल के सभागार में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन किया गया।

धार्मिक कवि पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन, साहित्यकार संजय कुमार पांडेय सरस, गायक कलाकार राजेश रंजन, अभिषेक उपाध्याय, सौरभ उपाध्याय, शिवम तिवारी, ने दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।प्रारंभ में गायक कलाकार तुषार सिंह ने गणेश वंदना की, तदुपरांत राकेश विश्वकर्मा, बाबू लाल गुप्ता, दुर्गेश सिंह, किरन तिवारी नैना, शाह आलम सांवरिया, संतोष सिंह पुष्कर, अनुपम राय गुड्डू, केपी सांवला, वीरेन्द्र गुप्ता, सोनू यादव आदि एक से बढ़कर एक गीत गाया और कार्यक्रम में शमां बांधकर लोगों को झूमने के लिए विवश कर दिया।

पूर्व मंत्री सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव एवं गोल्डेन फार्चून के मैनेजिंग डायरेक्टर संतोष यादव ने साहित्यकारों व कलाकारों को अंगवस्त्रम, मोमेंटो देकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र राष्ट्रीय कवि सम्मेलनव मुशायरा वरिष्ठ साहित्यकार प्रभुनारायण पांडेय प्रेमी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुम्बई से पधारे मशहूर शायर अल्ताफ जिया ने गजल एक चिराग ही है अंधेरे से हमें बचाने को। सरे शाम आ जाता है खुद को जलाने को।प्रस्तुत किया तो श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।इसी क्रम में लोगों की मांग पर सारी दुनिया के नाम कर दूंगा। तुम अगर बेवफाई कर बैठी तैरा जीना हराम कर दूंगा। सुनकर श्रोताओं को श्रृंगार रस में डूबो दिया।मशहूर शायरा चांदनी शबनम ने तन्हाई में मिलना तुम एक काम जरूरी है।राधा के लिए जैसे श्याम जरूरी है। सुनाकर कवि सम्मेलन व मुशायरा को उंचाई प्रदान की। मलकेश तरन्नुम ताज आजमी, राजकुमार आशीर्वाद, सहित काफी संख्या में शायर व कवियों ने अपनी प्रस्तुति से देररात तक दर्शकों को बांधे रखा। सम्मेलन का सफल संचालन करते हुए संजय कुमार पांडेय सरस ने अपने शेरों शायरी के माध्यम से माहौल को खुशनुमा बना दिया। ऐसासिएशन के संरक्षक तौहीद इंडेन गैस एजेंसी बनकट के संचालक तौहीद ने आभार प्रदर्शन किया एंव अध्यक्ष राजेश रंजन ने अतिथियों का स्वागत किया।

## युवाओं के आदर्श है विवेकानन्दः राकेश श्रीवास्तव

जौनपुर। कलकत्ता में जन्मे विवेकानंद जी राम कृष्ण परम हंस को अपना गुरु मानते थे, हिंदुत्व की जों व्याख्या विवेकानंद ने शिकागो में कर सनातन धर्म का परचम लहराया वह पूरी दुनिया में प्रासंगिक है, युवाओं को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उपरोक्त बाते कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर द्वारा स्वामी विवेकानंद पार्क ख्वाजदोस्त सिपाह में स्वामी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद उपस्थिति स्वातीय बंधुओ को संबोधित करतें हुए कही। ।युवा अध्यक्ष अमित भारत ने विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए, स्वामी से जुडे कई प्रसंग बताए साथ ही युवाओं को महासभा से जुडने का आह्वान किया।संचालन महासचिव संजय अस्थाना ने किया । इस अवसर पर श्याम रतन श्रीवास्तव, दया शंकर निगम, शशि श्रीवास्तव गुड्डू, राजेश श्रीवास्तव, डॉ अशोक अस्थाना, आशीष श्रीवास्तव, ब्रह्म कुमार निगम, मोहित नारायण श्रीवास्तव, अर्जुन आदि उपस्थित रहे

## दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

सोनभद्र। करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीशः विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी द्वारिका धांगर को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 40 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 30 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक म्योरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 26 जुलाई 2019 को म्योरपुर थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर द्वारिका धरिकार पुत्र श्री राम धरिकार निवासी खैराही, थाना म्योरपुर, जिला सोनभद्र 16 जुलाई 2019 को रात्रि 8 बजे कहीं भगा ले गया। इस तहरीर पर म्योरपुर पुलिस ने 26 जुलाई 2019 को अपहरण की एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान दुष्कर्म की धारा की बढोत्तरी हुई।पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने द्वारिका धरिकार के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी द्वारिका धरिकार (30) वर्ष को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 40 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 30 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## रसोईयों ने बकाये मानदेय भुगतान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



दुद्धी, सोनभद्र। ब्लॉक क्षेत्र की रसोईयाँ संघ ने सोमवार को बकाए मानदेय की भुगतान को लेकर एसडीएम निखिल यादव को ज्ञापन सौपकर मानदेय भुगतान की मांग की हैं।रसोईयाँ संघ की प्रदेश उपाध्याय उषा साहू ने बताया कि रसोईयों का 3 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा हैं, जिससे रसोईयाँ भुखमरी के कगार पर आ गई हैं।उन्होंने एसडीएम से मांग किया हैं कि बकाए मानदेय का भुगतान जल्द कराया जाय ताकि रसोईयाँ अपनी आजीविका सामान्य तरीके से चला सके। इस दौरान भगवन्ति, राजकुमारी,बुधनी, फूलवंती,मालती और कलावती सहित अन्य रसोईयाँ मौजूद रहीं।इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमशंकर राम ने बताया कि अक्टूबर तक का मानदेय भुगतान कर दिया गया हैं जबकि नवम्बर और दिसम्बर माह का मानदेय भुगतान प्रोसेस में हैं, जल्द सभी के खातों में मानदेय चला जायेगा।

## विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत

जौनपुर।राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षा भवन में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद को युवाओं के लिए पथप्रदर्शक बताते हुए कहा कि आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा ही सच्ची शिक्षा का लक्ष्य है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे विवेकानंद के विचारों को जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि शिखा श्रीवास्तव ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आज का युवा सकारात्मक सोच, अनुशासन और कर्मठता को अपनाए, तो वह समाज और देश को नई दिशा दे सकता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के अमर संदेश ह्लउठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मतह्न को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया।कार्यक्रम की शुरूआत में शिक्षक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु सिन्हा ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा सभी आगंतुक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के वैश्विक परिवेश में व्याप्त अशांति और संघर्ष के समाधान के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। डॉ. प्रशांत कुमार पाण्डेय ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का सच्चा रोल मॉडल बताते हुए कहा कि उनके आदर्शों का अनुसरण कर युवा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रोफेसर रीता सिंह ने कहा कि विवेकानंद ने शिक्षा को भारतीय चिंतन से जोड़ते हुए उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया। प्रोफेसर श्रद्धा सिंह, डॉ. गीता सिंह, डॉ. सुलेखा सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और स्वामी विवेकानंद के शैक्षिक, दार्शनिक एवं राष्ट्रीय दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। डॉ संतोष सिंह, डॉक्टर डी0के सिंह, डॉक्टर अंजू श्रीवास्तव, डॉ0 निधि सिंह एवं चंद्र प्रकाश गिरी उपस्थित रहे।




## शहर में महाराजा अग्रसेन की मूर्ति स्थापना व चौराहा नामकरण के लिए सौंपा पत्रक

मीरजापुर। हलिया कस्बा दुर्गा बाजार निवासी अखिल भारतीय अग्रहरी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष शिवा अग्रहरी ने सोमवार को कैबिनेट मंत्री औद्योगिक विकास नंद गोपाल नंदी को पत्र देकर मिजार्पुर शहर में अग्रहरी समाज के आदर्श और लोक हित के प्रति समर्पित और उनके सिद्धांतो पर आधारित समाज निर्माण के लिए प्रयासरत महाराजा अग्रसेन की मूर्ति स्थापना एवं चौराहा नामकरण की मांग किया



है अखिल भारतीय अग्रहरी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष शिवा अग्रहरी ने बताया की मिजार्पुर शहर में महाराजा अग्रसेन की मूर्ति स्थापना व चौराहा के नामकरण कराने के लिए जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी को पत्रक देकर मांग किया गया है।

## खेल महाकुंभ राष्ट्रीय युवा दिवस के नाम रहा समर्पित




जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। सदर विधायक सोनभद्र द्वारा आयोजित विधायक खेल महाकुंभ सोमवार राष्ट्रीय युवा दिवस के नाम समर्पित रहा। हाइडिल मैदान पर राष्ट्रीय खेल हॉकी का मैच खेला गया जिसमें सभी खिलाड़ियों ने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए जी जान लगाया आज का मैच विधायक एकादश व के बीच खेला गया खेला गया इसमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी भाग लिए विधायक खेल महाकुंभ का आयोजन प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में फिट इंडिया के तहत कराया जा रहा है जिसमें प्राचीन भारतीय खेलो के साथ आधुनिक खेलों को भी शामिल किया गया है आज पुलिस अधीक्षक समेत तमाम गणमान्य रहे मौजूद।

प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी की प्रेरणा से और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सदर विधायक भूपेश चौबे के द्वारा आयोजित विधायक खेल महाकुंभ के 19 वें दिन,स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कई खेलों का आयोजन किया गया0। पहला आयोजन में डी ए वी एम वी एम सत्यज्योति, व जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय ,के बच्चे एवं बच्चियों के द्वारा योग की प्रतियोगिता हुई इसके उपरांत हॉकी के खेल का आयोजन विधायक एकादश और लकी 11,के बीच खेला गया जिसमें विधायक एकादश की टीम हॉकी के खेल में 5 4 के अंतर से विजई रही। तीसरा खेल फुटबॉल का आयोजित हुआ। यह तियरा स्टेडियम और केकराही के बीच खेला गया जिसमें तियरा स्टेडियम की टीम 31 से विजई रही। आज के खेल में मुख्य रूप से, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा, सदर विधायक श भूपेश चौबे पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश मिश्रा , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र जायसवाल , पिपरी नगर पंचायत के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देवेश मिश्रा के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे । खेल का शुभारंभ होने से पूर्व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर समस्त गणमान्य लोगों के द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सदर विधायक पुलिस अधीक्षक भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश मिश्रा द्वारा स्वामी विवेकानंद के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। कल 13.01.2026 को सुबह 10 बजे डॉ.एचपी सिंह और शाहगंज के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा।

## भिखारी बाबा करायेंगे विराट रूद्र महायज्ञ

सोनभद्र। अब विजयगढ़ क्षेत्र स्थित झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में भिखारी बाबा नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ कराएंगे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित हो गया है।14 जनवरी को कलश यात्रा निकलेगी और कलश स्थापना के साथ ही रूद्र महायज्ञ शुरू हो जाएगी। प्रतिदिन रामकथा, रात्रि में रासलीला के साथ ही विशाल भंडारा भी चलेगा।22 जनवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी।भिक्षुक भिखारी बाबा उर्फ जंगली दास उर्फ दीनबंधु उर्फ रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि नक्सल प्रभावित आदिवासी क्षेत्र विजयगढ़ स्थित ग्रामसभा केवटम के झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ 14 जनवरी को कलश यात्रा के बाद कलश स्थापना के साथ शुरू होगी और 22 जनवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। प्रतिदिन रामकथा होगी, रात्रि में वृंदावन से आयी रासलीला मंडली के जरिए रासलीला होगी तथा रोज विशाल भंडारा भी चलेगा। भिखारी बाबा ने बताया कि झरियवां धाम महादेव मंदिर परिसर में पहली बार विराट रूद्र महायज्ञ होने जा रही है। आचार्य राधेकृष्ण तिवारी के जरिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित हो गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजयगढ़ राजा चंद्र विक्रम पदम शरण शाह हैं। विशिष्ट अतिथि एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह व राज्य मंत्री संजीव कुमार गोड़ रहेंगे।

संरक्षक घोरावल विधायक डॉक्टर अनिल कुमार मौर्य, छात्रशक्ति रसड़ा बलिया विधायक उमाशंकर सिंह व सपा जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र बहादुर सिंह, राजेश कुमार पाठक, हरीश अग्रवाल, भरत सिंह, अजय सिंह, बिरजू दास, दाऊ दयाल, कार्यक्रम अध्यक्ष भोला सिंह, मुख्य यजमान दिनेश सिंह मौर्य, आनंद सिंह, मनोज केशरी, शिवशक्ति महिला मंडल संरक्षिका सुशीला पाठक, चिंता मौर्य, किरन मोदनवाल, समाजसेवी सालिक राम साहू, रेवती रमण तिवारी,श्री राम, संदीप कुमार,बाबूलाल, पन्नालाल पासवान, बलिराम, रामसूरत आदि का विशेष योगदान है। भिखारी बाबा ने बताया कि झरियवां धाम में गुफा के अंदर महादेव विराजमान हैं। यहां जो भी भक्त आता है उसकी मुराद जरूर पूरी होती है। यहां पर मेला भी लगती है। यहां पर पहाड़ी में निर्मल जल बारहों महीने बहता रहता है। जिसका उपयोग आदिवासी लोगों के पीने,नहाने,पशुओं के लिए उपयोगी है। मान्यता यह भी है कि इस जल से स्नान करने पर चर्म रोग से निजात मिल जाती है। भिखारी बाबा ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से झरियवां धाम का सुंदरीकरण कराने के साथ ही मंदिर का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## 15 से नेमना में प्रीमियर कबड्डी लीग

बीजपुर(सोनभद्र)।जिले के खेल प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है।बीजपुर क्षेत्र के नेमना स्थित चेतना विद्यालय के खेल मैदान पर श्उड़ान प्रीमियर कबड्डी लीग के द्वितीय सत्र का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस खेल महाकुंभ की शुरूआत 15 जनवरी से होगी। चेतना स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई नामचीन कबड्डी टीमों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। आयोजक समिति ने बताया कि यह लीग का दूसरा साल है और इसे पिछले वर्ष से भी अधिक भव्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।प्रतियोगिता 15 और 16 जनवरी को आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त खेल प्रेमियों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएं।

संक्षेप

## कांग्रेसियो ने केक काटकर मनायी प्रियंका बाड्रा का जन्मदिन

**देवरिया** ।टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव लोकसभा सदस्य श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिवस पर केक काटकर हर्षोल्लास से मनाया गया और लंबी उम्र की कामना की गई।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राधवेंद्र सिंह 'राकेश',रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी,मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी, नागेंद्र शुक्ला,आनन्देव गिरी चुन्नू, ऋषिकेश मिश्रा, वरुण राय, सुनील कुमार तिवारी,भरत मणि त्रिपाठी, अब्दुल जब्बार,हरिहर त्रिपाठी, जयप्रकाश धनगर,शिव शंकर सिंह, रत्नेश मल्ल पिंटू, मिर्जा खुर्शीद, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय,मनोज मणि,रामप्रवेश सिंह,आलोक त्रिपाठी राजन, शहनाज जफर, आनन्द श्रीवास्तव सोनू,सत्य प्रताप अंशु,सुभाष राय, जवाहरलाल बरनवाल,रीता देवी, बद्री दुबे,निर्मला वर्मा, समीर पाण्डेय,चंद्रभान गुप्ता, विनोद त्रिपाठी, राजकुमार यादव,अभय प्रताप शुक्ला,बृजेश सिंह राजा, रविन्द्र मल्ल,रमाशंकर यादव फिरोज अहमद खान, महेंद्र यादव, डॉ. सीपी चौहान सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।गाजीपुर ने पटना को शिकस्त देकर जीता खिताब

## पेंशनर्स कल्याण संस्था की मासिक बैठक संपन्न

**देवरिया**। उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की मासिक बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अध्यक्ष श्रीराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंत्री लालसा यादव ने पिछली कार्यवाही पढ़ी और सदस्यों ने अनुमोदित किया।

अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा कि पेंशनर्स को मिली सुविधाएं संगठनों के संघर्ष का परिणाम हैं। उन्होंने शिक्षक-कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा और लंबित प्रकरणों के निस्तारण पर जोर दिया। मंत्री लालसा यादव ने पेंशन पुनरीक्षण सहित अन्य लंबित समस्याओं पर प्रकाश डाला।

# मानवता और हिंदुत्व का सार है विवेकानंद का जीवनः डॉ दिनेश

जिला संवाददाता



**कुशीनगर**।मानवता व हिंदुत्व का सार है विवेकानंद का जीवन, गुरु की शरण में जाकर सब कुछ जाना है। सियाराम जगत, जीवन का सार जानने का मंत्र है।स्वामी जी कहते थे राम को खोजते हो पर राम पर विश्वास नहीं करते।कुशीनगर में विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा ने कही।उन्होंने कहा कि शिकागो के धर्म संसद के बाद हावर्ड के प्रोफेसर ने बुलाया।अमेरिका जाने पर पता चला कि स्वामी जी धर्म संसद अंतिम पंक्ति में पीछे बैठे थे।यह ज्ञान का प्रभाव ही है कि स्वामी जी ने पूरी दुनिया को संदेश दिया।ईश्वर को नहीं देखा लेकिन गुरु को देखा है। सनातन के मजबूत स्तंभ पर खड़ा है। स्वामी जी ने सनातन की अलख जागयी है।उसी अलख को पीएम मोदी व सीएम योगी जला रहे हैं। महर्षियों का योगदान भारत को आगे बढ़ा रहा है। स्वामी विवेकानंद, शिवाजी व महाराणा प्रताप का भारत है। स्वामी जी बोलते थे, जो विश्वास है, वही बनो, उठो जागो, लक्ष्य प्राप्ति में जुट जाओ। पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का जीवन स्वामी विवेकानंद सभी प्रेरित था।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र प्रचारक अनिल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत माता को धर्म भूमि, यक्ष भूमि, मोक्ष भूमि की संज्ञा है। अमेरिका में स्वामी जी का सम्बोधन उनकी तपस्या व साधना की परिणति है। बिना स्वामी विवेकानंद को पढ़े स्वामी राम कृष्ण परमहंस व भारत को जानना कठिन है। हावर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रॉबर्ट जानसन ने कहा कि दुनिया के सभी विद्वानों को एक तुला पर रख दीजिए और दूसरे तुला पर स्वामी विवेकानद को रख दीजिए तो स्वामी जी के आगे कोई नहीं ठहरेगा। दुनिया को अपने संबोधन से दिशा दी। गांधीजी ने कहा मेरी मुलाकात पहले हो गयी होती हो सारा जीवन उनके लिए समर्पित कर देता। हर देश की प्रवृत्ति होती है। भारत की प्रवृत्ति आध्यात्म, सेवा व साधना है। स्वामी विवेकानंद पूरी दुनिया के आदर्श हैं। विशिष्ठ अतिथि कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने समर्पण की भावना का युवाओं में प्रसार किया। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के लिए कार्य करने की चेतना का विकास किया। इसी भाव को अंगीकार करते हुए यूपी सरकार ने राष्ट्र व प्रदेश को मानवता का संदेश ही नहीं किया, बेहतर कार्य भी किया। विशिष्ट अतिथि देवरिया सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि कन्याकुमारी की यात्रा व स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा स्थल पर सत्रह बार गया। स्वामी जी महापुरुष थे।स्वामी विवेकानंद ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का उद्घोष किया। विकसित भारत की संकल्पना स्वामी विवेकानंद के विचारों को अंगीकार करने से होगी। पूर्व सांसद राजेश पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व से ज्ञान व कर्मयोग को नई दिशा दी। युवाओं को एकसूत्र में पिरोने का कार्य किया।

## जलभराव से तबाह किसानों का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

देवरिया, ।रामपुर कारखाना क्षेत्र के ग्राम सोनिया मुण्डेरा (ब्लॉक देसही देवरिया) में नहर के पानी से उत्पन्न गंभीर जलभराव की समस्या को लेकर सोमवार को किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। समाजसेवी चंचल पाठक के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुएदर्जनों महिला-पुरुष हाथों में तख्तियां लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। तख्तियों पर लिखा था – "नहर नहीं, नाग है – किसानों के लिए अभिशाप है।"

किसानों ने ज्ञापन में बताया कि गांव से गुजरने वाली नहर के पानी की निकासी का कोई समुचित रास्ता नहीं होने के कारण पूरी बस्ती और खेत जलमग्न हो गए हैं। स्थिति यह है कि करीब 200 एकड़ में बोई गई फसल पानी में डूबकर नष्ट हो चुकी है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और ग्रामीणों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।ग्रामीणों का आरोप है कि जलभराव के कारण गांव में गंदगी, मच्छर और संक्रामक बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है।

## स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया गया

**भटनी(देवरिया)**। रामगुलाम राय पी जी कालेज बनकटाशिव सल्लहपुरभटनी में प्राचार्य डाँ राजेश्वर शाही की अध्यक्षता मे स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डाँ राजेश्वर शाही ने माँ सरस्वती के चित्र व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डाँ राजेश्वर शाही ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श सांस्कृतिक भावनाओं से ओतप्रोत व उनके जीवन शैली को अपने जीवन में उतार कर ही सच्चे देश भक्त सहित अपना व देश के विकास में अपनी अहम सहभागिता निभा सकते है ।शाही ने कहा की अपने आल्प आयु में ही स्वामी विवेकानंद ने पुरे विश्व में चमत्कारी जीवन शैली के लिए जाने जाते है ।कार्यक्रम मेंमुख्य रुप से स्वयंसेवक/सेविकाएं कालेज के प्रवक्ता एवं सभी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## रक्तदान शिविर आयोजित



**कसया, कुशीनगर**। राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती पर रोटरी क्लब कुशीनगर (डिस्ट्रिक्ट 3120) द्वारा नगर पालिका परिषद कार्यालय, कुशीनगर में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के माध्यम से समाज में मानव सेवा और सामाजिक सहभागिता को मजबूती मिलती है। शिविर में कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक का तकनीकी एवं चिकित्सकीय सहयोग प्राप्त रहा। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर दीपक गुप्ता, संतोष मद्धेशिया, संदीप गुप्ता, राजीव कुमार वर्मा, प्रदीप जायसवाल, आशीष कुमार एवं हदीश ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम में रोटरी क्लब कुशीनगर के सह संरक्षक वाहिद अली, अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, सह सचिव सदरे आलम, सह कोषाध्यक्ष अमरेंद्र नारायण सिंह, दीपेश सिंह, निदेशक डॉ. सुनील सिंह, रक्तदान संयोजक राजीव तिवारी, संदीप रौनियर, अखिलेश शर्मा, समर मद्धेशिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## योगी के रूप में चमत्कारी नेतृत्व उत्तर प्रदेश को मिला हैः दिनेश शर्मा



**कसया, कुशीनगर**। स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व का भ्रमण कर भारत के अध्यात्म, सनातन के पवित्र मूल्यों को बताया। स्वामी विवेकानंद की सोंचनए भारत की परिकल्पना थी ।उन्हीं के अनुयायी प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र और युवाओं के विकसित भारत

- भाजपा विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगायेगीः उप मुख्यमंत्री

के संकल्प को पूरा कर रहे हैं ।उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने सोमवार को कुशीनगर स्थित होटल पथिक निवास में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। वह जनपद में आयोजित स्वामी विवेकानंद की जयंती में भाग लेने आए थे। श्री शर्मा ने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सनातन और हिंदुत्व को आगे ले जाया जा सकता है। वह राम कृष्ण परमहंस के आदर्श शिष्य और सनातन के मार्ग दर्शक थे। नए भारत की परिकल्पना की सोच विवेकानंद की थी। आज देश आत्म निर्भर भारत की परिकल्पना के साथ आगे बढ़ रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश अर्थ व्यवस्था में चौथे स्थान है। भारत वर्ष 2030 तक तीसरी बड़ी इकॉनमी बनेगा ।अमेरिकी टैरिफ चुनौती से भारत डरने वाला नहीं है। अमेरिका का मानना था कि भारत की आर्थिक समृद्धि की यात्रा धीमी ही जाएगी लेकिन अभी पांच दिन पूर्व जो रिपोर्ट आई है उसके मुताबिक भारत की आर्थिक जीडीपी वार्षिक 7.4 प्रतिशत दर्ज की गई है। पहले कांग्रेस की सरकार में अमेरिकन बयान पर भारत की जीडीपी गिर जाती थी। शेयर बाजार में उतार चढ़ाव आ जाता था। मोदी ने जीएसटी का सरलीकरण किया। उपभोक्ताओं की मांग को पूरा किया। अब वो भारत नहीं है जो किसी से डरता हो। भारत तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था के लिए बढ़ रहा है। बदला हुआ भारत दुश्मन को उनके घर में घुस कर मार रहा है। योगी के रूप में चमत्कारी नेतृत्व उत्तर प्रदेश को मिला है। प्रदेश में करोड़ों डॉलर का निवेश और रोजगार बढ़ रहा है। वन ट्रिलियन डालर इकॉनमी को उत्तर प्रदेश पार कर रहा है। कभी सपा सरकार में सड़क और गड्ढे में कोई अंतर नहीं था। कट्टा संस्कृति के रूप में जाना जाने वाला प्रदेश विकास के पथ पर है। यूपी सर्वोतम प्रदेश के रूप में उभरा है। आज जिस ट्रैक से एक्सप्रेस वे, हाईवे, बन रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य की स्थिति सुधरी है। कभी यूपी लाल रंग का अमेरिकी गेहूं बांटता था। आज मुफ्त अनाज मिल रहा है। कुशीनगर में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बन गया है। कुशीनगर विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रदेश में 2027 का विगुल बज गया है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भाजपा विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगाएगी।

## जनपद की नगर पालिका, नगर पंचायतों में साप्ताहिक बन्दी दिवस निर्धारित

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम, 1962 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद कुशीनगर की नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में स्थित दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों के लिए वर्ष 2026 हेतु साप्ताहिक बन्दी दिवस निर्धारित किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार नगर पालिका परिषद पडरौना, नगर पंचायत सेवरही एवं लक्ष्मीगंज में स्थित समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान (नाई, हेयरड्रेसर, कटिंग व सैलून को छोड़कर) रविवार को बंदी रहेगा। नगर पालिका परिषद कसया में स्थित समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान (नाई, हेयरड्रेसर, कटिंग व सैलून को छोड़कर) बुधवार को, नगर पालिका परिषद हाटा तथा नगर पंचायत तमकुहीराज, रामकोला, खड्डा, सुकरौली एवं फाजिलनगर में स्थित समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान (हाउसिंग लीजिंग व फाइनेंस प्रतिष्ठान को छोड़कर) शनिवार को बन्द रहेंगी।

नगर पंचायत कप्तानगंज में स्थित समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान (हाउसिंग लीजिंग व फाइनेंस प्रतिष्ठान को छोड़कर) सोमवार को, नगर पालिका परिषद कसया, हाटा तथा नगर पंचायत तमकुहीराज, खड्डा, कप्तानगंज, रामकोला, फाजिलनगर एवं सुकरौली में स्थित समस्त हाउसिंग लीजिंग व फाइनेंस प्रतिष्ठान रविवार को बन्द रहेंगी। नगर पालिका परिषद पडरौना एवं कसया तथा नगर पंचायत सेवरही, कप्तानगंज, लक्ष्मीगंज एवं सुकरौली में स्थित समस्त नाई, हेयरड्रेसर, कटिंग एवं सैलून की दुकानें शनिवार को बंद रहेंगी। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि निर्धारित साप्ताहिक बन्दी दिवसों का अनुपालन क्षेत्र में नियुक्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जाए साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि अधिनियम की अनुसूची-2 में वर्णित आवश्यक सेवाओं जैसे भोजन, दवा, चिकित्सा उपकरण, सिनेमा, मिठाई, दुग्ध, परिवहन सेवाएं, होटल आदि पर साप्ताहिक बन्दी का प्रावधान लागू नहीं होगा।

## क्रमिक अनशन आमरण अनशन में तब्दील भाकियू ने बुलायी महापंचायत

**देवरिया** । भारतीय किसान यूनियन द्वारा शिधुआ में 33/11 के०वी०ए० का नया बिजली घर का निर्माण कराने, शिधुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात्रिकालीन इमरजेंसी ओपीडी चालू करने, भीखमपुर रोड पर लाहिलपार से किशुनपाली तक एवं विशुनपुरकला से गोरयाघाट तक की टूट रही सड़क को नई तकनीकी से निर्माण कराने, विशुनपुरकला से कुसहरी महुआपटन मार्ग को चौड़ीकरण करने एवं डीहाबसंत सम्पर्क मार्ग का मरम्मत निर्माण कराने, जर्जर एल टी तारो के जगह केवल लगाने, 11 हजार की जर्जर तारो के जगह नया तार लगाने समेत अन्य जन समस्याओं को लेकर भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार के नेतृत्व में विशुनपुरकला चौराहा पर चल रहा क्रमिक अनशन आज से आमरण अनशन में तब्दील हो गया। आज के क्रमिक अनशन की अध्यक्षता भाकियू के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय ने किया भाकियू के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय ने कहा कि भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार के नेतृत्व में जनहित के मुद्दों को लेकर विशुनपुरकला चौराहे पर चल रहा क्रमिक अनशन आज आमरण अनशन में तब्दील हो गया हैं। आंदोलनकारी किसानों की जिला प्रशासन द्वारा कोई सुधि नहीं लिए जाने पर भाकियू द्वारा कल दिनांक 13 जनवरी को आंदोलन स्थल पर महापंचायत बुलाई गई है बैठे हैं जबकि जिला प्रशासन ने अभी तक कोई बात चित नहीं किया है। जिससे भारतीय किसान यूनियन द्वारा आने वाले 13 जनवरी दिन मंगलवार को विशुनपरकला चौराहे पर किसान महापंचायत बुलाई गई है। आज के अनशन में मुख्य रूप से भाकियू के जिला सलाहकार मदन चौहान राम अशीष जायसवाल नरसिंह पटेल संदीप सिंह इसहाक मंसूरी केशव यादव, गौरव कुमार सिंह अरविंद चौहान अभय कुमार पांडेय राजेश प्रसाद, सर्वदेव मिश्र सुमंत सिंह नगीना सिंह रविशंकर गौण साहब तिवारी इत्यादि लोग शामिल रहे।

## हिन्दू एकता से ही बचेगा राष्ट्र, परिवार और संस्कृति

कुशीनगर।जिले के फाजिलनगर ब्लॉक के जौरा बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में राष्ट्रधर्म पत्रिका के निदेशक एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के सह-प्रचार प्रमुख मनोजकांत मिश्र ने कहा कि जब-जब हिन्दू समाज कमजोर और विभाजित हुआ है, तब-तब राष्ट्र की सीमाएं भी सिमटती चली गई हैं। उन्होंने कहा कि एक समय भारत की सांस्कृतिक सीमा पाकिस्तान, बांग्लादेश के साथ-साथ अफगानिस्तान, म्यांमार और तिब्बत तक फैली हुई थी। लेकिन हिन्दू समाज के बिखराव के कारण आज यह स्थिति बदल गई है। मुख्य वक्ता मनोजकांत मिश्र ने कहा कि आज यह कहावत सार्थक होती दिखाई दे रही है कि जब हिन्दू घटेगा, तो बंटेगा। इसी विभाजन का परिणाम है कि हम धीरे-धीरे अपनी व्यापक पहचान खोते चले गए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हिन्दू समाज एकजुट होकर संगठित रूप में आगे बढ़े। कहा कि राष्ट्र प्रेम केवल नारों तक सीमित नहीं है। प्रकृति से प्रेम करना, जल का संरक्षण करना, संयुक्त परिवार में रहना और समाज में एक-दूसरे की सहायता करना भी राष्ट्र प्रेम के ही रूप हैं।

यदि समाज और परिवार मजबूत होंगे, तभी राष्ट्र भी सशक्त बनेगा। मनोजकांत मिश्र ने आधुनिक जीवनशैली के कारण टूटते परिवारों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने का एक सरल उपाय यह भी है कि प्रतिदिन कम से कम दो घंटे मोबाइल फोन से दूरी बनाई जाए और शाम का भोजन पूरा परिवार एक साथ बैठकर किया जाए। इससे संवाद बढ़ेगा और आपसी समझ मजबूत होगी।

इस अवसर पर सम्मेलन की शुरूआत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुई। इसके बाद कवि संतोष "हंसमुख", कन्हैयालाल "हंसरस" एवं अरविंद मिश्र ने राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए। संचालन अरविंद मिश्र बड़कू ने किया व अध्यक्षता हरिनाथ सिंह ने की।

# फूलमती देवी स्मारक महिला फुटबॉल,गाजीपुर ने पटना को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा



**देवरिया**।बैतालपुर नगर पंचायत स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे खेल ग्राउंड पर आयोजित फूलमती देवी स्मारक राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सोमवार को बिहार की पटना टीम और उत्तर प्रदेश की गाजीपुर टीम के बीच खेला गया। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में खेले गए इस मुकाबले में गाजीपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पटना को 2-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया।

फाइनल मुकाबले का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उद्यमी एवं सुप्रीम फ्लैट कैरिंग कारपोरेशन के चेयरमैन सुनील मणि त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि भोजपुरी सिने अभिनेत्री अनारा गुप्ता तथा अवनिंद्र कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन की कामना की। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमें एक-दूसरे पर दबाव बनाती रहीं, लेकिन कड़े मुकाबले के बावजूद कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी।

दोनों ओर से कई शानदार आक्रमण हुए, जिन्हें डिफेंडरों और गोलकीपरों ने विफल कर दिया। पहले हाफ का खेल गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में गाजीपुर की टीम ने आक्रामक रुख अपनाया। खेल के 14वें मिनट में गाजीपुर की खिलाड़ी रुखसार खातून ने कार्नर से आए उछाल भरी गेंद को बेहतरीन तरीके से मैदानी गोल में तब्दील कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इस गोल के बाद पटना की टीम ने बराबरी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन गाजीपुर की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उनकी एक न चली। मैच के अंतिम दौर में गाजीपुर की ही खिलाड़ी रुक्मिणी ने एक और शानदार गोल दागकर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया और जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। निर्धारित समय तक स्कोर में कोई बदलाव नहीं हुआ और गाजीपुर ने फाइनल मुकाबला जीतकर प्रतियोगिता की विजेता बनने का गौरव हासिल किया। मैच समाप्ति के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विजेता गाजीपुर एवं उपविजेता पटना टीम को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कवित्री भावना द्विवेदी, सुयश मणि त्रिपाठी, कपिल मुनि मणि त्रिपाठी, राकेश मणि, सूर्य प्रकाश मणि, केन यूनियन अध्यक्ष गदाधर मणि, प्रवीण द्विवेदी, राजकुमार मद्धेशिया, तारकेश्वर जायसवाल, वीरेंद्र मोदनवाल, दिलीप कुमार, अमरचंद, उमेश धर द्विवेदी सहित आदि उपस्थित रहे।

## आशुतोष कुमार अध्यक्ष व महामंत्री इन्द्रजीत प्रसाद बने

**कसया कुशीनगर**। कसया ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मचारि संघ का चुनाव सोमवार को ब्लॉक सभागार मे सम्पन्न हुआ। जिससे सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। आशुतोष कुमार अध्यक्ष व महामंत्री इन्द्रजीत प्रसाद बने। वहीं कोषाध्यक्ष चन्दन कुमार गौड़ निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी अशोक उपाध्याय व सह चुनाव अधिकारी हृदयानंद सिंह के देखरेख मे चुनाव सकुशल सम्पन्न हुआ। निर्वाचित पदाधिकारियों को सुरेंद्र प्रसाद, विनोद गुप्ता, प्रमोद गौतम, जय प्रकाश गौतम, विजय सिंह आदि ने माला पहना कर मिठाई खिला कर स्वागत किया व बधाई दी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर भ्रष्टाचार का घिनौना हमला

**कुशीनगर**।गरीब, असहाय और वंचित बेटियों के सम्मानजनक विवाह के लिए चलाई गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कुशीनगर जिले मे अपने उद्देश्य से भटककर भ्रष्टाचार की कब्रगाह बनती दिख रही है, जिस योजना को सामाजिक संवेदना और सरकार की नैतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक माना जाता था, उसी योजना में बेटियों की खुशियों को नोटों में तौलकर

- बीडीओ के पत्र से उजागर हुई समाज कल्याण अधिकारी की काली करतूत
- बेटियों के सम्मान की लूट, सरकारी धन की खुली डकैती

सरकारी धन को निजी तिजोरियों तक पहुंचाने का संगठित खेल खेला गया।

इस घोटाले की परत-दर-परत तब खुलीं, जब पडरौना के खंड विकास अधिकारी रवि रंजन द्वारा सीडीओ को भेजें गये एक आधिकारिक पत्र सामने आया। पत्र में दर्ज तथ्य इतने गंभीर हैं कि वे न केवल समाज कल्याण विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हैं, बल्कि समाज कल्याण अधिकारी की भूमिका को सीधे कटघरे में खड़ा कर रहा हैं। पत्र के अनुसार, विवाह समारोह में वितरित किए गए गृहस्थी सामान की गुणवत्ता निर्धारित मानकों से कोसों दूर पाई गई, जबकि भुगतान और बिलिंग उच्च गुणवत्ता व ऊंची दरों पर दिखाई गई है। हकीकत यह है कि नवविवाहित कन्याओं को जो सामान दिया गया, वह घटिया, सस्ता और कई मामलों में मानवीय गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। कहीं स्टील के नाम पर पतली धातु, कहीं इलेक्ट्रॉनिक सामान की जगह खिलौने जैसे उपकरण, तो कहीं आधा-अधूरा सेट। इतना ही नही कई लाभार्थियों को पूरा सामान मिला ही नहीं। सवाल उठता है कि आखिर बाकी सामान और बची धनराशि कहां गई ?सूत्रों की मानें तो यह सब बिना ऊंचे संरक्षण और विभागीय मिलीभगत के संभव नहीं था। आरोप है कि समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने नियमों को रौंदते हुए चहेते आपूर्तिकताओं को ठेके दिए, बाजार दरों से कई गुना अधिक कीमतें दर्शाई और वास्तविक आपूर्ति के अंतर को कमीशन और बंदरबांट में तब्दील कर दिया। बीडीओ का पत्र इस पूरे खेल का लिखित सबूत बनकर उभरा है ।शर्मनाक पहलू यह है कि इस घोटाले में सबसे ज्यादा नुकसान उन बेटियों का हुआ है, जिनके लिए यह योजना बनी थी। विवाह के पवित्र अवसर पर उन्हें यह एहसास कराया गया कि सरकारी योजनाओं में उनका सम्मान नहीं, बल्कि सिर्फ फाइलों और बिलों की अहमियत है। यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक अपराध है।

### क्या दोषी अधिकारी पर होगी कार्रवाई

यक्ष प्रश्न यह है कि इस खुलासे के बाद क्या दोषी समाज कल्याण अधिकारी पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई होगी? मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की धज्जियाँ उडाने वाले समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज और विभागीय जांच होगी? या फिर यह मामला भी अन्य मामलो की तरह प्रभाव और फाइलों के खेल में दफन होकर रह जाएगा?जानकारों का कहना है कि सरकार इस प्रकरण में निर्दोष बेटियों के पक्ष में सख्त और नजीर प्रस्तुत करने वाली दण्डात्मक कार्रवाई नहीं करती है, तो संदेश यही होगा कि गरीबों की योजनाएं अब भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन चुकी हैं। विशेषज्ञ कहते है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की साख बचानी है, तो दोषियों को बेनकाब कर कानून के कठघरे में खड़ा करना अनिवार्य होगा

### बीडीओ ने सीडीओ को भेजा पत्रः

खंड विकास अधिकारी पडरौना रवि रंजन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव को पत्र संख्या-1093 स्था. दिनांक-4 दिसम्बर-2025 को दिये गये पत्र में कहा गया है कि 4 दिसम्बर- 2025 को पडरौना नगर के उदित नारायण इंटर कॉलेज में आयोजित किये गये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जो सामग्री दिया गया वह गुणवत्ताविहीन व बेहद ही खराब गुणवत्तायुक्त था जिसका फोटोग्राफ संलग्न है, जब मेरे द्वारा सैंपल सामग्री को देखने की माँग की गई तो उन्हे दिखाया नहीं गया। सामग्री की गुणवत्ता की जाँच, पर्यवेक्षणी अधिकारी परियोजना निदेशक से भी नहीं कराया गया और ना ही किसी भी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कराया जा रहा है, जिला समाज कल्याण अधिकारी कुशीनगर मौके पर बिना किसी अधिकारी से सामग्रियों का सत्यापन कराये ही सभी सामग्री का वितरण करा रहे है। बीडीओ ने उक्त सामूहिक विवाह मे घटिया भोजन का भी उल्लेख किया है। उन्होने स्पष्ट शब्दों मे कहा है कि सामूहिक विवाह में खाने की गुणवत्ता भी अति खराब थी, खाना सुबह आठ बजे ही बनवाकर पैक करवा दिया गया था, उनके द्वारा जब जाँच किया गया तब जाकर पनीर की सब्जी को थाली में सम्मिलित किया गया। बीडीओ ने पत्र मे आगे लिखा है कि कार्यक्रम समाप्ति के समय जब विधायक पडरौना वापस जा रहे थे उस समय तक वीआईपी भोजन स्टाल तैयार नही था, जिसका फोटोग्राफ संलग्न है। बीडीओ ने समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव पर मनमानेपन का आरोप लगाते हुए खुद को नोडल अधिकारी के जिम्मेदारी से मुक्त करते हुए मनमानी कर रहे समाज कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाने के लिए सीडीओ से अनुरोध भी किया है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह आयोजित

बहराइच।मेरा युवा भारत बहराइच उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन स्थल श्रीशश मानस इंटर कॉलेज बिशनपुर राहू में किया गया इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न युवा महिला मंडलों के युवक ? युवतियों ने प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में युवक यूतियों द्वारा भाषण निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभा किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री जेपी यादव सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र व प्राचार्य रमेश चंद्र मिश्रा व जनहित फाउंडेशन के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्रा पूर्व प्राचार्य आर वर्मा वर्मा किसान पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर तस्लीम फातिमा जड़ी डॉक्टर सविता वर्मा श्रीमती नीलम शुक्ला जिला समनवयक नारी सशक्तिकरण केंद्र अरुण चौधरी सुपरवाइजर व कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्र सेन चौधरी ने स्वामी विवेकानंदकार्यक्रम में मुख्य अतिथि व सभी अतिथि गणों ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026ः निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न



**अयोध्या**। जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने श्री फुंडे ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मतदाता की लिंकिंग न होने पर उन्हें नोटिस जारी करने, नोटिस पर सुनवाई व निर्णय लेने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि नोटिस जारी करने के एक सप्ताह के बाद सुनवाई करनी है। एक बार में 150 लोगो को नोटिस जारी की जा सकती है। नोटिस तामिला कराते समय संबंधित बीएलओ को यदि नोटिस प्राप्तकर्ता द्वारा निर्वाचन आयोग के 13 डॉक्यूमेंट में से यदि कोई स्वयं सत्यापित डॉक्यूमेंट दिया जाता है तो बीएलओ उसे स्वीकार करेंगे।आधार कार्ड के संबंध में मा0 आयोग के निर्देश लागू होंगे। नोटिस जारी करते समय पूर्ण पारदर्शिता का पालन करना है। कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की रूपरेखा, समय-सारिणी एवं प्रमुख उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र नागरिकों का नाम निर्वाचक नामावली में शत-प्रतिशत जोड़ा जाए, अपात्र एवं मृत मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाए जाएं तथा किसी भी स्तर पर त्रुटि की संभावना न रहे। अधिकारियों को जनसहभागिता बढ़ाने, बीएलओ के साथ समन्वय सुदृढ़ करने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिकतम पात्र मतदाताओं को जोड़ने के निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित अधिकारियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया गया और व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुधीर कुमार, श्रेया, सविता व रामप्रसाद त्रिपाठी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

## डंपर स्कॉर्पियो भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

असोहा, उन्नाव। डम्फर व स्कार्पियो की आमने भिड़ंत एक कि मौत चार की हालत नाजुक ट्रामा सेंटर रिफर। दही क्षेत्र के गांव मुर्तजानगर निवासी विजय लोधी के बेटे हिन्दू युवा वाहिनी बिछिया के सदस्य 26 वर्षीय हैप्पी गांव के ही रोहित सिंह की स्कार्पियो लेकर गांव के ही अपने साथी अनुराग, हरिओम, सतेंद्र, अमन, शुभम, जितेंद्र के साथ सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के बाराबंकी में लगे स्वागत समारोह व उसके बाद अयोध्या दर्शन करने जा रहा था। भल्लाफार्म-कालूखेड़ा मार्ग पर क्षेत्र के लालाखेड़ा चैराहे के पास जैसे ही पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार से आ रहे डंपर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे सभी सातों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। जहां हैप्पी, हरिओम, अनुराग, सतेंद्र व अमन की हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान हैप्पी की मौत हो गई। जबकि अन्य घायलों का उपचार चल रहा है। घटना के बाद डंपर चालक डंपर छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज डंपर को कब्जे में लिया है। हैप्पी के पिता विजय लोधी ने बताया कि हैप्पी ही घर का इकलौता चिराग था। वह गांव में ही मोबाइल की दुकान चलाता था। हैप्पी के ना रहने पर अब परिवार का भरन पोषण कौन करेगा। हैप्पी की मौत से मां शांति, दादी जनाका बेहाल रही। थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि स्वजन ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। डंपर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

## मकर संक्रांति व खिचड़ी पर्व 15 को मनायें

उन्नाव। भारतीय संस्कृति का परम्परागत मकर संक्रांति पर्व माघ कृष्ण पक्ष द्वादशी तिथि को मनाया जाएगा क्योंकि 14 जनवरी बुधवार को रात्रि 9बजकर 19 मिनट पर उत्तराषाढ़ नक्षत्र 2 चरण में प्रवेश कर रहे हैं अतः मकर संक्रांति का पुण्य काल 15 जनवरी गुरुवार को सूर्योदय से सूर्यास्त यावत माना जाएगा इसी के साथ खरमास समाप्त हो जायेगा मकर संक्रांति पर्व का यह शाश्वत नियम है प्रदोष के बाद रात्रि में किसी भी समय लगती है तो उसका पुण्य काल दूसरे दिन ही प्राप्त होता है इसलिए मकर संक्रांति पर्व खिचड़ी त्योहार 15 जनवरी बृहस्पतिवार को मनाया जाएगा। शास्त्रीय मान्यता अनुसार स्नान दान जप करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है सर्वत्र गंगा स्नान नदी तीर्थ एवं कुआं सरोवर में स्नान करने का उत्तम फल प्राप्त होता है आज के दिन ऊनी वस्त्र दुशाला कम्बल जूता चप्पल तथा धार्मिक पुस्तकें पंचांग का दान महा पुण्य फल कारक माना जाता है इस पर्व को पूरे देश में अपनी अपनी स्थानीय परम्परागत एवं रीति रिवाज के साथ मनाया जाता है। एवं भगवान शिव जी का व्रत पूजन प्रदोष व्रत तथा मास शिवरात्रि व्रत 16 जनवरी शुक्रवार को किया जाये तथा मौनी अमावस्या 18 जनवरी रविवार को होगी इस दिन मौन रहकर पुण्य का संचय के। हमारे सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त मकर संक्रांति का पर्व एंव खिचड़ी त्योहार मनाये।

## भारी अव्यवस्थाओं के बीच बंटे कम्बल

हरगांव (सीतापुर)। विकासखंड हरगांव सभागार में रविवार को भारी अव्यवस्थाओं के बीच कारागार राज्यमंत्री के व्दारा सूचना पाकर गांवों से पहुंचे ग्रामीण गरीबों की भारी संख्या में महिलाएं व पुरूषों को कंबल वितरण किया गया। मगर वितरण की अफरा तफरी में काफी संख्या में गरीबों को कंबलों से मायूस होकर घर लौटना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतापुर जनपद के हरगांव विकासखंड के सभागार में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही के व्दारा रविवार को कंबलों का वितरण का आयोजन किया गया। सूचना पाकर क्षेत्रीय गांवों से गरीब ग्रामीणजन इस ठिठुरती ठंड में एक कंबल की आस में सभागार आए थे। मगर वहां पर पूरे कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था ही बनी रही। सूत्रों के अनुसार कुल 1100 कंबल मंगवाए गए थे। मगर कंबलों की संख्या के सापेक्ष लगभग 4000 के ऊपर ही लाभार्थी आ गए थे। अव्यस्थाओं के बीच शुरू हुई कंबल वितरण में अचानक बवाल हो जाने के कारण राज्यमंत्री ने कंबल वितरण को बीच में ही रोककर चले गये। वहीं पर कार्यक्रम के बंद हो जाने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व पुरूष मायूस होकर अपने अपने घर वापस लौट गये। यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बनकर रह गई।

# अवैध कब्जेदारों पर बड़ी कार्रवाई, डीएम के निर्देश पर हॉल खाली



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। शहर के ऐतिहासिक रम्पा महल को लेकर जिला प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। प्रशासन ने आज इसे अपने कब्जे में ले लिया है। तहसीलदार सदर अतुल सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यह भवन नजूल भूमि पर बना हुआ था। जिस पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा 8 तारीख को अवैध कब्जा करने वालों को नोटिस जारी किया गया था। जिसमें उन्हें 15 दिन के भीतर स्वयं ही कब्जा हटाने का समय दिया गया था। तहसीलदार ने बताया कि श्रीमती मनोरमा शुक्ला और उनके द्वारा अनौपचारिक रूप से अधिकृत किए गये। व्यक्ति शकील इस हॉल पर अपना कब्जा बताते थे और इसे आवासीय व व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किराए पर दे रहे थे। नोटिस जारी होने के बाद मनोरमा शुक्ला और शकील ने स्वेच्छा से हॉल को खाली कर दिया और चाबियां प्रशासन को सौंप दी हैं।

### व्यापारियों को राहत हॉल बनेगा लाइब्रेरी या म्यूजियम

कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि चांद नामक एक व्यक्ति, जो फ्रिज की दुकान चलाता है, ने हॉल के बाहर चैनल में थोड़ा सामान रखा था। उनसे बात करने के बाद उन्होंने भी स्वेच्छा से अपना सामान हटा लिया।

तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि रम्पा महल अब पूरी तरह से खाली हो चुका है और यह नजूल की संपत्ति है। इस पर किसी भी तरह का नया कब्जा दंडनीय अपराध माना जाएगा। जिसके लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और इस संबंध में एक बोर्ड भी लगाया जा रहा है। उन्होंने उन सभी दुकानदारों और आवासीय गतिविधियों में लगे लोगों को राहत दी, जो हॉल के चारों ओर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सिर्फ हॉल को ही प्रशासन ने अपने नियंत्रण में लिया है और बाकी व्यावसायिक या आवासीय गतिविधियों में लगे लोगों को जिला प्रशासन द्वारा नहीं हटाया जाएगा। इन लोगों की स्थिति को देखते हुए प्रशासन एक किराया मानक निर्धारित करेगा। जिसका पैसा सीधे नैमिषारण्य ट्रस्ट को जाएगा और इस फंड का उपयोग नैमिषारण्य के विकास के लिए किया जाएगा। अंततः इस रम्पा महल को जिलाधिकारी द्वारा प्रस्ताव के माध्यम से लाइब्रेरी या म्यूजियम के रूप में विकसित किया जाएगा। जिससे सीतापुर की इस प्राचीन धरोहर को नया नाम और पहचान मिल सके।

## परिवहन वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाना अनिवार्य

उन्नाव। जिलाधिकारी के निर्देश पर खनिज अनुभाग द्वारा जनपद में साधारण मिट्टी के खनन एवं परिवहन में लगे वाहनों की सुरक्षा को लेकर अहम आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत ऐसे सभी वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप (जैसे रेडियम टेप) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि सर्दी के मौसम में घना कोहरा पड़ने के कारण सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

कोहरे के दौरान हो रही दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी महोदय द्वारा 7 जनवरी 2025 को समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया। निर्देशानुसार जनपद में निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे, कानपुर रिंग रोड सहित अन्य सरकारी योजनाओं में कार्यरत सभी फर्मों, ईंट-भट्ठा स्वामियों तथा निजी व सरकारी निर्माण कार्य कर रही संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि साधारण मिट्टी का खनन अथवा परिवहन कर रहे सभी वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाया जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी भी वाहन द्वारा उक्त निदेशों का पालन नहीं किया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। खनिज विभाग ने सभी संबंधित पक्षों को निदेशों का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है। यह आदेश नगर मजिस्ट्रेट/कनिष्ठ प्रभारी अधिकारी (खनन) राजीव राज द्वारा जारी किया गया है। साथ ही जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि जनहित में इस सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके।

## उचित दर विक्रेताओं के साथ एसडीएम ने बैठक ली

पाटन, उन्नाव। उपजिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह की अध्यक्षता तथा पूर्ति निरीक्षक बीघापुर की उपस्थिति मे सोमवार को तहसील सभागार मे समस्त उचित दर बिक्रेताओं की बैठक आहूत की गई जिसमे सभी विक्रेताओं को एग्रीस्टैग/ फार्मर रजिस्ट्री



तथा फैलेरिया उनमूलन हेतु सहयोग प्रदान किये जाने के सम्बन्ध मे दिशा निर्देश प्रदान किये गए। मतदाता का नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से छूट गया है वो संबंधित बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म 06 भर दे। पर्याप्त मात्रा में फॉर्म 6 बीएलओ को उपलब्ध करा दिया गया है। जिस मतदाता की मैपिंग नहीं हो पाई है उन्हें नोटिस दी जाएगी वह संबंधित बीएलओ को अपना प्रूफ समय से प्रस्तुत करे। तहसील बीघापुर से संबंधित नोटिस के निस्तारण हेतु 30 ईआरओ की नियुक्त की गई है। तथा मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तहसील बीघापुर के अलावा बीघापुर व सुमेरपुर व सिकन्दर पुर कर्ण व गंगा घाट व बक्सर पर्यटन भवन नगर पंचायत भगवंत नगर व नगर पंचायत बीघापुर आदि केंदों की स्थापना की गई है ताकि नोटिस की सुनवाई हेतु मतदाता को कोई असुविधा न हो।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवाओं ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

फतेहपुर जिले में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। यह कार्यक्रम महर्षि विद्या मंदिर के सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें युवाओं, मंगल दल सदस्यों और अधिकारियों ने भाग लिया। जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.दो. अधिकारी शशि भूषण शर्मा के नेतृत्व में विवेकानंद जी के सिद्धांतों पर चर्चा और संकल्प लिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभकार्यक्रम की शुरूआत विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण और माल्यार्पण से हुई। शशि भूषण शर्मा, प्राचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी, संगीत अध्यापिका सुमन दीक्षित, क्षेत्रीय अधिकारी अमित, सहायक अनिल कुमार समेत सभी अतिथियों ने इसमें भाग लिया। यह समारोह युवाओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित किया गया था।युवाओं का योगदानयुवा कलाकारों ने विवेकानंद जी के जीवन और सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। साक्षी सचान, सार्थक पटेल, मैत्रेय सिंह और सुयस पाण्डेय ने उनके विचारों पर भाषण दिए। सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया, जो युवा ऊर्जा का प्रतीक था।सांस्कृतिक प्रस्तुतियांविद्यालय की बालिकाओं ने विवेकानंद जी के जीवन पर आधारित गीत गाए, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। अमित ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।

## किसान नेता निराश्रित गोवंश व गोशाला में मौतों के विरोध में बैठे आमरण अनशन पर

सकरन (सीतापुर)। विकास खंड सकरन के ब्लॉक परिसर में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील कुमार राज आमरण अनशन पर बैठ गए। उनका आरोप है कि ग्राम पंचायत सांडा के मजरा गोपालापुर में घूम रहे निराश्रित गोवंशों की शिकायत जिलाधिकारी से करने के बावजूद पंचायत सचिव प्रदीप चौधरी ने 9 जनवरी को एक भी गोवंश न होने की गलत आख्या लगा दी, जबकि गांव में 20 से अधिक गोवंश खुले घूमकर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत बगहाढाक में संचालित गोशाला का ठेका प्रधान और सचिव द्वारा गुड्डू नामक व्यक्ति को दिए जाने पर सवाल उठाते हुए बताया कि उसका असली नाम मोहम्मद सफीक है और उसके संरक्षण में 50 से अधिक स्वस्थ गोवंशों की मौत हो चुकी है। किसान नेता ने मरे गोवंशों की जांच, ब्लॉक की सभी गोशालाओं की समीक्षा और ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। सुशील कुमार राज ने कहा कि मांगें पूरी होने तक वह बिना भोजन-पानी के अनशन पर डटे रहेंगे। खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता ने दो जांच टीमें गठित करने की पुष्टि की है।

## सीएमएस की कार्यशैली पर खड़े हो रहे सवाल, कमेटी गठन की प्रक्रिया अधूरी

उन्नाव। जिला अस्पताल में 9 जनवरी को एक पत्रकार के साथ हुई अभद्रता के मामले में कार्रवाई न होने से अब आहत पत्रकार ने प्रशासनिक स्तर पर अपनी शिकायत को और आगे बढ़ा दिया है। पीड़ित पत्रकार द्वारा पहले मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डा0 राजीव गुप्ता को लिखित शिकायती पत्र सौंपते हुए एक्स-रे टेक्नीशियन वीरेंद्र सिंह यादव के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की थी।

शिकायत में पत्रकार ने आरोप लगाया था कि संबंधित कर्मचारी ने न केवल अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया, बल्कि धमकी भरे व्यवहार से पत्रकारिता की मयार्दा और व्यक्तिगत सम्मान को ठेस पहुंचाई। इधर अस्पताल प्रशासन की ओर से अपेक्षित कारवाई न होते देख पत्रकार ने मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस अधीक्षक को भी लिखित शिकायत भेजी है। घटना को लेकर अब तक स्थिति स्पष्ट न होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। जहां एक ओर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. राजीव गुप्ता द्वारा मामले की जांच के लिए टीम गठित किए जाने की बात कही गई थी, वहीं दूसरी ओर अब तक किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। बताया जाता है कि डिजिटल एक्सरे टेक्नीशियन वीरेंद्र यादव द्वारा पत्रकार के साथ बेहद अमर्यादित व्यवहार किया गया और धमकी भरे लहजे में उसे दौड़ाए जाने की घटना संज्ञान में आई थी, हालांकि इसकी वीडियो भी बन गयी थी, ऐसी चर्चा है। जानकार बताते है कि जिस जगह का मामला है वहां पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे है। जाच में स्थिति खुद ब खुद सामने आ जाएगी। जिसके बाद मामला प्रशासनिक और पत्रकारिता जगत में चर्चा का विषय बन गया। सूत्रों के अनुसार, घटना के बाद एक अधिकारी द्वारा बीच-बचाव करते हुए कथित रूप से माफी मंगवाकर मामले को शांत कराने का प्रयास किया गया लेकिन इस पर सहमति नहीं बनी। निष्पक्ष जांच और कार्रवाई पर संदेह उत्पन्न हो रहा है। इधर पीड़ित पत्रकार लगातार यह गुहार लगा रहा है कि मामला व्यक्तिगत नहीं, बल्कि व्यवस्था से जुड़ा है और ऐसे कर्मियों के विरुद्ध जांच के उपरांत उचित कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। पत्रकार का कहना है कि यदि कोई कर्मचारी एक पत्रकार से इस प्रकार की भाषा और व्यवहार करने का साहस करता है, तो आम मरीजों और तीमारदारों के साथ उसका व्यवहार कितना असंवेदनशील और अपमानजनक होगा, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। इस घटना ने एक बार फिर जिला अस्पताल में कर्मचारियों के आचरण और मरीजों के सम्मान से जुड़े गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बोले सीएमएस!

पत्रकार से हुयी अभद्रता प्रकरण में सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता से जब टीम गठन व आगे की प्रगति के संबन्ध में बात की गयी तो उन्होने बताया अरे हम भूल गए, आज बहुत व्यस्तता थी, मार्क तो किया है देखो पता करवाते हैं।

## जिला स्तरीय एसआईआर द्वितीय चरण समीक्षा बैठक संपन्न



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सोमवार को मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम द्वितीय चरण, एसआईआर, की बैठक क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू द्वारा उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों को कार्यक्रम में पूर्ण सजगता के साथ काम करने की जिम्मेदारियां सौंपी गई।

वहीं प्रतिदिन की मानिटरिंग भी तेजी के साथ हो और जहां शिथिलता हो वहां वरिष्ठ पदाधिकारियों को लगाने के संगठनात्मक दिशा-निर्देश दिए गए, अभियान के जिला संयोजक मनोज मिश्रा द्वारा विधानसभा स्तर पर अब तक के कार्य की जानकारी बैठक में रखते हुए मंडल स्तर पर कार्यक्रम की समीक्षा पत्रक क्षेत्रीय महामंत्री को सौंपते हुए कहा कि सभी विधानसभा में शक्ति केंद्र स्तर पर पदाधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षण किया जा रहा है, बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, पुष्पराज पटेल, अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, नीरज सिंह, कुलदीप भदौरिया, पुष्पा पासवान, रवींद्र पाल सिंह, विजय प्रताप सिंह, मधुराज विश्वकर्मा, धनंजय द्विवेदी सहित अभियान टोली के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

सीतापुर। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर विकास भवन सीतापुर के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद की मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्य को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी क्षमा त्रिपाठी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा भेंट की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी एवं विकास भवन में उपस्थित युवक महिला मंगल दल के सदस्यों द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सभागार में उपस्थित युवाओं को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों एवं संघर्षो के बारे में बताया गया।

## कांग्रेसियों ने प्रियंका गांधी का मनाया जन्मदिन

बिसवां नगर (सीतापुर)। कांग्रेस पार्टी के नगर कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी की सांसद व युवा वर्ग में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा व नीति के प्रति जोश भर देने वाली स्टार प्रचारक, कुशल वक्ता, सांसद प्रियंका वढेरा गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा के नेतृत्व में सांसद प्रियंका गांधी का 54वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी हरनाम चंद सेठ, रजनीश कुमार मिश्रा एडवोकेट, महासचिव प्रदेश कांग्रेस आरटी आई, अरूण सिंह, अब्दुल मुजीब, अरुण प्रकाश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## दो फौजियों के घर 15 लाख की चोरी

कमलापुर (सीतापुर)। थाना कमलापुर क्षेत्र के रमपुरवा मजरा कान्हमऊ गांव में बीती रात चोरों ने भारतीय सेना में सेवारत दो फौजियों के खाली पड़े मकान को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर लगभग 50 हजार रुपये नकद और करीब 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया है और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह यादव और नरेंद्र कुमार भारतीय सेना में कार्यरत हैं। दोनों फौजी वर्तमान समय में अपनी-अपनी तैनाती पर बाहर हैं। बताया गया कि धर्मेंद्र सिंह यादव के घर हाल ही में पुत्र का जन्म हुआ था, जिसके चलते वह अपनी मां को साथ लेकर लखनऊ चले गए थे। वहीं नरेंद्र कुमार राजस्थान के बीकानेर में तैनात हैं। घर में कोई न होने के कारण दोनों के मकान काफी समय से बंद पड़े थे, जिसका फायदा चोरों ने उठाया। रविवार की रात अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने अलमारी और संदूक को खंगालते हुए नकदी और कीमती जेवरात समेट लिए और मौके से फरार हो गये। चोरी गए सामान में 50 हजार रुपये नकद के अलावा चांदी की लगभग 400 ग्राम की झुमकी, नथुनी, पायल, माला, बिछिया, पांच चांदी के सिक्के, दो सोने के हार (करीब 42 ग्राम), दो जोड़ी झाला, दो जोड़ी झुमकी, मांग टीका, 400 ग्राम जेवरी, कमर पेटी, अंगूठी, हाथ, दो चैन, थाली, कटोरी, चम्मच और गिलास सहित अन्य घरेलू सामान शामिल है। सोमवार दोपहर जब ग्रामीणों ने घर का ताला टूटा देखा तो घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही लखनऊ कैंट में तैनात धर्मेंद्र सिंह यादव गांव पहुंचे और थाना कमलापुर में चोरी की तहरीर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी अतुल चौधरी ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

## भारतीय डाक विभाग के द्वारा लगाया गया कैंप दी गई जानकारी

हरगांव (सीतापुर)। भारतीय डाक विभाग के द्वारा डाक अधीक्षक के निर्देश अनुसार नगर के एक वार्ड में कैंप लगाकर डाकघर से संचालित होने वाली योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं डाकघर की योजनाओं से जुड़ने के लिए लोगों को प्रेरित किया। जानकारी के अनुसार जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव के वार्ड मुरादनगर में डाक अधीक्षक पुरुषोत्तम नाथ के निर्देशन में सभासद की उपस्थित में सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत एक कैंप का आयोजन बीपीएम बड़ेलिया द्वारा किया गया।

बताया गया कि आदर्श नगर पंचायत हरगांव के वार्ड मुरादनगर में सुकन्या समृद्धि योजना को लेकर एक कैंप भारतीय डाक विभाग के कैंप संचालक रामसेवक कश्यप एमटीएस व अर्पित श्रीवास्तव बीपीएम बडेलिया




हरगांव द्वारा वार्ड मुरादनगर के सभासद शोएब खां की मौजूदगी में लगाया गया। इस कैंप में कैंप आयोजकों ने जानकारी दी कि जीरो से पांच वर्ष के बच्चों के आधार, जीरो से दस वर्ष के बच्चों के सुकन्या समृद्धि हेतु खाते व आरडीएस, बीटीडी आदि के खाते खोले जाते हैं। कैंप के आयोजकों ने जनसंपर्क कर डाकघर की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक अधीक्षक कोमल दयाल, राजकुमार तिवारी, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, पूर्व सभासद इक्तेदार खां, नोखे लाल, श्रवण तिवारी, सईद खां, अबरार खां, योगेश तिवारी, जगत नारायन अवस्थी, आशुतोष तिवारी आदि मौजूद रहे।

## महोली तहसील बार एसोसिएशन चुनाव में लगा ग्रहण, टल सकता है चुनाव




जिला संवाददाता(vol)

महोली/ सीतापुर बार एसोसिएशन की चुनाव की घोषणा बैठक के दौरान एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रामाश्रय अवस्थी द्वारा की गई थी। जिसमें 7 जनवरी से चुनाव की प्रक्रिया शुरू होकर 17 जनवरी को मतदान होना था। इसी बीच निर्वतमान महासचिव द्वारा 7 जनवरी को प्रकाशित होने वाली निर्वाचक नामावली सूचियां में खामियां होने के चलते एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष से 2 दिन का समय मांगा था। समय व्यतीत हो जाने के बाद भी निर्वाचक नामावली सूची एल्डर्स कमेटी को नहीं सौंपी गई। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रामाश्रय अवस्थी ने बताया कि निर्वतमान महासचिव के द्वारा दो बार प्रार्थना पत्र देते हुए बताया गया कि अधिवक्ताओं के पंजीकरण अथवा सीओपी नंबर सूची में दर्ज न होने से निर्वाचक नामावली जारी करना संभव नहीं है।

महासचिव को मेरे द्वारा आदेश जारी किया गया कि दो दिन के अंदर निर्वाचक नामावली उपलब्ध करा दें। जिससे समय पर चुनाव कराया जा सके। उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन के निवर्तमान महासचिव के द्वारा जानबूझकर निर्वाचक नामावली प्रस्तुत नहीं की जा रही है इससे प्रतीत होता है कि वह चुनाव प्रक्रिया को बाधित कर रहे हैं। जबकि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल का मतदान 30 व 31 जनवरी को सीतापुर में होना है। गाइडलाइन के अनुसार बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश चुनाव के 10 दिन पूर्व बार का चुनाव करा लेना चाहिए। अगर दो दिन में निवर्तमान महासचिव के द्वारा सूची उपलब्ध नहीं कराई गई तो चुनाव कराना संभव नहीं होगा। महासचिव जगजीवन भारती ने बताया कि पुरानी मतदाता निर्वाचक नामावली में कई अधिवक्ताओं के पंजीकरण अथवा सीओपी नंबर अंकित नहीं है जिन्हें अधिवक्ताओं से मांगा गया है। पंजीकरण अथवा सीओपी नंबर मिलते ही सूची एल्डर्स कमेटी को सौंप दी जाएगी।

## सांसद का जन्मदिवस सामाजिक व सेवा कार्यक्रमों के साथ मनाया

जिला संवाददाता(vol)




उन्नाव। जिले के सांसद डॉ. स्वामी हरि साक्षी महाराज के 69वें जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार को जनपद में धार्मिक, सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जन्मदिवस की शुरूआत सांसद के आवास पर प्रातः रुद्राभिषेक से हुई, जहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कर उनके दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इसके पश्चात तुलादान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सांसद के बराबर वजन की मिठाइयों का वितरण किया गया। इसके बाद सांसद साक्षी महाराज हनुमंत जीव आश्रय पहुंचे, जहां उन्होंने गौमाताओं को चारा खिलाया और विधिवत गऊ पूजन-अर्चन किया।

तत्पश्चात बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन कर श्रद्धालुओं में प्रसाद व फल वितरित किए गए। जिले के सदर विधायक पंकज गुप्ता के कैंप कार्यालय पर आयोजित नेत्र शिविर का सांसद द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। वहीं स्टेशन परिसर में फाउंडेशन द्वारा आयोजित 171वें भोजन वितरण कार्यक्रम में पहुंचकर सांसद ने जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया। दिनभर चले कार्यक्रमों के क्रम में अरोड़ा रिसॉर्ट में हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पूरे दिन विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा वीआईपी व्यक्तियों ने पहुंचकर सांसद को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में साक्षी धाम में उज्जैन से आए आचार्यों के सानिध्य में रुद्राभिषेक, हनुमंत जीव आश्रय संस्थान में गऊ पूजा, अस्पतालों में मरीजों को फल व दूध वितरण, बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन एवं फल वितरण किया गया। सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा प्रत्येक माह की 12 तारीख को आयोजित होने वाला मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर भी इस बार सांसद साक्षी महाराज के जन्मोत्सव को समर्पित रहा। इसके उपरांत अरोड़ा रिसॉर्ट में हवन, तुलादान, दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरण, एक हजार जरूरतमंदों को कंबल वितरण एवं भजन-भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वहीं शाम को सदर विधायक पंकज गुप्ता के संयोजन में भव्य काव्य संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रसिद्ध शायर और कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ तिवारी विश्व द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह, डिप्टी सीएम केशव मौर्या, शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू सहित अन्य मन्त्रीगण व विधायक मौजूद रहे।

संक्षेप

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, तीन की मौत

**बांदा।** तेज रफ्तार अनियंत्रित हुई बाईक में जा रहे लगभग एक ही उम्र के तीन युवकों की दुर्घटना में मौत हो गयी। बीती देर रात काम देखने कालिंजर थाना क्षेत्र के नीबी बिरौना गांव जा रहे रसिन गांव निवासी बृजकिशोर द्विवेदी के पुत्र धीरेन्द्र उर्फ धीरू 35, रसिन अंश ब्यूर निवासी राजाबाबू पुत्र भगवान दीन 33 के साथ मजदूरी करने वाले अर्जुन पुत्र लाला भाई 32 नीबी बिरौना निमार्णाधीन घरों की शटरिंग का काम देखने जा रहे थे। रविवार की रात करीब 10 बजे फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के बघेलाबारी से पर्यटक सड़क कालिंजर को जोड़ने वाले मार्ग में कल्याणपुर गांव के पहले नदी तट पर नग बाबा स्थान के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर शीशम के पेड़ से टकरा गयी। जिससे एक ही बाइक में सवार तीनों युवकों की मौत हो गयी। लोगों ने पुलिस को जानकारी दी।

एंबुलेंस पहुंची और तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज बांदा लाए लेकिन यहां तीनों युवकों की मौत हो जाने की चिकित्सक ने पुष्टि की। फतेहगंज उप निरीक्षक गुलाबचंद्र यादव ने बताया कि चालक राजाबाबू हेलमेट पहने था और तीनों युवक शराब के नशे में धुत थे। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया।

## बोर्ड बैठक में विकास कार्यों के विभिन्न प्रस्ताव पास

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद सभाकक्ष में पालिका की बोर्ड बैठक नपाध्यक्ष सोनाली जैन की अध्यक्षता, पार्षदों व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति सम्पन्न हुई। बोर्ड बैठक के दौरान कार्यालय अधीक्षक/कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन द्वारा प्रस्ताव सं.-1360 से लेकर प्रस्ताव सं.-1592 तक प्रस्तावों को बोर्ड के समक्ष रखा। जिसमें से बोर्ड प्रस्ताव सं. 1402 जो कि वार्ड नं. 22 मु.नदीपुरा में मछली मार्केट में टीनशैड, बाउण्ड्रीबाल व मरम्मत कार्य को बोर्ड द्वारा निरस्त किया गया, इसके अलावा अन्य सभी प्रस्तावों पर बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त किये जाने की जानकारी दी गई।

बोर्ड बैठक में पार्षद सोनसिंह यादव, मिथलेश कुशवाहा, मोहिनी दरौनिया, पुष्पा राजा, जानकी प्रसाद, रजनी रजक, उदयप्रताप यादव, अशोक कुमार पंथ, अफजुल रहमान, मो.मुस्तफा खां, दीपा कुशवाहा, सविता कुशवाहा, पूजा यादव, मनमोहन चैबे एड., शिवानी कुशवाहा, कुन्दन पाल, आलोक कुमार जैन मयूर, कीर्ति नायक, जगदीश यादव, रामकिंकर पटैरिया, मो.अब्दुल वारी, फरजाना बानो, रमेश कुमार उर्फ गांधी, धर्मवीर कुशवाहा, गिरीश पाठक, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, अवर अभियंता निधि पाण्डेय सहित अन्य पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारी संघ का निर्वाचन आज

**ललितपुर।** उ.प्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह व महामंत्री जयप्रकाश ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी करते हुये बताया कि संघ की जनपद शाखा ललितपुर का चुनाव/अधिवेशन की जानकारी दी है। बताया कि उ.प्र.पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रान्तीय पत्र संख्या-304/ग्रा.स./ संघ-चुनाव/ 2025-26 दिनांक 03 जनवरी 2026 के क्रम में उ.प्र. शासन से मान्यता प्राप्त संघ जनपद का कार्यकाल समाप्त होने के उपरान्त सेवा संघ मान्यता नियमावली 1979 तथा संघ बॉयलॉज के अनुसार प्रान्तीय संघ द्वारा जनपद ललितपुर का चुनाव/ अधिवेशन 13 जनवरी को नामांकन तथा 22 जनवरी 2026 को मतदान कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश कार्यकारिणी का हवाला देते हुये उन्होंने चुनाव कार्यक्रम को लेकर बताया कि 13 जनवरी को नामाकंन सुबह 10 से 11 बजे तक किया जायेगा।

नामाकंन वापिसी उसी दिवस में सुबह 11 से 12 बजे तक एवं नामाकंन उपरान्त निर्वाचन के लिए चुनाव चिह्न का आवंटन 12 से अपराह्न 1 बजे तक किया जायेगा। तदोपरान्त डीपीआरओ कार्यालय सभागार में सभी चुनावी प्रक्रियाएं सम्पादित की जायेंगी।

# एएचटी टीम ने अभियान चलाकर चार किशोरों को कराया बाल श्रम से मुक्त

जिला संवाददाता




**ललितपुर।** जनपद स्तर पर चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह की घटनाओं को रोकना, अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास किशोर श्रम उन्मूलन रोकथाम व बाल भिक्षावृत्ति अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक, नोडल अधिकारी कालू सिंह के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग एएचटी

● जनपद में नहीं थम रहा बालश्रम

जनपद ललितपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर थाना ए0एच0टी0 मय हमराह म0का0 कल्पना बाजपेयी तथा श्रम विभाग से अनिल कुमार, कुलदीप गुप्ता मय टीम व जिला प्रोबेशन से जयराम वन स्टाप सेन्टर से ममता श्रीवास, पूनम शर्मा, चाइल्ड लाइन से शुभम शुक्ला की संयुक्त टीम द्वारा कस्बा ललितपुर में रेलवे स्टेशन, स्टेशन रोड, नझाई बाजार, होटल, ढाबा, रेस्टोरेन्ट में ब्यापक रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं पुरुषो एवं बच्चो को बाल विवाह, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन, बंधुआ मजदूरी तथा मानव तस्करी रोकथाम के सबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

अभियान के दौरान कुल 04 किशोर श्रमिक बालश्रम करते मिले, श्रम विभाग द्वारा नियोजकों को मौके पर ही नोटिस देकर किशोर श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। नियोजकों, प्रतिष्ठान स्वामी को एकत्रित करके ए0एच0टी0 व श्रम प्रर्वतन टीम, जिला प्रोबेशन, चाइल्ड लाइन, वन स्टाप सेन्टर के द्वारा बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति के बारें में जागरुक किया गया। किसी भी लडकी का 18 वर्ष से कम व लडके का 21 वर्ष से कम उम्र विवाह करना कानूनी अपराध है।

बाल विवाह मुक्त भारत के बारें में बताते हुये इस बात की शपथ ली गयी कि हम अपने आस पास के क्षेत्र में बाल विवाह रोकने का हर सम्भव प्रयास करेंगें। अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों जनरल स्टोर व दुकानदारों को बालश्रम अधिनियम के बारे बताया गया व हिदायत किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

## नवजात की चिकित्सक की लापरवाही से मौत, हॉस्पिटल सील



जिला संवाददाता ( vol )

**बिजनौर।** निजी चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल में रविवार देर की रात नवजात बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डाक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया है। जानकारी के अनुसार थाना धामपुर क्षेत्र के कालागढ़ मार्ग स्थित आरएसएम तिराहे के पास एक निजी चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल में थाना बढ़ापुर के ग्राम सारंगवाला निवासी अर्जुन कुमार की पत्नी ने बीती जनवरी 2026 को एक पुत्र को जन्म दिया था। वहां पर डॉक्टर ने बच्चे की तबीयत ठीक न होने की बात बताते हुए उन्हें धामपुर के चैहान चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेज दिया था। नवजात बच्चा उसी दिन से अस्पताल की मशीन में रखा हुआ था। परिजनों का आरोप है कि रविवार देर रात को लगभग 10:30 बजे बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डाक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। मामले की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस द्वारा पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपर्द किया गया। परिजन बच्चे का शव लेकर अपने घर चले गए। उधर पीएचसी के प्रभारी डॉ अंकित कुमार ने बताया कि एसीएमओ डा अनिल कुमार के आदेश पर उन्होंने घटना वाले अस्पताल को सील कर दिया है। विभागीय काम से नोडल अधिकारी डॉ0 कष्ण कान्त राहुल बाहर गए हुए है। अग्रिम कार्रवाई उनके द्वारा की जायेगी।

# एसपी ने मासिक अपराध समीक्षा-गोष्ठी कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की पारिवारिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त मासिक अपराध समीक्षा बैठक में समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना

● शान्ति एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत थाना क्षेत्रों की सभी सीमाओं पर बैरियर लगाकर नियमित रुप से चेकिंग करें

प्रभारियों, समस्त शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी। एसपी ने आगामी त्योहार ह्न(गणतन्त्र दिवस, मकर संक्रान्ति, बसन्त पंचमी आदि)ह्न के दृष्टिगत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमोंध्मेला को शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत माल निस्तारण (वाहन) के सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय व डी0जी0 परिपत्र के द्वारा जारी किये गये आदेश निदेशी का अक्षरशः अनुपालन कराते हुये निस्तारण की कार्यवाही नियमानुसार व समयबद्धरुप से करने हेतु निर्देशित किया गया। शासन की मंशानुरूप जन-सुनवाई पर विशेष ध्यान देते हुये समस्त पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में प्रभावी जनसुनवाई कर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का उचितध्गुणवत्तापूर्ण व समयवद्ध निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये। जनपद में सभी प्रकार के अपराधों में संलिप्त माफियाओं को चिन्हित करने तथा उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। एस पी ने जनपद में ह्नगैंगस्टर एक्टह्न की धारा 14 (1) सम्पति जब्तीकरण की कार्यवाही के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में वांछित, वारन्टी, टॉप टेन, अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी,की सतत निगरानी व अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये। किसी भी दशा में अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो। अपराध समीक्षा बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारी, वन विभाग, समस्त शाखा प्रभारी, प्रभारी जीआरपी, प्रभारी आरपीएफ, पीसी होमगार्डस, प्रतिसार निरीक्षक ललितपुर, एवं अन्य अधि0 कर्म0 गण मौजूद रहें

## लंबित ऋण पत्रावलियों को समयावधि के अंदर निपटान करना सुनिश्चित करें: डीएम

ललितपुर। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी सत्यप्रकाश की अध्यक्षता में समपन्न हुई। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी बैंकों को निर्देशित किया गया कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार करते हुए लंबित ऋण पत्रावलियों को समयावधि के अंदर निपटान करना सुनिश्चित करें। अग्रणी जिला प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयक, प्रबंधक को इस माह के लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए ताकि जनपद की सीएम डैशबोर्ड में रैंक सकारात्मक रहे। इस पर अग्रणी जिला प्रबंधक महोदय एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयकध्प्रबंधक ने लक्ष्य प्राप्त करने का आश्वासन दिया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा योजनांतर्गत प्राप्त शिकायतों पर उद्यमियों से सीधी वार्ता की गई और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान भी किया गया।

## भाजपा की प्रेस वार्ता, जी राम जी अधिनियम की जानकारी

**बांदा।** विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम को लेकर भाजपा व सहयोगी दलों की प्रेस वार्ता हुई। इस दौरान विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं अजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 की जानकारी दी गई। जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को केवल कल्याण योजना के रूप में नहीं, बल्कि विकास से जुड़ी गारंटी के रूप में स्थापित करना है ताकि यह विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनरुप हो। यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को आधुनिक बनाने का लक्ष्य रखता है और मनरेगा की पुरानी कमजोरियों को दूर करने के लिए तकनीक पर आधारित




पारदर्शिता, मजबूत जवाबदेही और स्थाई संसाधनों व दीर्घकालीन ग्रामीण उत्पादन पर विशेष ध्यान देने की व्यवस्था करता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण परिवार को मिलने वाली निश्चित रोजगार 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है और 185 दिनों की गारंटी देता है। इस अधिनियम में किसानों के हितों की सुरक्षा का ध्यान रखा गया है और फसल बोने और काटने के प्रमुख मौसमों के दौरान अन्य विकसित भारत-जी राम जी के कार्यों को कानूनी रूप से रोका जायेगा। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम 60 दिन अतिरिक्त मजदूरी पाने की गारंटी देता है। साथ ही यह भी गारंटी है कि यदि किसी ग्रामीण को काम की माँग के 15 दिन के अंदर रोजगार नहीं मिलता तो भत्ता दिया जायेगा। इसी प्रकार जहाँ भुगतान के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था वहीं इस अधिनियम में मांगे गए काम के 7 दिनों के अंदर यदि कोई भुगतान नहीं मिलता तो व्याज सहित भुगतान किया जायेगा। प्रेसवार्ता में भाजपा के सहयोगी दलों में सोहेल देव पार्टी से बुंदेलखंड अध्यक्ष बलवंत सिंह खेंगर व जिलाध्यक्ष कमलेश चैरसिया, लोकदल से जिला प्रभारी नईम नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना मौजूद रहे।

# जनगणना कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाये: जयप्रकाश




जिला संवाददाता ( vol )

**बिजनौर।** जनगणना प्रभारी जयप्रकाश यादव की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारु रूप से सम्पन्न करने के संबंध में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनगणना कार्य को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जाए। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में जनगणना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर जनगणना सेल की स्थापना करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर टीमों का गठन करें तथा टीम में एक टेक्निकल सदस्य को अनिवार्य रूप से शामिल करें जिससे कि डाटा फीडिंग के कार्य में कोई दिक्कत न होने पाए। उन्होंने नागरिकों से समन्वय बनाए रखना, सही एवं पूर्ण जानकारी का संकलन करना तथा डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने जनगणना रजिस्टर को भी मेंटेन रखें। बैठक के दौरान जनगणना प्रभारी ने जनगणना 2027 की तैयारियों, कार्ययोजना, मानव संसाधन की उपलब्धता, प्रशिक्षण व्यवस्था, तकनीकी सहयोग तथा फील्ड स्तर पर किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को सजग रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनगणना 2027 को सफल बनाना सुनिश्चित करें।

## विधायक ने किए कोतवाल समेत पुलिसकर्मी सम्मानित



**बांदा।** पुलिस की बेहतर कार्यशैली को लेकर शहर के सारंग होटल में शहर कोतवाल बलराम सिंह, एसओजी प्रभारी आनंद कुमार, चैकी मर्दननाका बुद्धिसागर, इबरार सिद्दीकी, उप निरीक्षक जगदीश प्रसाद तिवारी, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार, गोविन्द यादव, रिषभ कुमार, कोतवाली क्राइम इंस्पेक्टर विजय कुशवाहा, सब इंस्पेक्टर जगदीश तिवारी, अमित तिवारी, अमित कुशवाहा आदि एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों को मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और बांदा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी व अतिथियों ने सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व मेविस टॉक क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अपराधियों पर लगाम लगाने वाली टीम को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया है। बांदा उद्योग व्यापार मंडल ने नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई के लिए समर्पित पुलिस प्रशासन को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया था। कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संतोष अनशनकारी, महामंत्री संजीव सेठ, कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता, पूर्व पालिका चेयरमैन राजकुमार राज, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, व्यापारी नेता मनोज जैन, सुनील सक्सेना, उपाध्यक्ष व्यापार मंडल, संजय जैन व बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर मेडिकल कॉलेज में युवा शक्ति रन आयोजित



**ललितपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में सोमवार को ह्ययुवा शक्ति रनह्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण, स्वास्थ्य जागरूकता, अनुशासन एवं स्वदेशी मूल्यों के प्रति प्रेरणा देना रहा। प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत उप-प्रधानाचार्य डॉ. श्रुति सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गजेंद्र सिंह एवं माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. मधुरेंद्र सिंह राजपूत द्वारा एमबीबीएस छात्राओं की रैली को हरी झंडी दिखाकर की गई। इसके पश्चात स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों का स्मरण किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर भारत, स्वस्थ जीवनशैली एवं समाज सेवा के संकल्प की शपथ दिलाई गई। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ. देश निधि सिंह, डॉ. सत्येंद्र प्रजापति, डॉ. उत्कर्ष लाहोरिया, मीडिया प्रभारी डॉ. विशाल जैन सहित छात्र-छात्राओं एवं चिकित्सालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की

## जेल में सजा काट रहे 50 बंदियों को यूनिट की तरफ से निःशुल्क गरम शॉल वितरित



**नगीना, बिजनौर।** ऑल इंडिया पायामय इंसानियत स्योहारा एंव नगीना यूनिट की तरफ से अलीगढ़ जेल में सजा काट रहे बंदियों को 50 गरम शॉल निःशुल्क बाटी गई। इस मौके पर ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फार्म के जिम्मेदार मौलाना अरशद हक्की ने बताया की चुके ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फार्म पूरे हिंदुस्तान और यूपी में यह सामाजिक कार्य करती रहती है जिसमें जेल में बंद कैदियों को गरम शॉल गरम कंबल गर्म कपड़े और जो बंदी जेल में जुमार्ना ना भरने की बिना पर सजा काट रहे होते हैं उनको ऑल इंडिया पायामय इंसानियत की तरफ से पैसा इकट्ठा करके उनका जुमार्ने को भरकर उनको एक अच्छा जीवन जीने की सीख देता है। इस मौके पर मुफ्ती फूजैल साहब ने बताया की ऑल इंडिया पायामय इंसानियत जाड़ों में चाय गरम कपड़े और लिहाफ कंबल वगैरा बिना भेदभाव के निशुल्क प्रदान करती रहती है और प्यार मोहब्बत का पैगाम दिया जाता है। प्रोग्राम में मौलाना अरशद हक्की, मुफ्ती फूजे, हाजी तंजील आलम आदि मौजूद रहे।

## चोरी के मामले पर 4 गिरफ्तार जेवर, रुपये बरामद

**बांदा।** कमासिन पुलिस ने चोरी की घटना का खुलाशा कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के लगभग 4 लाख रुपये कीमत की पीली और सफेद घातु के टुकड़े व 14 हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं। थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम महेड़ में राधेश्याम पुत्र ननकू के घर में अज्ञात चोरों ने बीते 25 दिसम्बर की रात ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। तहरीर के आधार पर थाना में अभियोग दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया था। कमासिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों धर्मेन्द्र पुत्र जवाहरलाल निवासी, सत्येन्द्र कुमार पुत्र छेदीलाल, आशीष कुमार पुत्र मोहन व आशीष पुत्र हरछठिया सभी निवासी गौरा लखनपुर को कमासिन राजापुर मार्ग से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूंछताछ में चोरी की घटना की बात स्वीकारी है। इनके पास से लगभग 4 लाख रुपये कीमत के सोने व चांदी के जेवर और 14 हजार रुपये चोरी के नकद बरामद हुए हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा, उप निरीक्षक रामऔतार सिंह व टीम रही।

## महिला उपभोक्ता से अभद्रता करने वाले विद्युत कर्मियों के खिलाफ कार्रवाही की मांग

**बिजनौर।** विद्युत विभाग के दो कर्मचारियों ने एक अधेड महिला के साथ अभद्रता की। दस हजार रुपये से अधिक का बिल होने पर दोनों विद्युत कर्मियों ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए घर का विद्युत केबिल काटने की धमकी दे डाली।

थाना नांगल सोती के मोहल्ला जोशियानं निवासी उपभोक्ता सीमा देवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि विद्युत कर्मचारियों ने उनको धमकाते हुए वहां पर खड़े हुए समाज के लोगों के बीच बुरी तरह जोर-जोर से शोर मचा कर उपभोक्ता महिला से तीखी नोक झोक करनी शुरू कर दी। कुछ ही देर बाद उपभोक्ता के परिजन पहुंच गए तो उनके साथ भी विद्युत कर्मचारी भीड़ गए। आरोप है कि संविदाकर्मी का पहले भी क्षेत्र के अन्य विद्युत उपभोक्ताओं से विवाद हो चुका है। विद्युत कर्मचारी पर कानूनी कार्रवाई भी अफसर द्वारा अमल में लाई गई थी। विद्युत विभाग के एसडीओ नजीबाबाद ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि मामला संज्ञान में आया है अगर ऐसा हुआ है तो संविदाकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर उपभोक्ता सीमा देवी ने संविदा कर्मी श्यामवीर सिंह पुत्र नाथे सिंह, टीकम सिंह पुत्र बलबीर सिंह के खिलाफ थाने में तहरीर देकर दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## मतदान से संबंधी रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**महोबा।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 12 जनवरी 2026 को पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में मतदान से संबंधित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद की देखरेख में किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को वोट जरुर डालना चाहिए इसलिए 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता बनने के लिए पंजीकरण अवश्य कराना चाहिए। इस अवसर पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेल्प डेस्क का शुभारंभ भी किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं को प्रधानाचार्या सरगम खरे द्वारा लंच बॉक्स एवं ज्योमेट्री बॉक्स देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर नेहा सोनी, रंजना धुरिया, संतोष कुमार, नेहा नगायच, रामप्यारी, प्रियंका गुप्ता आदि शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद

## भक्ति केवल शब्द नही, जीवन जीने की सजग यात्रा: माता सुदीक्षा



**बांदा।** शहर के शास्त्री नगर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में भक्ति पर्व समागम के अवसर पर ज्ञान प्रचारक दिलीप सिंह की उपस्थिति में विशाल सत्संग आयोजित हुआ। ह्यभक्ति केवल शब्द नही, जीवन जीने की सजग यात्रा हैह्न यह बात निरंकारी सत्गुरू माता सुदीक्षा ने हरियाणा स्थित संत निरंकारी, अध्यात्मिक स्थल समलखा में भक्ति पर्व समागम के अवसर पर श्रद्धालुओं से कही। इस दौरान सत्गुरू माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सानिंध्य में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास की अनोखी छटा देखने को मिली। समागम के दौरान अनेक वक्ताओं, कवियों एवं गीतकारों ने अपनी विधाओं के जरिए गुरू महिमा, भक्ति भाव और मानव कल्याण के संदेशों को अत्यंत भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। निरंकारी मिशन का मूल सिद्धांत यही है कि भक्ति, परमात्मा के तत्व को जानकर ही अपने वास्तविक एवं सार्थक स्वरूप को प्राप्त करती है। निःसंदेह सत्गुरू माता सुदीक्षा के अमूल्य प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को ब्रम्हज्ञान के माध्यम से भक्ति के वास्तविक अर्थ को समझने और दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

## कांग्रेसियों ने प्रियंका गांधी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वायनाड से सांसद एवं कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। कांग्रेसियों ने कहा कि प्रियंका गांधी का जीवन संघर्ष, सेवा और आम जनता के अधिकारों के लिए समर्पित है। उनके जन्मदिन को जनसेवा के रूप में मनाकर कांग्रेस पार्टी ने मानवीय मूल्यों और सामाजिक सरोकारों का संदेश दिया। इस दौरान दयाराम, जसपाल सिंह, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, रामनरेश दुबे, मु.इमरान, रफीक अली, जावेद किरमानी, सुशील रजक, प्रेमशंकर गुप्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रियंका गांधी की दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना

# खतरे में वैश्विक व्यवस्था

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दूसरी बार कार्यभार संभालने के दिन से ही अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को ध्वस्त करने वाले फैसले कर रहे हैं। वे कुछ मामलों में हमेशा स्पष्ट रहे हैं। उनके दृष्टिकोण में बहुपक्षीय मंच अमेरिका की संप्रभुता को कमजोर करते हैं और सीधे उनके 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के एजेंडे से टकराते हैं। इसी सोच के चलते उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से बाहर निकलने का निर्णय लिया, जिनमें से अनेक संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था के अंतर्गत आते हैं। अतीत में उनके प्रशासन ने अमेरिका को जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते जैसे ढांचों से बाहर निकाला है, संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय बकायों का भुगतान रोका है, और विश्व व्यापार संगठन को प्रभावी रूप से पंगु बना दिया है। लेकिन उनकी नवीनतम कार्रवाई इससे भी आगे बढ़ गई है। गौर करने की बात है कि अमेरिका हमेशा से कई बहुपक्षीय मंचों में अपेक्षाकृत अनिच्छुक प्रतिभागी रहा है। अमेरिका की राजनीति में एक गहरी संयुक्त राष्ट्र-विरोधी प्रवृत्ति रही है। मुख्य धारा के अमेरिकी राजनेता भी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय जैसे संगठनों में शामिल होने में सतर्क रहे हैं, यह मानते हुए कि यह अमेरिका में असंवैधानिक होगा या उसकी संप्रभुता को छीन लेगा। इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो ट्रंप केवल अमेरिकी राजनीति की एक मौजूदा धारा को एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने पेरिस समझौते में दोबारा प्रवेश तो किया, लेकिन उदाहरण के लिए, उन्होंने अपने पूर्ववर्ती द्वारा विश्व व्यापार संगठन को पहुंचाए गये नुकसान को ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। ऐसे में इस नवीनतम बदलाव का विश्लेषण केवल ट्रंप की विदेशियों के प्रति जाहिर की गयी नापसंदगी से अधिक



गहराई में जाकर किया जाना चाहिए। इस सूची में कुछ संगठन ऐसे हो सकते हैं जिन्हें निष्क्रिय या अपेक्षाकृत निरर्थक माना जा सकता है, लेकिन अन्य निश्चित रूप से ऐसा नहीं हैं। उदाहरण के लिए, संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा समझौता (यूएनएफसीसीसी) अंतर राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु कार्रवाई में सहयोग के लिए एक बुनियाद की तरह है। इससे पूर्ण रूप से बाहर निकलना, साथ ही जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति (आईपीसीसी) से भी, जो वैज्ञानिकों द्वारा देखे गए वैश्विक ऊष्मीकरण के वास्तविक प्रभावों पर सारांश रिपोर्ट तैयार करती है, उन वैश्विक प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका है, जिनका उद्देश्य औसत तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। कुछ छोटे संगठन, उदाहरण के लिए महिला और बाल स्वास्थ्य पर काम करने वाले संगठन ट्रंप के इस निर्णय के परिणाम स्वरूप पूरी तरह से वित्तीय सहायता से वंचित हो सकते हैं। इस खोई हुई क्षमता और फंडिंग की भरपाई करने का बड़ा बोझ यूरोपीय संघ और अन्य विकसित देशों पर पड़ेगा। बड़ा सवाल यह है कि क्या अमेरिका का यह पीछे हटना इन संगठनों और उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की वैधता को भी प्रभावित करेगा, जिसका वे प्रतिनिधित्व करते हैं। फिलहाल ऐसा प्रतीत नहीं होता। ट्रंप अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को पुनः आकार देने और पुनर्गठित करने की कोशिश कर सकते हैं ताकि अमेरिका की प्रधानता को अधिक प्रत्यक्ष रूप से बनाये रखा जा सके। लेकिन अब तक उनकी कार्रवाइयां पूरी तरह विध्वंसकारी रही हैं। वे वैश्विक शासन को कमजोर कर सकती हैं, परंतु मौजूदा व्यवस्थाओं की वैधता को नहीं मिटातीं। इसका स्पष्ट परिणाम यह होगा कि समय के साथ चीन उस भूमिका को निभाने के लिए आगे आएगा जिसे अमेरिका ने छोड़ दिया है। दूसरे शब्दों में, ट्रंप अमेरिका की संप्रभुता को मजबूत नहीं कर रहे हैं, बल्कि उसकी प्रधानता अपने सबसे बड़े रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी को सौंप रहे हैं। दरअसल वैश्विक व्यवस्था को ध्वस्त करने का सबसे बुरा परिणाम अमरीका के लिए यह होगा कि अमरीका जहां-जहां स्पेस छोड़ेगा उसे भरने के लिए चीन, भारत, रूस, जर्मनी जैसे देश आगे आयेंगे और इस तरह अमेरिका वैश्विक मंच से धीरे-धीरे अलग-थलग होता जायेगा।

# ब्लॉकबस्टर मूवी बनता जा रहा विस चुनाव



शाहिद ए चौधरी

बीजेपी चाहती है कि एएमएमके (धिनाकरन) डीएमडीके (दिवंगत एक्टर विजयकांत की पार्टी) और पीएमके (रामदास) एनडीए में लौट आयें। ईपीएस अभी भी चुनाव आयोग द्वारा नियंत्रित चुनाव चिन्ह (दो पत्तियों) विवाद में ओपीएस से उलझे हुए हैं, जिन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था। बीजेपी ओपीएस को वापस अन्ना द्रमुक में चाहती है, जिसे ईपीएस मानने के लिए तैयार नहीं हैं।

गृहमंत्री अमित शाह की सहमति से बीजेपी के एक प्रतिनिधि ने 8 जनवरी 2026 की शाम को पीएमके के संस्थापक एस. रामदास से उनके चेन्नै स्थित निवास पर मुलाकात की और उन्हें उनके बेटे अंबुमणि के पीएमके गुट से अधिक सीट देने की पेशकश की। ऐसा अनेक सूत्रों का दावा है। इसका अर्थ यह है कि तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी हर संभव कोशिश कर रही है कि रामदास एनडीए में शामिल हो जाएं। रामदास के बेटे अंबुमणि ने अपने पिता से अलग होकर अलग पीएमके गुट गठित कर लिया है, जिसे अन्ना द्रमुक व बीजेपी गठबंधन ने न सिर्फ स्वीकार कर लिया है बल्कि उसे उसकी पसंद की सीटें भी आवंटित कर दी हैं। इस बात से रामदास नाराज हैं। चूंकि तमिलनाडु के एक वर्ग में रामदास की अच्छी पकड़ है, इसलिए बीजेपी उन्हें अपने साथ लाने की कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

पीएमके के साथ वही हुआ है, जो महाराष्ट्र में शिव सेना व एनसीपी के साथ हुआ था। पार्टी दो फाड़ हुई, असल पार्टी किसकी है और किसके साथ है इस पर कानूनी विवाद है, लेकिन अन्ना द्रमुक व बीजेपी ने अंबुमणि की पीएमके को 'असल' के रूप में स्वीकार कर लिया है, जैसे महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे (शिव सेना) व अजित पवार (एनसीपी) को मान्यता प्रदान कर दी गई थी। रामदास, जिन्हें तमिलनाडु की राजनीति में अय्या कहकर पुकारा जाता है, इसी बात से नाराज हैं। बहरहाल, बीजेपी के प्रतिनिधि ने अय्या से वायदा किया है, सूत्रों के अनुसार, कि उन्हें अंबुमणि से अधिक सीटें दी जायेंगी। अय्या से यह भी कहा गया है कि उन्हें न तो अपने बेटे के साथ मंच साझा करने के लिए कहा जायेगा और न ही अंबुमणि के प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने को कहा जायेगा। इसके अतिरिक्त बीजेपी ने अय्या को विश्वास दिलाया है कि उनके प्रत्याशी पीएमके के मूल चुनाव चिन्ह आम पर चुनाव लड़ सकेंगे। अय्या से यह भी कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'इच्छा' है कि वह एनडीए में शामिल हो जाएं। रामदास ने इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए चार दिन का समय मांगा है। पीएमके ने 2021 के विधानसभा चुनाव में एनडीए का हिस्सा रहते हुए




23 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें से उसने 5 पर जीत हासिल की थी, लेकिन 2024 के लोक सभा चुनाव में वह अपना खाता भी नहीं खोल पायी थी। सवाल यह है कि क्या रामदास एनडीए में लौटेंगे? मुश्किल लगता है। सबसे पहली बात तो यह है कि वह अपनी पार्टी तोड़े जाने व अन्य कारणों से अपने बेटे अंबुमणि से बहुत नाराज हैं। अन्ना द्रमुक व बीजेपी द्वारा अंबुमणि को नेता मानने ने आग में घी का काम किया है। रामदास यह भी जानते हैं कि किस तरह बड़ी मछली (बीजेपी) छोटी मछलियों (अकाली दल, शिव सेना आदि) को खा जाती है। फिर रामदास ने हाल ही में स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार की तारीफ की है, जिससे यह संकेत मिलता है कि वह पाला बदलने पर विचार कर रहे हैं, द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन की ओर जिसमें कांग्रेस भी है। अय्या ने कहा, 'एमके स्टालिन का शासन अच्छा है।' उन्होंने यह भी याद दिलाया कि उनके नेतृत्व में पीएमके ने 2006 में एम करुणानिधि की सरकार को बिना शर्त समर्थन दिया था, जब विधानसभा में उसके पास पर्याप्त बहुमत नहीं था।

**तमिलनाडु**

हालांकि रामदास का खेमा द्रमुक के संपर्क में है, लेकिन उसके विकल्प सीमित हो सकते हैं; क्योंकि वहां थोई थिरुमावालावन की वीसीके मौजूद है, जिससे पीएमके की कट्टर प्रतिद्वंदिता है। थिरुमावालावन ने निरंतर दोहराया है कि वह उस गठबंधन का हिस्सा कभी नहीं हो सकते, जिसमें पीएमके और बीजेपी शामिल हों। लेकिन रामदास का कहना है कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है, जिसकी उम्मीद नहीं की जा सकती वह भी। जब बाप बेटे आमने-सामने हो सकते हैं, अकोला (महाराष्ट्र) में बीजेपी व असदुद्दीन ओवैसी की एमआईएम गठबंधन कर सकते हैं तो सियासत में क्या नहीं हो सकता। वैसे भी भारत में अब विचारधारा व सिद्धांतों की राजनीति तो रही नहीं है। अब सियासत में एकमात्र लक्ष्य सत्ता पाना रह गया है, न कोई दोस्त है और न कोई दुश्मन या प्रतिद्वंदी। कपिल मिश्रा ने दिल्ली विधानसभा में ऑन-रिकॉर्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपमान की हद तक आलोचना की व आपत्तिजनक आरोप लगाये और अब वह दिल्ली की बीजेपी सरकार में मंत्री हैं। इसलिए रामदास भी किसी भी गठबंधन में जा सकते हैं। यही कारण है कि तमिलनाडु के चुनाव ब्लॉकबस्टर फिल्म की तरह होते हैं- हंगामी, रंगीन, तीखे संदेश और एल्फा स्टार्स। भारत में तमिलनाडु के अतिरिक्त कोई अन्य राज्य नहीं है जहां राजनीतिक एक्टर्स अतिशयोक्तिपूर्ण हों यानी जो अपनी उपस्थिति से लोगों को मोहित कर लें और सामान्य से अधिक ऊर्जावान हों। यह सिर्फ इसलिए नहीं है कि अनेक पार्टियों की स्थापना फिल्मी सितारों ने की द विजय नवीनतम हैं बल्कि इस वजह से भी कि लोगों तक राजनीतिक विचार पहुंचाने में सिनेमा सशक्त माध्यम रहा है।

राजनीतिक विचारधारा जितनी स्पष्ट तमिलनाडु में परिभाषित है, उतनी किसी अन्य राज्य में नहीं है। इस राज्य की सामाजिक न्याय की राजनीति जाति आधारित है, जिसमें कहीं वाम तो कहीं दक्षिण पंथ का मिश्रण है, जोकि स्वर्ण जाति की सियासत के पुनर्जागरण से अधिक पैनी हो गई है। तमिलनाडु विधानसभा की 234 सीटों के लिए चुनाव बहुकोणीय होने के नाते अधिक दिलचस्प होते हैं, लेकिन इस बार हार-जीत इस बात पर निर्भर रहेगी कि जाति के धागे पहले से ज्यादा मजबूत हुए हैं या कमजोर। इसलिए छोटी-छोटी पार्टियों का महत्व बढ़ जाता है। रामदास की पीएमके को अपनी ओर खींचने के प्रयासों की यही वजह है। इस बार एक नई बात यह हुई है कि थिरुमावालावन की वीसीके मान्यता प्राप्त राज्य पार्टी के रूप में चुनाव में उतर रही है, जोकि एक दलित पार्टी के लिए दुर्लभ उपलब्धि है और तमिलनाडु में तो ऐसा पहली बार हुआ है। लोकसभा 2024 चुनाव में वीसीके ने 2 प्रतिशत मतों के साथ 2 सीटें जीती थीं। अभी गठबंधनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, लेकिन फिलहाल की स्थिति यह है कि एक तरफ द्रमुक (स्टालिन), वीसीके (थिरुमावालावन), एमएनएम (कमल हासन), एमडीएमके (वायको), वामपंथी व कांग्रेस हैं और मुकाबले पर अन्ना द्रमुक (ईपीएस), पीएमके (अंबुमणि) और बीजेपी हैं।

बीजेपी चाहती है कि एएमएमके (धिनाकरन) डीएमडीके (दिवंगत एक्टर विजयकांत की पार्टी) और पीएमके (रामदास) एनडीए में लौट आयें। ईपीएस अभी भी चुनाव आयोग द्वारा नियंत्रित चुनाव चिन्ह (दो पत्तियों) विवाद में ओपीएस से उलझे हुए हैं, जिन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था। बीजेपी ओपीएस को वापस अन्ना द्रमुक में चाहती है, जिसे ईपीएस मानने के लिए तैयार नहीं हैं। अन्नामलाई ईपीएस की खुलकर आलोचना कर रहे हैं, इसलिए ओपीएस की वापसी की संभावना है। बहरहाल, सबकी निगाहें स्टालिन की तरफ हैं कि वह 2021 को दोहरा सकते हैं या नहीं जब उनकी द्रमुक ने 173 में से 133 सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेकिन बिना सुपरस्टार के तमिलनाडु के चुनाव होते नहीं हैं, इसलिए दोनों गठबंधन विजय की टीवी के पार्टी को अपनी ओर खींचने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि विजय ने अपनी सियासत की नींव इस बात पर रखी है कि बीजेपी विचारधारा के आधार पर दुश्मन है और द्रमुक सियासी प्रतिद्वंदी, तो क्या तमिलनाडु में नया सितारा चमकेगा?

## सोशल मीडिया

श्री सोमनाथ महादेव मंदिर- भारत का प्रथम ज्योतिर्लिंग और सदियों पुरानी अखंड आस्था व सभ्यतागत स्मृति का साक्षात प्रतीक है, केवल देवस्थान ही चेतना का प्रतीक है। केशव प्र.मौर्य



इंदौर में प्रदूषित पानी पीने से अनेक निर्दोष नागरिकों की मौत तथा अन्य अनेक लोगों के बीमार हो जाने की अति दुखद एवं चौंकाने वाली है। घटना से आक्रोश स्वाभाविक है। मायावती.



जहां-जहां भाजपा की सरकारें हैं, वहां समाज के बीच ऐसा वातावरण बनाया जा रहा, जिसके बहकावे में समाज के अंदर ही बहुत दुर्भाग्य पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। अखिलेश यादव.



# हमारी ब्रह्माण्डीय कल्पना को आकार देते हैं 'क्षुद्रग्रह'



विज्ञान

**अपराजिता**

साल 2006 में जब प्लूटो ग्रह का डिमोशन हुआ, तभी से वैज्ञानिक समुदाय और खगोलीय विषयों पर रूचि रखने वाले समुदायों ने मिलकर 30 जून को क्षुद्रग्रह दिवस मनाना शुरू किया है। कहने का मतलब यह कि यह कोई राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय दिवस तो नहीं है, बस समान रूचि वाले वैज्ञानिकों, मीडिया कर्मियों, वैज्ञानिक प्रकाशन ग्रहों और सोशल नेटवर्क में सक्रिय लोगों की ग्रहीय अध्ययन की उत्सुकता का एक जुटान है। इसलिए क्षुद्रग्रह दिवस या ड्वार्फ प्लेनेट डे को लेकर कोई आधिकारिक कार्ययोजना या कोई लक्ष्य नहीं तय होता। बस इसे ग्रहीय अध्ययन के दिन के रूप में चिन्हित किया गया है और इसकी कोई बहुत निश्चित थीम भी नहीं होती, फिर भी 2025 की थीम- 'सौरमंडल की उत्पत्ति और छुपी हुई नई खोजें', के इर्दगिर्द केंद्रित है। खास करके ट्रांस-नेप्च्यूनियन पिंडो की खोज के द्वारा। ये सभी बिंदु मिलकर मानव समाज में विज्ञान, शिक्षा, समझ और कल्पना को एक नई दिशा प्रदान करते हैं।

फिर भी यह एक बुनियादी सवाल उठता है कि आखिर हमें क्षुद्रग्रहों के विषय में क्यों जानना चाहिए या क्षुद्रग्रह के बारे में जानने से क्या होगा? इस सवाल को और फोकस करना हो तो कह सकते हैं कि आखिर इंसान को क्षुद्रग्रहों के बारे में जानने से क्या फायदा होगा? वास्तव में इस दिन की खासियत पर अगर हमें प्रकाश डालना है तो इस सवाल का जवाब ढूंढ़ना होगा। दरअसल क्षुद्रग्रहों के बारे में जानने से इंसान को एक नहीं अनेक फायदे हैं। क्षुद्रग्रह जिन्हें एस्टेरॉयड भी कहते हैं, के बारे में जानना वाकई ब्रह्मांड को सिरे से जानना है। आइये क्रम से समझें कि आखिर क्षुद्रग्रहों की समझ से इंसान को क्या फायदा होगा?

**पृथ्वी की सुरक्षा**

हम इस बात को जानते हैं कि कई क्षुद्रग्रह पृथ्वी की कक्षा के नजदीक आते हैं। अगर हमें इनकी गति, इनके रास्तों आदि का पता हो जाए तो हम यह जान सकते हैं कि भविष्य में इनकी पृथ्वी से किसी आशंकित टक्कर को कैसे टाला जा सकता है? अगर कोई क्षुद्रग्रह वास्तव में पृथ्वी से टकराने की स्थिति में हो, तो हम उसका रूख मोड़ने के बारे में सोच सकते हैं।

**सौरमंडल का इतिहास जानना**

वास्तव में जिन्हें हम क्षुद्रग्रह कहते हैं, वे दरअसल सौरमंडल के निर्माण के शुरूआती दिनों की शेष बची सामग्री हैं। इन्हें जानने से हम यह समझ सकते हैं कि आखिर ग्रह कैसे बने होंगे, साथ ही यह भी कि सौरमंडल की रचना कैसे हुई होगी और धरती पर जीवन के लिए जरूरी तत्व कहां से और कैसे पहुंचे होंगे?

**खगोलीय खनन**

अब तक यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि कई क्षुद्रग्रहों में बहुमूल्य धातुएं, जैसे प्लेटिनम, निकेल और सोना तथा पानी (हाईड्रोजन और ऑक्सीजन के रूप में) मौजूद होता है। ऐसे में भविष्य में इंसान धरती के संसाधन कम या खत्म होने के बाद कोशिश करेगा कि अंतरिक्ष से ये संसाधन हासिल करे। यही नहीं अंतरिक्ष स्टेशनों को सप्लायी देने के लिए भी इन खनिजों का दोहन किया जा सकता है। एक तरह से यह कोशिश अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का एक नया द्वार खोल सकती है।

**तकनीकी विकास और जीवन की खोज**

पिछले कई दशकों से इंसान इन क्षुद्रग्रहों पर कई तरह के मिशन भेजने की कोशिश कर रहा है। भविष्य में इनके भेजने से हमारी रॉकेट तकनीक तथा स्वचालित रोबोटिक्स, नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी। इन तकनीकों का दूरसंचार और एआई की नई से नई तकनीकों में शामिल करके हम क्षुद्रग्रहों को टटोलने के प्रयास में धरती पर जबर्दस्त तकनीकी विकास करेंगे। साथ ही इन ग्रहों के जरिये वैज्ञानिक अंततः यह पता लगाने में सक्षम साबित होंगे कि धरती पर आखिर जीवन पैदा कैसे हुआ? वैज्ञानिकों का मानना है कि इन क्षुद्रग्रहों के जरिये ही धरती पर कार्बनिक पदार्थ और पानी पहुंचा होगा, जिससे जीवन संभव हुआ होगा। लेकिन अभी पूरी तरह से सत्य नहीं यह अनुमानभर है। भविष्य में क्षुद्रग्रहों के व्यापक अध्ययन से इस अनुमान पर वास्तविकता की मोहर भी लग सकती है।

**अंतरिक्ष अन्वेषण में मदद**

भविष्य में इंसान मंगल ग्रह और उसके आगे के मिशनों पर खोज अभियान चलायेगा। तब इन्हीं क्षुद्रग्रहों को स्टॉपिंग प्वाइंट या फ्यूल स्टेशन के तौरपर उपयोग किया जा सकता है। ..तो इस तरह हम संक्षेप में जान सकते हैं कि क्षुद्रग्रहों का इंसान के लिए व्यापक अध्ययन कितना महत्वपूर्ण है और आखिर इससे भविष्य की पीढ़ियों को अनगिनत लाभ मिलने वाले हैं।

# अध्यात्म के सोपान

अंतर्दृष्टि

आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं।

योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

# जो फेल होगा, वही राजा बनेगा

व्यंग्यलोक

इन दिनों परीक्षाओं का चक्रव्यूह चल रहा है। इधर-उधर पास कराने वाले गिरोह पनप रहे हैं। वे बच्चों को पास होने के लिए उकसा रहे हैं। इस गिरोह में शिक्षक भी शामिल है। वे बच्चों को पढ़कर पास होने जैसे घटिया कामों की ओर प्रवृत्त कर रहे हैं। ऐसे झांसेबाज शिक्षकों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। जो पढ़ेगा, वह बस पढ़ता ही रह जाएगा। जो फेल होगा वही एक दिन राजा बन जाएगा। चुनाव लड़ जाएगा और फटाक से शिक्षा मंत्री हो जाएगा। इसलिए हर कोई फेल होना चाहता है। लेकिन फेल होना हर किसी के भाग्य में नहीं है! कमबख्त परीक्षक! वे खाली कॉपी में भी सफाई के नंबर देकर पास के चक्रव्यूह में फंसा देते हैं। ये तमाम शिक्षकों-परीक्षकों की साजिश है! जाने कैसे वे पास कर देते हैं? अगला साल भर फेल होने के लिए मेहनत करता है। लेकिन उस पर पानी फेर देते हैं। परीक्षा की कॉपियां परीक्षकों के बच्चे ही जांचते हैं और वे पास कर देते हैं। आखिर परीक्षक भी करें तो क्या? कमबख्त! फेल होना किसे अच्छा नहीं लगता है? बच्चे लोग फेल होने के लिए रात-दिन मेहनत भी करते है। ऐसे में जिनके इरादे और हौसले बुलंद हो तो निश्चित ही वे फेल होने के लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। वे शानदार ढंग से फेल होकर सबके लिए एक नई मिशाल पेश करते है। कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती, ये बात तो हर कोई कहता है। लेकिन अगर बार-बार कोशिश करने के बाद भी फेल न हो सकें तो फिर क्या करें? इस बात को कोई नहीं बताता। यदि ट्राई अगैन का फामूर्ला पूरा समझना है तो गुरुओं से समझो। अगर एक-दो बार कोशिश करने के बाद भी फेल नहीं हो तो क्या किया जाए? गुरु कहते हैं कि फेल होना ही जिंदगी का असली मकसद होना चाहिए। फेल होने में ही जिंदगी का सार है। जो फेल होता है वही संसार में सब पर राज करता है। जो पास हो जाते हैं, वे पढ़ते ही जाते हैं। फिर कोई छोटी सी नौकरी लग जाती है। फिर उसके बाद भी पढ़ते ही रहते। जिंदगी में पढ़ते-पढ़ते सड़ जाते हैं। इसलिए फेल होने में ही जिंदगी का असली आनंद आता है। जी भर कर कोशिश करते रहिए और फेल होने के लिए दम भरते रहिए। ए दोस्त, तेरी जिन्दगी की राह में पास कराने वाले हजारों दुश्मन आएंगे। असली खुशियां जब होगी जब आप फेल होकर दुनिया में अपना नाम रोशन कर जाएंगे। यहां सतत संघर्ष फेल होने का चल रहा है। गुरु परीक्षा में पास करने की साजिश रच रहा है। ए दोस्त हारना मत! फेल होने के लिए पूरा जोर लगा देना। बढ़िया तरीके से फेल होने के लिए पूरी अप्रोच लगा देना। जीवन के संघर्ष में पास होकर टूटा भी हूं और परेशान भी हूं मैं। लेकिन ए जिंदगी मैंने हार नहीं मानी और इस बार फेल होकर बहुत निखरा भी हूं मैं। जीवन के सफर में जो फेल होकर आगे बढ़ता जाता है।



रामविलास जॉगिड़

## विचार

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

-तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हो, उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।

-फ्रेंकलिन.

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुनः कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।

-मुनि गणेश वर्णी.

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।

-महात्मा गांधी.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

## आप की बात

### सड़क सुरक्षा

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओ में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

**गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.**

### कौशल विकास

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

**अशोक कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

अयोध्या। कृषि मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के साथ राजर्षि दशरथ स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय दर्शननगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उपस्थित चिकित्सकों एवं अधिकारियों से संवाद कर आमजन को बेहतर, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसेवा और जनस्वास्थ्य के प्रति सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इसे और सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। प्रभारी मंत्री ने ओ0पी0डी0, मरीज पंजीकरण केन्द्र, आयुष्मान सेंटर, डिजिटल एक्सरे, स्त्री एवं प्रसूति रोग काउंटर, मेडिसीन ओ0पी0डी0 कक्ष, एन0सी0डी0 कैंसर, मधुमेह हृदय रोग कक्ष, चेस्ट एवं टी0वी0 ओ0पी0डी0 कक्ष, आर्थो ओ0पी0डी0 का निरीक्षण किया व सम्बंधित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# फर्जी अधिकारी बन घूम रहे 5 युवक गिरफ्तार

## नीली बत्ती व हूटर लगी कार औरइलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद




जिला संवाददाता

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी अधिकारी बनकर घूम रहे पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भारतीय मुद्रा, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस तथा कई महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के नेतृत्व में थाना रूपईडीहा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को दोपहर लगभग 12 बजे एसएसबी चेक पोस्ट पर भारत की ओर से आ रही नीली बत्ती व हूटर लगी इनोवा क्रिस्टा कार को रोका गया। वाहन में सवार पांचों व्यक्ति खुद को सचिवालय का प्रमुख सचिव बताते हुए रौब झाड़ने लगे। संदेह होने पर जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से इलेक्ट्रॉनिक चिप डिवाइस, कुल 2,17,480 नकद तथा कई महंगे मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान धर्मेन्द्र सिंह, शुभम बाजपेई, अनमोल यादव, सचिन सिंह एवं स्वप्निल सहाय, सभी निवासी लखनऊ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान इनके पास से आईफोन, कंपनी के मोबाइल फोन, नकदी, एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। इस संबंध में थाना रूपईडीहा पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया

## प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय हुआ स्वागत

अयोध्या। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं एआईपीटीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय व शिक्षकों के मसीहा अभिमन्यु तिवारी के अयोध्या आगमन पर शान ए अवध होटल में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव के नेतृत्व में शानदार स्वागत हुआ, एवं प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई अयोध्या ने आशीर्वाद प्राप्त किया, जिला मंत्री अशोक वर्मा से स्वागत करते हुए कहा कि अभिमन्यु तिवारी जी ने हम सभी शिक्षक साथियों को उनका सम्मानजनक वेतन और अन्य सेवाशर्ते सरकार से संघर्ष करके दिलाया, बर्खास्त होने पर भी सरकार के आगे नहीं झुके, आज हम सभी को ऐसे महान शिक्षक नेता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ, उन्होंने कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि इस संघर्ष को जाया न होने दें और टीईटी अनिवार्यता कानून वापस करने सहित तमाम मुद्दों को लड़कर जीतना होगा, जिला अध्यक्ष अवधेश यादव ने मीडिया को बताया कि पूरे देश में एक मात्र वैधानिक मान्यता प्राप्त, शिक्षक हितैषी संघ का नेतृत्व हमारे अगुआ सुशील पाण्डेय कर रहे हैं।

## मोबाइल शॉप का ताला काटकर लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना



**बाराबंकी।** शहर की मशहूर इलेक्ट्रॉनिक मार्केट मुंशीगंज स्थित एक मोबाइल दुकान पर सुबह लगभग 5:30 बजे बेखौफ चोरो ने ग्राइंडर का इस्तेमाल कर शटर लॉक काटकर लाखो रुपये के मोबाइल पर हाथ साफ कर लिया। पूरी घटना आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सुबह जब दुकानदार को जानकारी हुई। तो तुरन्त पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद पुलिस टीम मे सिटी चैकी इंचार्ज संजीव कुमार, अस्पताल चैकी इंचार्ज धर्मेंद्र शुक्ला सहित अन्य पुलिस कर्मी ने फॉरेंसिक टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज मे चोर की हरकतें साफ दिखाई दी। जिसके आधार पर पुलिस चोर की पहचान और गिरफ्तारी की कोशिश शुरू कर दी है। सूचना मिलने पर घटनास्थल से कुछ दूरी स्थित लेडी डॉक्टर बंगले परिसर में झाड़ियों में चोरी हुए मोबाइल फोन से भरा एक बोरा पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच बोरा को जब्त और बरामद मोबाइल की गिनती और मिलान शुरू किया। मगर प्रश्न यह है कि आखिर चोर मोबाइल से भरी बोरी छोड़ कर क्यों गया? अब देखना ये है कि पुलिस इस चोर को कब पकड़ती है।

## केजीएमयू पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**बाराबंकी।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी पर अराजक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे आपत्तिजनक टिप्पणियों के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को खराब करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर तरह तरह की फर्जी बाते प्रसारित कर रहे हैं। और किस षड्यंत्र के तहत विश्वविद्यालय में अपना राजनैतिक एजेंडा चला रहे हैं। जबकि विशाखा समिति ने लगाये गए आरोपों की पुष्टि नहीं की है। ऐसी दशा में आपके हस्तक्षेप की आवश्यकता है। कानून व्यवस्था समाप्त है। लोग कुलपति के चैम्बर में आकर अराजक व विधि विरोधी हरकते कर रहे हैं। जबकि सरकार मौन है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि प्रतिष्ठित संस्थानों की गरिमा गिराने का कार्य हो रहा है। जो शर्मनाक है इतिहास माफ नही करेगा।

## सांसद प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियो ने मरीजो को बांटे फल



**बाराबंकी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के जन्मदिन पर काग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन व पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने केक काटकर तथा जिला अस्पताल पहुंच मरीजो मे फल वितरण कर मनाया। पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव एवं वायनाड सांसद श्रीमती वाड्रा भारतीय राजनीति में अपनी सक्रिय भूमिका के लिये जानी जाती है। जिलाध्यक्ष श्री मोहसिन ने कहा कि श्रीमती वाड्रा को अक्सर उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की छवि के रूप में देखा जाता हैं। उनकी सादगी तीक्ष्ण वाकपटुता और जनता से सीधा संवाद करने की शैली उन्हें एक प्रभावशाली नेत्री बनाती हैं। वह बौद्ध धर्म की अनुयायी हैं। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, मोहम्मद इरफान कुरैशी, रामहरख रावत, सना चैधरी, कौशल किशोर वर्मा, मोहम्मद जीशान, माता प्रसाद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट को जोड़ेगी नयी सड़क



**अयोध्या।** आधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस होकर अयोध्या विकास के नए प्रतिमान गढ़ रही है। इसी कड़ी में अयोध्या-प्रयागराज मार्ग से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक एक नया फोर लेन मार्ग निमार्णाधीन है। यह परियोजना लगभग 54.13 करोड़ रुपये की लागत से पूरी की जा रही है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आएगा। यह सड़क 1.6 किलोमीटर लंबी होगी। यह चार लेन सड़क प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के चांदपुरहरवंश गांव क्षेत्र से शुरू होकर राजर्षि दशरथ स्वशासी मेडिकल कॉलेज के बगल से गुजरते हुए एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 तक पहुंचेगी। वर्तमान सड़क के दाहिने हिस्से से निकलकर बन रही यह आधुनिक सड़क मेडिकल कॉलेज और एयरपोर्ट को सीधे जोड़ेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य एयरपोर्ट आने-जाने वाले यात्रियों, स्थानीय निवासियों और तीर्थयात्रियों को तेज, सुरक्षित और जाम-मुक्त यात्रा सुविधा प्रदान करना है। यह सड़क निर्माण अयोध्या के समग्र विकास का अहम हिस्सा है। राम मंदिर के साथ-साथ रिंग रोड, परिक्रमा मार्गों का विस्तार, अन्य हाईवे कनेक्टिविटी और एयरपोर्ट विस्तार जैसी परियोजनाएं अयोध्या को आध्यात्मिक राजधानी के साथ-साथ आधुनिक शहर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन दिसंबर 2023 से शुरू हो चुका है। इस एयरपोर्ट ने राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले ही अयोध्या को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित कर दिया है।

एयरपोर्ट की क्षमता सालाना 10 लाख यात्रियों की है और यह राम भक्तों के लिए सीधी उड़ान सुविधा उपलब्ध करा रहा है। लेकिन यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कनेक्टिविटी को मजबूत करना आवश्यक था। इसी आवश्यकता को पूरा करने के लिए यह चार लेन मार्ग बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के विकास को प्राथमिकता देते हुए कई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। यह परियोजना भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके पूरा होने से एयरपोर्ट टर्मिनल-2 से प्रयागराज मार्ग तक की दूरी कम समय में तय की जा सकेगी, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।

- 1.6 किमी लंबा चार लेन मार्ग बनेगा एयरपोर्ट यात्रियों और राम भक्तों के लिए राहत
- मेडिकल कॉलेज और एयरपोर्ट को सीधे जोड़ने से आवागमन होगा सुगम
- मार्च 2026 तक पूरा होगा स्मार्ट रोड प्रोजेक्ट, 60 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण

## सांस्कृतिक कार्यक्रम और शीतकालीन खेल सप्ताह का अपर जनपद न्यायाधीश ने किया शुभारम्भ

**सतरिख,बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शीत कालीन खेल सप्ताह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रबन्धक/शासी निकाय अध्यक्ष डा0 सुजीत चतुवेर्दी ने संयुक्त रुप



से मां सरस्वती व स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प व दीप प्रज्जवलित कर किया। अपर जिला जज श्री सिंह ने युवा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवा होना केवल उम्र का आंकड़ा मात्र नही है बल्कि चेतना के स्तर पर मनुष्य को युवा होना पड़ता है। इसके लिये उन्हे ईमानदारी से अथक परिश्रम करना चाहिए। कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष डा० चतुवेर्दी ने सभा को स्वामी विवेकानन्द के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने के लिये प्रेरित किया। खेल सप्ताह के प्रथम दिन रस्साकशी का आयोजन किया गया। जिसमे पुरूष वर्ग की 4 व महिला वर्ग की 2 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता, डा0 अविनाश मिश्रा सहित खेल प्रशिक्षक, शिक्षक-शिक्षिकाओं मौजूद रहे।

# गरीबी उन्मूलन और सरकारी योजनाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा




बहराइच । डैशबोर्ड डाटा के माध्यम से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जनपद में गरीबी उन्मूलन और पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने के उद्देश्य से जीरो पावर्टी अभियान अन्तर्गत जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हेतु जिला सूचना विज्ञान केन्द्र के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेंडेंसी को तत्काल समाप्त कर शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को लाभान्वित किया जाय। समीक्षा के दौरान ह्यह्यउज्ज्वला योजनाह्यह्य व ह्यह्यविद्युत संयोजनह्यह्य जैसी योजनाओं में सत्यापन हेतु बड़ी संख्या में आवेदन लम्बित होने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान संचालित कर सत्यापन की कार्यवाही को पूर्ण कराएं। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि जनपद में कुल 25,059 अत्यंत निर्धन परिवारों को ह्यह्यजीरो पावर्टीह्यह्य अभियान अन्तर्गत चिन्हित किया गया है। सीडीओ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अन्तर्गत ग्राम्य विकास विभाग द्वारा चिन्हित 17,544 पात्र परिवारों में से 17,080 को आच्छादित कर 97 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। स्वास्थ्य एवं आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 1,166 पात्र परिवारों को स्वास्थ्य कवर प्रदान किया गया है, शेष परिवारों के सत्यापन की प्रक्रिया युद्ध स्तर पर जारी है। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन सेक्टर के वृद्धावस्था पेंशन अन्तर्गत 42 प्रतिशत, विधवा पेंशन अन्तर्गत 71 प्रतिशत एवं दिव्यांगजन पेंशन अन्तर्गत 56 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है।

# जीवन का एक मात्र उद्देश्य मानवता की सच्ची सेवाः प्रो एस.एस. मिश्र

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा, खेल एवं योगिक विज्ञान संस्थान एवं विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा, अयोध्या के संयुक्त तत्वधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन कुलपति कर्नल बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में हुआ। संगोष्ठी का विषय ह्लयुवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंदह्व पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वल एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन से हुआ।

मुख्य वक्ता के रूप में शारीरिक शिक्षा खेल एवं योगिक विज्ञान संस्थान के निदेशक विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. संत शरण मिश्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद वर्तमान युग के आदि शंकराचार्य हैं जिस प्रकार शंकराचार्य जी ने वेदांत के सिद्धांतों का सृजन व प्रतिपादन किया उसी तरह स्वामी विवेकानंद ने व्यावहारिक रूप से जीकर दिखलाया एवं सभी को जीने की प्रेरणा भी देते रहे। विवेकानंद जी का कथन है कि मैं उस प्रभु का सेवक हूं जिसे सब लोग मनुष्य कहते हैं। उन्हीं की सेवा व उत्थान ही सच्चा पूजन सत्कर्म है। दान की महिमा बताते हुए कहा कि दान की जड़े अतिशय गहरी होती है। उदाहरण देते हुए खेतड़ी, झुंझुनूं राजस्थान के महाराज नरेश अजीत सिंह के सहयोग के विषय में बताया कि उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विदेश गमन से लेकर परलोक गमन के पश्चात आजीवन स्वामी विवेकानंद जी की माता का पूर्ण आर्थिक सहयोग किया। रामकृष्ण मठ की स्थापना की कालांतर में उनका राज्य समाप्त होने के पश्चात रामकृष्ण मठ ने भी उनके महलों का जीर्णोद्धार करवाने का कर्तव्य निभाया। आज भारत की धरोहर के रूप में सुरक्षित रखा है। प्रो. मिश्र ने बताया कि हमारे जीवन का एक मात्र उद्देश्य मानवता की सच्ची सेवा ही होना चाहिए। हमारे पास जो कुछ भी है वह सब समाज का ही हिस्सा है। उन्होंने संगोष्ठी में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम सभी स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपना कर स्वयं के चरित्र निर्माण व राष्ट्र निर्माण में अपना बढ़ चढ़कर योगदान करें तभी हमारे जीवन की सार्थकता और स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाने की सार्थकता सिद्ध हो सकेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थान के शिक्षक डॉ. अर्जुन सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन अनुराग सोनी ने किया।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने संयुक्त रुप से नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ककरहिया स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संचालित संयंत्र की क्रिया-विधि की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने निस्तारण प्रक्रिया से निकलने वाली ईंधन योग्य अपशिष्ट सामग्री (आरडीएफ), इनर्ट एवं कम्पोस्ट की गुणवत्ता एवं उपयोगिता की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि कुल लगभग 64,000 टन कूड़े का निस्तारण किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें से अब तक लगभग 26,000 टन कूड़े का निस्तारण पूर्ण किया जा चुका है। जिस डी0एम ने शेष कूड़े का निस्तारण मार्च माह के अंत तक पूर्ण कराए जाने के सख्त निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संजय शुक्ला, संबंधित अभियंता एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

## नैक मूल्यांकन के सभी मानदंडों में मानकों के अनुरूप करें प्रमाण पत्रों का अटैचमेंटः डॉ. बिजेंद्र सिंह



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में नैक मूल्यांकन की तैयारी की समीक्षा बैठक कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक का उद्देश्य में नैक मूल्यांकन की तैयारी के दृष्टिगत चल रही प्रगति पर एट्रीब्यूट 1 (मानदंड) से लेकर के एट्रीब्यूट 11 तक के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को परखा गया। कुलपति ने कहा कि सभी मानदंडों में मानकों के अनुरूप करें प्रमाण पत्रों का अटैचमेंट। इसमें प्रमुख रूप से एट्रीब्यूट एक के अंतर्गत पीओएस, सीओ, पीएसओ के साथ एकेडमिक काउंसिल, फीडबैक मैकेनिजम, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट, एनईपी एलाइनमेंट, सेमिनार के साथ एट्रीब्यूट 2 में लैब कार्य, रिसर्च, अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को भी शामिल किया जाए। एट्रीब्यूट 3 और 4 के तहत वित्तीय प्रावधान और स्पोर्ट्स की गतिविधियों से जुड़े बिन्दुओं पर टीम के संयोजकों द्वारा विवरण प्रस्तुत किया गया। मानदंड पाँच के तहत कोलैबोरेटिव लर्निंग, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, पियर्स एसाइनमेंट, एकेडमिक ग्रीवेंस सेल, के साथ एट्रीब्यूट 6 एवं 7 में स्टूडेंट्स काउंसलिंग, स्पोर्ट्स क्लब, कल्चरल क्लब, सोशल क्लब के गठन की प्रगति की जानकारी के साथ ग्रीवेंस हैंडलिंग, ई गवर्नेंस में के कुछ बिंदुओं में आवश्यक सुधार करने के लिए निर्देशित किया। कुलपति ने डॉक्यूमेंट में फोटो कैप्शन, टीचिंग एंड राइटिंग, ग्रुप डिस्कशन, जियो टैग फोटो, नोटिस को मानकों के अनुरूप जोड़ने के निर्देश दिए।

# आरटीओ अयोध्या ने एआरटीओ कार्यालय और बस अड्डा में लगायी जागरूकता पाठशाला



**बाराबंकी।** आम जनमानस को हेलमेट व सीटबेल्ट पहनने, सही लेन में गाड़ी चलाने, ओवरस्पीडिंग से बचने और रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन करने पर जोर दिया जाता है। जागरुकता से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उक्त उद्गार सड़क दुर्घटनाओ के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज सोमवार को उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय पर आयोजित जागरुकता पाठशाला मे आये हुये आवेदनकर्ताओ को जागरुक करते हुये सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अयोध्या ऋतु सिंह ने कही। आरटीओ अयोध्या ने कहा कि निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने एवं समय-समय पर ड्राइवर अपने नेत्रो की जांच, स्टंट करने से बचने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने एवं कोहरे के मौसम में निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने को लेकर जागरुकता पम्पलेट बांटे। इसके उपरान्त सुरक्षित वाहन चलाने और नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इसके उपरान्त आरटीओ अयोध्या श्रीमती सिंह व एआरटीओ प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बस स्टेशन पर व्यावसायिक वाहनों के चालक एवं रोडवेज चालको को वैध ड्राइविंग लाइसेंस होने पर ही वाहन चलाने, नशे की हालत में या तनाव में वाहन न चलाने, मोबाइल पर बात न करने, यात्रियों को निर्धारित बस स्टाप पर ही उतारने, वाहन हमेशा फिट दशा में रखने और वाहन संचालन से पूर्व वाहन की ब्रेक, हेडलाइट, वाइपर आदि जाँच, घने कोहरें व सर्दी के मौसम में सावधानीपूर्वक वाहन चलाने को लेकर जागरुक किया। तथा सभी व्यावसायिक एवं रोडवेज वाहन चालक व परिचालक निर्धारित यूनिफार्म पहनने को लेकर निर्देशित किया।

एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने वाहन चालकों को चेतावनी देते हुये कहा कि नियमों का उल्लंघन मिलने पर चालान की कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा आरटीओ द्वारा राहवीर योजना, हिट एण्ड रन योजना की जानकारी देते हुए बसों मे फर्स्ट एड बाक्स, रिफ्लेक्टिव टेप आदि की भी जाँच की गयी। जांच के दौरान एक बस में फर्स्ट एड वाक्स खाली मिलने पर स्टेशन इचार्ज से प्रतिदिन बस अड्डे से रवाना होने वाली सभी वाहनो की जांच किये जाने को लेकर निर्देशित किया। तो वही नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने हेलमेट-सीटबेल्ट, ब्लैक फिल्म, ओवरलोड़ मिलने पर 10 वाहनो के चालान एंव यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने चेकिंग के दौरान 8 वाहनो को सीज व 19 चालान कर मौके पर 1 वाहन से 87 हजार रुपये पेनाल्टी जमा करवाई।

- यात्रियो, रोडवेज चालक, परिचालक व आवेदकनकर्ता को दिया सड़क सुरक्षा संदेश
- चेकिंग मे प्रवर्तन टीमो ने किये 8 वाहन सीज, अन्य अभियोग मे 29 चालान
- मौके पर 1 वाहन से जमा करवाई गई 87 हजार रुपये पेनाल्टी
- रोड़वेज बस में फर्स्ट एड बाक्स खाली मिलने पर जताई नाराजगी
- सुरक्षित वाहन चलाये और नियमों का पालन करेः ऋतु सिंह

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया

संक्षेप

## फर्जी आरोप लगाने के मामले में अंतिम सुनवाई जारी

सुलतानपुर (वीओएल)। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अमिलिया सिकरा से जुड़े बहुचर्चित आपराधिक षड्यंत्र, धार्मिक भावनाएं आहत करने, तोड़फोड़ व फर्जी आरोप लगाने के मामले में सोमवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश राकेश की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता संतोष पांडेय ने अदालत में बहस प्रस्तुत की। हालांकि बहस पूरी न हो पाने के कारण न्यायालय ने शेष बहस के लिए 16 जनवरी की तिथि नियत कर दी है। प्रकरण में वादी दीपक वर्मा द्वारा आरोप लगाया गया है कि आरोपियों रमाशंकर वर्मा, प्रदीप, राजेश व सोनू ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत उन पर तंत्र-मंत्र एवं बलि से जुड़ा झूठा आरोप लगवाकर समाज में उनकी छवि धूमिल की, धार्मिक स्थल को क्षति पहुंचाई तथा तोड़फोड़ कर लगभग दो लाख रुपये का नुकसान किया। मामले में अंतिम बहस जारी है। अब न्यायालय में 16 जनवरी को शेष बहस के बाद आगे की कार्यवाही पर निर्णय होने की संभावना है।

## जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपियों को मिली जमानत

सुलतानपुर (वीओएल)। कुड़वार थाना क्षेत्र के बाँसी गांव में 9 दिसंबर को हुए जानलेवा हमले के मामले में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार की अदालत ने जेल में निरुद्ध आरोपियों सलमान व सिराज की जमानत मंजूर कर ली। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अंकुर पाण्डेय की दलीलों से संतुष्ट होकर न्यायालय ने यह आदेश पारित किया। प्रकरण के अनुसार, बाँसी गांव निवासी इन्द्रदेव यादव ने अपने भाई कन्हैया यादव पर जानलेवा हमला करने के आरोप में गांव के सिराज, सलमान, शहजाद तथा सुलेमान उर्फ लल्लू के खिलाफ कुड़वार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि खेत की रखवाली के दौरान हुए विवाद के बाद आरोपियों ने मिलकर कन्हैया यादव पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले की विवेचना जारी है।

## भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ अन्नपूर्णा भवन का निर्माण

महराजगंज रायबरेली। क्षेत्र के कुशमहुरा ग्राम पंचायत में सोमवार को अन्नपूर्णा भवन के निर्माण की शुरूआत हुई। पूर्ति निरीक्षक मुकेश पाण्डेय व ग्राम प्रधान रमेश मौर्या ने सरकारी उचित दर की दुकान ह्यअन्नपूर्णा भवनह्य के निर्माण को भूमि पूजन कर शुरूआत की। अन्नपूर्णा भवन ग्रामीणों को लिए लाभकारी होगा। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के बाद ग्रामीणों को मिलने वाले सरकारी खाद्यान्न के अलावा आने वाले दिनों में सीएससी सेंटर सुविधा मिलने लगेगी। पूर्ति निरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग के बजट से अन्नपूर्णा भवन बनाया जा रहा है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी गई है। निर्माण व्यय का पूरा विवरण ग्राम ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव द्वारा रखा जाएगा। अन्नपूर्णा भवन में दो दुकानें बनेगी। एक दुकान में राशन का स्टोर होगा। वहीं दूसरी दुकान में वितरण का कार्य किया जाएगा।

## पीतल के घंटे चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

# मुठभेड़ में एक घायल, 7 गिरफ्तार



रायबरेली। जिले में मंदिरों से पीतल के बड़े-बड़े घंटे चुराने वाले एक शातिर अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और मुठभेड़ में एक आरोपी घायल होने के साथ कुल 7 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 3 क्विंटल 13 किलो वजन के पीतल के घंटे बरामद हुए हैं। यह गिरोह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई जिलों में सक्रिय था और मंदिरों को अपना मुख्य निशाना बनाता था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीती 6 जनवरी की रात्रि को थाना जगतपुर क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर स्थित दुर्गा देवी मंदिर से अज्ञात चोरों ने पीतल के घंटे चुरा लिए थे। मंदिर के पुजारी शिवबहादुर बाजपेयी की तहरीर पर थाना जगतपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस ने घटना के अनावरण के लिए विशेष टीम गठित की। पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में एक सूचना पर एक संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार सवारों ने वाहन नहीं रोका। जब पुलिस ने उन्हें घेर लिया तो आरोपियों ने पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें गोविन्द सिंह उर्फ आकाश (पुत्र स्व. अर्जुन सिंह उर्फ करण सिंह, निवासी बड़पुरा, थाना फूफ, जनपद भिण्ड, मध्य प्रदेश) के बाएं पैर में गोली लगी। वह घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके से गोविन्द सिंह उर्फ आकाश (घायल, मध्य प्रदेश), मौन भदौरिया पुत्र इन्दल सिंह (उदितपुरा, कोतवाली नगर, भिण्ड, मध्य प्रदेश), आबिद पुत्र स्व. जाफर (उर्दू मोहल्ला, कोतवाली, इटावा), आनन्द कुमार गिरी पुत्र स्व. बजरंगी (गोसाई खेड़ा, सरेनी, रायबरेली), बब्बू सिंह उर्फ शिवबक्श सिंह पुत्र गयाबक्श सिंह (मान्धातापर नेवादा, ऊंचाहार, रायबरेली) को गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर उनके साथी दो सुनील कुमार पोरवाल पुत्र स्व. राजेन्द्र पोरवाल (सन्तेश्वर, कोतवाली नगर, औरैया), सुमन पत्नी नवल (सूर्यानगर घाटमप्र, थाना सूर्यानगर, कानपुर देहात) को भी गिरफ्तार किया गया।

## एनएसबीवीएम में मनायी गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती



रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में स्वामी विवेकानन्द जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षिका प्रिया अग्रहरि ने बच्चों को बताया कि स्वामी विवेकानन्द भारत के एक महान आध्यात्मिक गुरू, दार्शनिक और समाज सुधारक थे। इस दिन का महत्व स्वामी जी के विचार और कार्यों को युवाओं के बीच पहुंचाना होता है, जिससे देश के विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा युवा पीढ़ी आगे आकर अपना योगदान दे और देश को नई ऊचाईयों पर लेकर जाये। इसी क्रम में स्कूल की छात्रा नव्या ने अपने सहपाठियों को विवेकानन्द जी के विशय में अनेक जानकारियां दीं। स्वामी विवेकानन्द जी के रूप में स्कूल की छात्रा कात्यायनी की भूमिका एवं सोनाक्षी का संचालन सराहनीय रहा। अन्त में प्रधानाचार्य ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य राजनीतिक, आर्थिक और समाजिक जीवन प्रक्रियाओं में युवा की भागेदारी को पहचानना है। स्वयं के प्रति जागरूक रहते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने अपनी बात का समापन भारतीय संस्कृति को गौरवान्वित करने वाले युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानन्द जी की इन पंक्तियों से किया।

## कांग्रेसियों ने मनाया प्रियंका का जन्मदिन



गौरीगंज, अमेठी। केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में आज स्वामी विवेकानंद जयंती एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी जी का जन्मदिन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और वैचारिक ऊर्जा के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि विचार, संघर्ष और सेवा के संकल्प का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा। जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई, जिनके विचार आज भी युवाओं को आत्मबल, राष्ट्रसेवा और मानवता का मार्ग दिखाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि विवेकानंद का दर्शन केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन में उतारने की आवश्यकता है। इसके पश्चात प्रियंका गांधी जी के जन्मदिन पर जिला अध्यक्ष ने आठ साल की आर्य कश्यप से केक कटवाया। यह दृश्य सादा और मन को छू लेने वाला था। एक बच्ची की मुस्कान ने खुशी बढ़ा दी और माहौल अपनापन व सादगी से भर गया। वक्ताओं ने उन्हें संघर्ष, संवेदना और साहस की प्रतीक बताया। प्रदीप सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती, अनुशासन और जनसेवा ही कांग्रेस की असली पहचान है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और प्रियंका गांधी जी के संघर्ष से प्रेरणा लेकर जनता के बीच जाएँ। पूरा सभागार उत्साह, संकल्प और एकता के रंग में रंगा रहा।

प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया स्वामी विवेकानंद के विचार मानव सेवा, समानता और राष्ट्रनिर्माण पर आधारित थे। कांग्रेस के विचार भी सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र को मजबूत करने पर केंद्रित हैं। दोनों का मूल संदेश गरीब, वंचित और कमजोर वर्ग के उत्थान के साथ एक सशक्त भारत का निर्माण है। कार्यक्रम में देवेन्द्र सिंह, आशा पाण्डेय, बैजनाथ तिवारी, आशिफ छोटू, जगन्नाथ यादव, राम लखन शुक्ल, गीता सिंह, धर्मेंद्रशुक्ल, जीत लाल सरोज, शत्रुहन, कर्णवीर, राजीव लोचन, शुभम, विरोधी सौरभ, हनुमंत विश्वकर्मा, दयाराम सहित सैकड़ो महिलाएं मौजूद रहीं।

## गरीबों की मदद करना जीवन का लक्ष्य : सत्येंद्र प्रताप सिंह

महराजगंज रायबरेली। भीषण ठंड के इस मौसम में समाजसेवियों द्वारा गरीबों की मदद का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में मऊ ग्राम पंचायत में बीते तीन दिनों से लगातार जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया जा रहा है। यह सराहनीय कार्य मऊ सर्की गांव निवासी पूर्व प्रमुख एवं वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि तथा भाजपा नेता सत्येंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह द्वारा लगभग 1500 गरीब, जरूरतमंद वृद्धों एवं महिलाओं को कंबल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वे यह सेवा कार्य प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में नियमित रूप से करते आ रहे हैं। उनका मानना है कि, गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है, और यह कार्य वे पूरी तरह निस्वार्थ भाव से करते हैं। उन्होंने बताया कि, उनके पिता स्वर्गीय गोकुल सिंह भी समाजसेवा को अपना धर्म मानते थे और सदैव जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे।

# आम जनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न हो : अदिति सिंह

- **मौहरी का पुरवा को जैतूपुर गांव से जोड़ने वाले मार्ग के डामरीकरण कार्य का नारियल फोड़कर किया शुभारंभ**

**जिला संवाददाता**



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा के शहरी क्षेत्र में मौहरी का पुरवा को जैतूपुर गांव से जोड़ने वाले मार्ग के डामरीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। सदर विधायक ने कहा कि आवागमन के लिए आम जनमानस किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और लोगों को अच्छे मार्ग के लिए एक दूसरे के संपर्क हेतु आवागमन के व्यवस्था सुचारु होनी चाहिए। उन्होंने इस मौके पर गाँव के लोगों की समस्याएं सुनीं और अन्य विकास कार्य के लिए लोगों को भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि जब तक मूलभूत सुविधाओं से आम जिंदगी नहीं बढ़ेगी तब तक विकास का समुचित लाभ नहीं मिलेगा प्रदेश सरकार लोगों तक तमाम सुविधाओं को जोड़ते हुए आज उनके हृदय में राज कर रही है योगी सरकार ने सर्व समाज के लिए विकास का योगदान दिया है। भय और प्रलोभन मुक्त सरकार ने इन समस्याओं का निदान तत्काल प्रभाव से किया जा रहा है सदर विधायक ने मौहरी का पुरवा एवं सम्राट नगर क्षेत्र में शीतलहर से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण किया गया और गाँव के लोगों से मुलाकात की। उनके द्वारा विकास और संवेदना के इन कार्यों के माध्यम से जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूती मिली।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ



अमेठी। जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों की परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ बस स्टॉप अमेठी से किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस दौरान अमेठी से दुगार्पुर और अमेठी से जामो के लिए नियमित बस सेवाओं की शुरूआत की गई। जनपद अमेठी को कुल पांच ग्रामीणांचल बसों की सुविधा प्रदान की गई है। इन बसों के संचालन से दूर-दराज के गांवों के लोगों को अब सुरक्षित, सुलभ और किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। खासकर मजदूरों, किसानों, छात्रों और ग्रामीण महिलाओं को दैनिक यात्रा में बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ग्रामीण विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने बस सेवा शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि अब अस्पताल, स्कूल और बाजार तक पहुंच आसान होगी। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा से जनपद में यातायात व्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

## मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने बांटे कंबल



तिलोई अमेठी विकास खंड सिंहपुर की ग्राम पंचायत धीरापुर में कंबल वितरण किया गया ग्राम प्रधान नवीन श्रीवास्तव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया इस अवसर पर मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए सैकड़ों गरीब वा जरुरत मंद परिवारों को कंबल वितरित किए उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और गरीब वा असहायों व जरुरत मदों की सेवा ही सरकार की प्राथमिकता है कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान नवीन श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया उन्होंने बताया की ग्राम पंचायत स्तर पर जनहित के कार्यों को आगे भी इसी तरह रखा जाएगा कम्बल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देखी गयी इस मौके पर कुंवर मृगांकेशवर शरण सिंह ब्लाक प्रमुख तिलोई मुन्ना सिंह ब्लाक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव अखिलेश सिंह कुलदीप मिश्रा विनय शुक्ला लल्लन सिंह अमित प्रताप सिंह आदि तमाम लोग मौजूद थे

# उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



सुलतानपुर (वीओएल)। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती ह्लराष्ट्रीय युवा दिवसह्ल के रूप में जिले भर में उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न विकास खंडों से विवेकानंद यूथ अवॉर्ड के विजेता युवक-युवतियों एवं युवक/महिला मंगल दल के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिला स्तर के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक महोदय द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

इस दौरान युवाओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर अपने विचार रखे तथा उनके प्रेरणादायी संदेशों से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें कादीपुर विकास खंड के अभय प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं साक्षी ने द्वितीय एवं शिवम् सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में युवाओं ने आत्मविश्वास, राष्ट्रसेवा, युवाशक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में सफल रहे युवाओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक ने युवाओं को आगे बढ़कर सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता करने, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्मृति प्रजापति, सिंटू सिंह, पूजा यादव, पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी राघवेंद्र भूषण पांडेय, राजेश वर्मा, विवेक सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं पीआरडी के जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया।

## तहसील में मनायी गयी स्वामी विवेकानंद जयंती



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार को जयसिंहपुर तहसील परिसर के बार एसोसिएशन के सभागार में स्वामी विवेकानंद जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर तहसील परिसर के सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविशंकर मिश्र ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का जो संदेश दिया, वह आज भी युवाओं और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के महासचिव देवानन्द पाण्डेय एडवोकेट ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज को नई दिशा दी जा सकती है कार्यक्रम में संतोष मिश्र एडवोकेट, महेन्द्र कुमार पाण्डेय एडवोकेट, रमाकांत मिश्र एडवोकेट, अमित कुमार शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ल, अरविन्द सिंह, श्यामलाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अंत में सभी ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

## कृषि संकाय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



सुलतानपुर (वीओएल)। के.एन.आई.पी.एस.एस. सुलतानपुर के कृषि संकाय द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कृषि संकाय बनाम एम.एससी. एग्रीकल्चर के छात्रों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। कृषि संकाय के फैकल्टी इंचार्ज नवीन विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन नीरज सिंह द्वारा किया गया। रोमांचक मुकाबले में छात्रों की टीम विजेता रही। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आदर्श पांडेय को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन अवसर पर प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं छात्रों की सक्रिय सहभागिता रही और पूरे परिसर में खेल भावना व उत्साह का माहौल बना रहा।

# मनरेगा में भारी अनियमितता का आरोप

## कागजों में 286 मजदूर, मौके पर सन्नाटा

**जिला संवाददाता**

दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। दोस्तपुर विकासखंड अंतर्गत साहिनवा गांव में मनरेगा योजना के तहत बड़े पैमाने पर अनियमितता का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव मनीराम कनौजिया और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से नए साल की शुरूआत से ही मनरेगा कार्यों में फर्जी हाजिरी दिखाकर लाखों रुपये का भुगतान दशार्या जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार 1 जनवरी से 10 जनवरी तक लगातार कागजों में 286 मजदूरों को कार्यरत दिखाया गया है। प्रतिदिन लगभग 30 मास्टर रोल और 285-286 मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जबकि मौके पर एक भी मजदूर कार्य करते हुए नजर नहीं आता। ग्रामीणों का कहना है कि चकमार्ग जैसे कार्यों को मजदूरों से कराने के बजाय ट्रैक्टर से जोतवाकर मनरेगा का कार्य दिखा दिया गया है। गांव वालों का स्पष्ट कहना है कि उन्होंने कभी इतने मजदूरों को एक साथ काम करते नहीं देखा। यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि साहिनवा गांव में बीते कई दिनों से पूरे दोस्तपुर ब्लॉक में सबसे अधिक मनरेगा मजदूरी दर्शाई जा रही है, जिससे संदेह और गहराता जा रहा है। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना, जो गरीब और मजदूर तबके की आजीविका का सहारा है, उसी के नाम पर कथित तौर पर फजीर्वाड़ा किया जा रहा है। इस संबंध में जब पंचायत सचिव मनीराम कनौजिया से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर मजदूरों की संख्या का सत्यापन नहीं किया है। यह बयान पूरे मामले को और गंभीर बना देता है। ग्रामीणों की मांग है कि उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच कराएं, ताकि सच्चाई सामने आ सके। अब सवाल यह है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन क्यों हैं और क्या इस पूरे मामले में कोई ठोस कार्रवाई होगी या साहिनवा गांव में मनरेगा के नाम पर चल रहा यह कथित खेल यूं ही चलता रहेगा।

# विवेकानंद का जीवन युवाशक्ति को जागृत करने की प्रेरणा



सुलतानपुर (वीओएल)। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सुलतानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, उनके आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रान्त के प्रान्त संगठन मंत्री अभिलाष ने विवेकानंदः विद्यार्थी जीवन और राष्ट्र निर्माण में भूमिका विषय पर विचार रखे।

अभिलाष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन युवाशक्ति को जागृत करने का संदेश देता है। उनका आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा का भाव आज के विद्यार्थियों के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित न रहें, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व को समझें। जब युवा आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ेंगे, तभी भारत सशक्त और समृद्ध बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. अभिषेक ने की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा को व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम बताया। यदि युवा उनके विचारों को जीवन में उतार लें तो राष्ट्र निर्माण की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए जा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रान्त उपाध्यक्ष डॉ. संतोष अंश ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विवेकानंद का संदेश उत्तिष्ठत, जाग्रत, प्राप्य वरान्निबोधत आज भी राष्ट्र के नव निर्माण का उद्घोष है। उन्होंने युवाओं से आत्मबल, सेवा और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय, डॉ. विवेक सिंह, राज मिश्रा सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

संक्षेप

## नवजात बच्ची की मिली लाश

**आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर नवजात बच्ची की लाश लाल कपड़े में लिपटा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आगरा के फतेहाबाद क्षेत्र में मानवता को झकझोर देने वाले वाकया सामने आया है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 28.100 के पास रविवार की दोपहर नवजात का शव मिला। शव लाल कपड़े में लिपटा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे हुमायूंपुर गूजर निवासी विनोद अपने खोखे पर जा रहे थे। तभी एक्सप्रेसवे के आगरा से लखनऊ जाने वाली लेन के किनारे गांव नगला लोहिया के पास लाल कपड़े में लिपटा बच्ची का शव दिखाई दिया। उन्होंने शोर मचाया। इस पर आसपास से गुजर रहे लोग जुट गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि यहां गांव के लोगों का आवागमन रहता है और टोल कर्मचारी भी मौजूद रहते हैं। आशंका जताई जा रही है कि मासूम बालिका का शव रात में यहां फेंका गया होगा। वहीं बच्ची का शव मिलने पर आसपास के गांवों की महिलाएं भी जुट गईं। महिलाएं और ग्रामीण बच्ची की मां को कोसते हुए कहते सुने गए कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी रही होगी कि मासूम को इस तरह फेंक दिया गया। लोगों ने सवाल उठाए कि कहीं बच्ची को जिंदा तो नहीं फेंका गया और ठंड के कारण उसकी सांसें थम गईं। यदि जन्म के बाद उसकी मौत हो गई थी तो अंतिम संस्कार क्यों नहीं किया गया। इस संबंध में एसीपी फतेहाबाद अनिल कुमार ने बताया कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर नवजात बच्ची का शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच की जा रही है।

## पॉक्सो एक्ट में वांछित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा थाना पर पंजीकृत पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शाहिद पुत्र ईशाक निवासी आमना काँलोनी क्रबिस्तान के पास लेबर काँलोनी थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद को रेलवे कालोनी अधिकारी विश्राम ग्रह के सामन से गिरफ्तार किया गया, पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक का?वाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## आगरा पुलिस की थर्ड डिग्री पर मनोवैज्ञानिक ने पढ़ाया पाठ

**आगरा।** थर्ड डिग्री मामलों के बाद पुलिस को मनोवैज्ञानिक व्यवहार की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर आयोजित कार्यशाला में तनाव प्रबंधन, संवेदनशील व्यवहार और साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड पर जोर दिया गया। आगरा पुलिस की थर्ड डिग्री से किरकिरी हुई थी। पहले किरावाली थाना पुलिस ने पूछताछ के दौरान थर्ड डिग्री देते हुए युवक के पैर तोड़ दिए थे। यह मामला शांत हुआ नहीं था कि थाना छत्ता पुलिस का भी रौद्र रूप सामने आया था। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने सख्त कदम उठाते हुए पुलिस को मनोवैज्ञानिक व्यवहार की विशेष ट्रेनिंग देने का आदेश दिया।

एक दिवसीय मनोवैज्ञानिक व्यवहार कार्यशाला में पुलिस को तनाव प्रबंधन, संवेदनशील व्यवहार और साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड की ट्रेनिंग दी गई।

इस दौरान पुलिस ने ऐसे व्यवहार पर सवाल किए। जहां मनोवैज्ञानिक कहा कि ऐसा जब होता है। लोग ज्यादा गुस्से में होते है। या फिर घर का उनके ऊपर कोई तनाव होता है। कई दिनों तक कई चीजों को लेकर परेशान रहते है।

जिसके कारण लोगों का व्यवहार चिड़चिड़ा हो जाता है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर रामबदन सिंह, डीसीपी सहित करीब 20 पुलिसकर्मियों ने मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ डॉ. नवीन गुप्ता से व्यवहारिकता के बारे में और भी जानकारियां ली। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आगे थाना प्रभारियों को भी प्रशिक्षण दिए जाने की बात कहीं।

# जीएसटी चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा फर्जी फर्म खोलकर 2.20 करोड़ की जीएसटी की चोरी करने वाले 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है।दिनांक 15.10.2025 को श्रृष्टि जैन सहायक आयुक्त राज्य कर खण्ड-2 फिरोजाबाद द्वारा अभियुक्तगण पवन कुमार डायरेक्टर दिव्या हाइब्रिड प्राइवेट लिमिटेड पुत्र कोमल सिंह निवासी भारत टाकीज के पीछे शान्ति नगर आसफाबाद फिरोजाबाद रोहित पुत्र बनबारी निवासी नयापुरा तारागंज लश्कर ग्वालियर द्वारा धोखाधडी करते हुए कूटरचित प्रपत्रो के आधार पर अपनी फर्म दिव्या हाइब्रिड प्राइवेट लिमिटेड का जी0एस0टी0 पंजीयन प्राप्त कर 2.20 करोड के राजस्व क्षति करने के सम्बन्ध में जी0एस0टी अधिनियम पंजीकृत कराया गया था। एसआईटी के द्वारा विवेचना के दौरान पाया गया कि पवन कुमार पुत्र राम स्वरुप निवासी विभव नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद के द्वारा सबसे पहले दिव्या गति लिमटेड के नाम से फर्म चलायी जा रही थी उक्त फर्म को अवैध लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से पवन कुमार पत्र कोमल सिंह, रोहित पुत्र बनवारीलाल व कमल कुमार चार्टेड अकाऊंटेट निवासी लोहामण्डी जिला आगरा के द्वारा एक सामान्य आशय से अवैध लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से दिव्या हाइब्रिड प्राइवेट लिमटेड फर्म को पवन कुमार व रोहित कुमार को फर्म का डायरेक्टर बनाते हुए इनके नाम पते पर दिनांक 01.03.2024 को रिद्धि सिद्धि मार्केट दम्मामल नगर फिरोजाबाद के पते पर जीएसटी पंजीकरण कराया गया।

साक्ष्य संकलन से यह पाया गया कि उक्त पंजीकरण में रेन्ट एग्रिमेन्ट दिनांक 18.02.2024 पूर्ण रूप से कूटरचित पाया गया। इसके अलावा फर्म के द्वारा वर्ष 2023-2024 में बिना किसी माल की खरीद के कुल 8.32 करोड रुपए की माल का विक्रय किया गया इसी प्रकार वर्ष 2024-2025 में कुल 7.58 लाख रुपए का विक्रय दशार्या गया। इनके द्वारा वर्ष 2023-2024 व 2024-2025 में जीएसटी विभाग द्वारा कुल 2.20 करोड रुपए की देनदारी तय की गयी परन्तु उक्त फर्मों के द्वारा जीएसटी का भुगतान नही किया गया साक्ष्य संकलन से यह पाया गया कि इनके द्वारा दशार्ये गये क्रय विक्रय दशार्ये गये माल व उनके परिवहन में उपयोग लाये गये वाहनों वास्तविक रूप से कोई उपयोग नही किया गया बल्कि इनपुट टैक्स क्रैडिट का लाभ प्राप्त करने के लिये कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग किया। उक्त मामले में गठित एसआईटी द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण पवन कुमार पुत्र कोमल सिंह निवासी शान्ति नगर आसफाबाद थाना रसूलपुर, रोहित पुत्र बनवारीलाल निवासी नयापुरा तारागंज समादिया रोड अमोल बिहार कालोनी थाना जनकगंज जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश, पवन पुत्र राम स्वरुप वर्मा निवासी विभव नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को पूछताछ के बाद दिनांक 11.01.2025 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से जीएसटी फ्राड में प्रयोग किये गये 05 मोबाइल व सिम कार्ड बरामद हुए। पुलिस ने अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध अन्य विधिक कार्यवाही की है। मुकदमा उपरोक्त में चार्टेड अकाऊंटेट कमल कुमार के द्वारा अपने कम्प्यूटर संशाधनो का उपयोग करके उक्त फर्जी फर्म के पंजीकरण से लेकर उसके बिल बाऊचर आदि समस्त कार्यवाही की गयी है जिसकी तलाश की जा रही है। सभी सम्बन्धित फर्मो को जीएसटी विभाग द्वारा निरस्त किया गया है, घटना में प्रयुक्त सभी बैंक खातों का विवरण प्राप्त कर उनकी सीजर की कार्यवाही की जा रही है तथा फर्जी फर्म के द्वारा अन्य जिन फर्मों से लेन देन किये गये है उनके सम्बन्ध में साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितिं में वृद्धा की मौत

**मथुरा।** थाना व कस्बा सुरीर क्षेत्र में एक 85 वर्षीय वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुरीर कलां निवासी गोपाल की मां सोमोती (85) रविवार रात खाना खाने के बाद अपने पुराने घर के कमरे में सोई थीं।

सोमवार सुबह करीब छह बजे तक जब वह नहीं जागीं, तो गोपाल की पत्नी मालती चाय लेकर कमरे में पहुंचीं। वहां उन्होंने सोमोती को चारपाई पर मृत अवस्था में पाया। परिजनों ने बताया कि कमरे में रखे बक्से खुले थे और सामान बिखरा पड़ा था।

वृद्धा के गले और आंख के पास चोट के निशान भी मिले हैं, जिसके बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। घटना की सूचना सुरीर पुलिस को दी गई। सुरीर थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस के अनुसार, वृद्धा सोमोती चारपाई पर मृत अवस्था में मिली थीं। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## गैंगस्टर केस में रिफिकेशन से हड़कंप, नामी जुआरियों के घर-घर पहुंची पुलिस

**आगरा।** आगरा में एक बार फिर नामी जुआरियों के बीच हड़कंप मच हुआ है। गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे से जुड़े आरोपियों का वेरिफिकेशन करने के लिए पुलिस टीम घर-घर दस्तक दे रही है। अचानक पुलिस के पहुंचने से जुए के बड़े गिरोह से जुड़े लोगों में अफरा-तफरी का माहौल है। पुलिस वेरिफिकेशन की यह कार्रवाई 2023 में थाना सिकंदरा पुलिस द्वारा की गई उस बड़ी कार्रवाई से जुड़ी बताई जा रही है, जिसमें जुए के एक संगठित और बड़े गिरोह का पदार्फाश हुआ था। उस समय पुलिस ने होटल शेल्टर में छापा मारकर 15 शातिर जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 14 लाख रुपये नकद, 17 मोबाइल फोन, 5 लग्जरी गाड़ियां और फर्जी आधार कार्ड बरामद किए थे। यह बरामदगी जुए के संगठित नेटवर्क और बड़े पैमाने पर अवैध गतिविधियों की ओर इशारा करती थी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उस मामले में जिन आरोपियों के नाम सामने आए, उनमें संजय कालिया, रूप किशोर सहगल उर्फ ह्यवकील साहबह्व, महेश पहाड़ी उर्फ ह्यमहेश दादाह्व, फुरकान, हरिशंकर, मनीष सब्जी, शाहरुख, सचिन, प्रवीण कुमार वर्मा, वसीम हुसैन, राधा कृष्ण, अश्विनी बाबा, अरविंद कुमार, सुमित कुमार और अंकित शामिल थे। कुछ समय बाद इन सभी जुआरियों के खिलाफ थाना हरीपर्वत में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गैंगस्टर केस लगने के बाद पुलिस ने इनके नेटवर्क, संपत्ति और आपराधिक इतिहास की गहन जांच शुरू की थी। बताया जा रहा है कि सभी आरोपियों ने बाद में अरेस्टिंग स्टे प्राप्त कर लिया था, लेकिन इसके बावजूद पुलिस अब वेरिफिकेशन और कानूनी प्रक्रिया के तहत उनके पते और गतिविधियों की पुष्टि कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गैंगस्टर एक्ट के मामलों में कानून के तहत आवश्यक सत्यापन किया जा रहा है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस वेरिफिकेशन अभियान को आगरा पुलिस का साफ संदेश माना जा रहा है कि संगठित अपराध और जुए के नेटवर्क से जुड़े लोगों पर नजर बनी हुई है, और कानून से बचने का रास्ता अब आसान नहीं होगा।

## स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की



**टूंडला।** सोमवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित विवेकानंद चौक पर भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन के नेतृत्व में युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। युवा दिवस हर वर्ष 12 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन महान दार्शनिक, समाज सुधारक और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि युवा ही देश की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं और उनके विचार आज भी युवाओं को सही दिशा दिखाते हैं। युवा किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते हैं। उनमें ऊर्जा, उत्साह और नए विचारों की अपार क्षमता होती है। युवा दिवस का उद्देश्य युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक करना, उनमें आत्मविश्वास जगाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना है।इस दिन स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न संस्थानों में भाषण वाद-विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रेरणादायक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। यह दिन हमें यह संदेश देता है कि यदि युवा सही मार्ग पर चलें तो देश प्रगति की ऊँचाइयों को छू सकता है। अतः युवा दिवस हमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर एक सशक्त, जागरूक और जिम्मेदार युवा बनने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में मण्डल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, नगर महामंत्री सुनील पाठक युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष जुबीन भारद्वाज गौरव सिसौदिया गौरव शर्मा अमन ठाकुर सुधीर पाठक प्रशांत ठाकुर करन कश्यप दीपक कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

## योगेश गौतम बने विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष, संगठन विस्तार से कार्यकर्ताओं में उत्साह

जिला संवाददाता



**मथुरा।** विश्व हिंदू परिषद की एटा में आयोजित प्रांत स्तरीय बैठक में संगठन को और सशक्त करने के उद्देश्य से कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में मथुरा ग्रामीण इकाई के पुनर्गठन पर मुहर लगाते हुए इसे दो नए जिलोंकृकोसी कलां और रायाकृमें विभाजित करने का निर्णय लिया गया।

संगठनात्मक फेरबदल के तहत पूर्व जिला मंत्री रहे योगेश गौतम को जिला राया का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं आकाश भट्ट को जिला मंत्री राया की जिम्मेदारी सौंपी गई। घोषणा के साथ ही संगठन के कार्यकताओं में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई।

प्रांत बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नए जिलों के गठन से जमीनी स्तर पर संगठन की पहुंच मजबूत होगी और हिंदुत्व से जुड़े सामाजिक, सांस्कृतिक व सेवा कार्यों को नई गति मिलेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई गई कि वे संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने के साथ अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर योगेश गौतम ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और कार्यकताओं को साथ लेकर जिले में संगठन को और मजबूत करेंगे। बैठक के उपरांत कार्यकताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और संगठन विस्तार के फैसलों का स्वागत किया।

# मथुरा रिफाइनरी ने काव्य रस में डूबकर मनाया विश्व हिन्दी दिवस




**मथुरा।** विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर मथुरा रिफाइनरी ने दूरदर्शन केंद्र और आकाशवाणी केंद्र मथुरा के संयुक्त तत्वाधन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया और काव्य रसों में डूबकर इस विशेष दिन को मनाया। मथुरा रिफाइनरी प्रमुख अध्यक्ष व कार्यकारी निदेशक, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष मुकुल अग्रवाल की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन की शुरूआत की गई। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की पारंपरिक शुरूआत हुई और श्रीमुकुल एवं श्रीमति छवि अग्रवाल ने कवियत्री एवं कवियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। कवि सम्मेलन में सुरेन्द्र सार्थक, (ओज, व्यंग्य रस एवं कवि सम्मेलन संचालन), श्याम सुन्दर शर्मा, ह्लअकिंचनह्व, (श्रंगार भक्ति रस), डॉ रमाशंकर पाण्डे, (ओज रस), श्रीमती रेनू उपाध्याय, (श्रृंगार, आध्यात्म, हास्य रस), श्रीमती पूनम शर्मा ह्लपूर्णिमाह्व, (भवित रस), डॉ नरेन्द्र शर्मा, ह्ल नरेन्द्रह्व, (गीतकार), डॉ. उमाशंकर राही, (ओज रस), श्री अंजीव अंजुम, (सजल कविता), डॉ सोहन लाल शीतलह्व, (राजभाषा), डॉ भगवान मकरंद, (हास्य रस) आमंत्रित थे। साथ ही दूरदर्शन-आकाशवाणी केंद्र मथुरा से वेद प्रकाश, सत्यब्रत सिंह, ओ पी सिंह और उनकी टीम भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और कार्यक्रम के आयोजन मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ओज, व्यंग्य रस के कवि सुरेन्द्र सार्थक ने सम्मेलन का आगाज करते हुए श्रोताओं को अपने ओजस्वी स्वर से उद्वेलित कर दिया। कवियत्री सुश्री श्रीमती रेनू उपाध्याय अपनी कोमल व प्यार श्रृंगार, आध्यात्म, हास्य रस प्रस्तुत कर पूरे सभागार में श्रृंगार रस की गंगा प्रवाहित की। डॉ भगवान, ह्लमकरंदह्व, ने समाज में व्याप्त विरूपताओं एवं अव्यवस्थाओं पर हास्य व्यंग्य की तीखी कविताएं सुनाकर श्रोताओं को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। पूरा सदन हास्य रस के हिंडोले में बैठकर ठहाके लगाता रहास डॉ नरेन्द्र शर्मा, ह्ल नरेन्द्रह्व, ने पारिवारिक संबंधों पर मधुरम प्रहार कर गीत सुनाए जिनको सुनकर श्रोतागणों की आंखें नम हो गई।

## अवैध कॉलोनियों पर चला विकास प्राधिकरण का बुलडोजर,



**मथुरा।** अवैध कॉलोनाइजर्स के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने छटीकरा वृन्दावन रोड पर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। प्राधिकरण की टीम ने करीब 12,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी और सड़कों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

सत्येंद्र, मुनेंद्र और त्रिवेणी देवी द्वारा बिना अनुमति के भू-विभाजन कर सड़क निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण ने सुनवाई करते हुए 9 जुलाई 2025 को ही ध्वस्तीकरण के आदेश पारित कर दिए थे। निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माणकताओं द्वारा स्वयं अवैध निर्माण नहीं हटाया गया, जिसके बाद प्राधिकरण ने बलपूर्वक कार्रवाई का निर्णय लिया। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष के निदेशानुसार और सचिव के नेतृत्व में ह्लप्राधिकरण प्रवर्तन दलह्व मौके पर पहुँचा। टीम ने भारी मशीनों की मदद से अवैध रूप से डाली गई सड़कों और अन्य निमार्णो को जमींदोज कर दिया।विकास प्राधिकरण के सचिव ने बताया अवैध कॉलोनियों का जाल बिछाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन के ने बताया भविष्य में भी ऐसी अवैध प्लाटिंग और निमार्णों के विरुद्ध निरंतर ध्वस्तीकरण अभियान जारी रहेगा।

# पुलिस ने नारखी में मिले सर कटे शव की हत्या का खुलासा

- प्रेम प्रसंग में मृतक की पत्नी ने कराई थी प्रेमी और उसके साथी से पति की हत्या
- दो अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी थाना पचोखरा थाना रामगढ़ एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा थाना नारखी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जाखई में अवैध सम्बन्धों में युवक की जघन्य तरीके से गला काटकर हत्या की घटना का 24 घंटे के अन्दर सफल अनवारण करते हुए दो अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया, साथ ही सहअभियुक्ता मृतक की पत्नी को भी गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 11-01-2026 को थाना नारखी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जाखई में पूर्व ग्राम प्रधान जयवीर सिंह के ट्यूबैल पर एक व्यक्ति का सिर कटा शव मिला था जिसकी पहचान सौरभ उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र भोजराज निवासी ग्राम गदुरी थाना निधौली कलां जनपद एटा हाल पता लक्ष्मीनगर, ककरऊ कोठी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना नारखी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जघन्य हत्याकांड की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा घटनास्थल का भौतिक निरीक्षण करते हुए घटना के खुलासे हेतु एसओजी सर्विलांस सहित कुल 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था।



गठित 04 पुलिस टीमों द्वारा ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर 12-01-2026 को मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों सूरज पुत्र देवेन्द्र पाल निवासी ग्राम जाखई थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद उम्र 28 वर्ष व सलमान पुत्र इकबाल निवासी ग्राम जाखई थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद उम्र 19 वर्ष को पुलिस मुठभेड़ के दौरान ग्राम नगला कूम के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया जिसमें मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त सूरज के पैर में दो गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्तगण के कब्जे से आलाकत्ल छुरी मृतक सौरभ का मोबाइल मोटरसाईकिल व दो तमंचा बरामद किया गया। अभियुक्तगण की निशांदेही पर मृतक सौरभ का कटा हुआ सिर बोरवेल से बरामद किया गया है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। वहीं घटना में शामिल मृतक की पत्नी को भी गिरफ्तार किया गया है। मृतक सौरभ की पत्नी व सूरज के मध्य प्रेमप्रसंग था जिसमें दोनों ने मिलकर अपने अन्य सहोयगी सलमान को लेकर सौरभ की हत्या की थी। घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि

मृतक सौरभ की पत्नी व मुठभेड़ में गिरफ्तार अभियुक्त सूरज के मध्य अवैध सम्बन्ध थे जिसमें मृतक सौरभ आडे आ रहा था। मृतक की पत्नी व प्रेमी सूरज द्वारा अपने अन्य सहयोगी सलमान के साथ मिलकर सौरभ की हत्या दिनांक 09-01-2026 की सांय थाना नारखी के ग्राम जारखी में पूर्व प्रधान जयवीर के ट्यूबैल पर कर दी गयी थी एवं मृतक का गला काटकर सिर को बोरिंग में फेंक दिया गया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 22 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

मथुरा। **कानून व्यवस्था में सुधार करने लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक** (एसएसपी) श्लोक कुमार ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस क्रम में कुल 22 उपनिरीक्षकों (दरोगाओं) के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। यह फेरबदल शहर से लेकर देहात तक की चैकियों और थानों को प्रभावित करेगा।

इस व्यापक स्थानांतरण में पुलिस लाइन में तैनात कुछ उपनिरीक्षकों को भी विभिन्न चैकियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह कदम बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

एसएसपी श्लोक कुमार के अनुसार, कुछ चैकी प्रभारी लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात थे। कार्यप्रणाली में ताजगी और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह बदलाव आवश्यक था। उनका मानना है कि समय-समय पर किए जाने वाले स्थानांतरण से पुलिसिंग में सुधार आता है और कानून व्यवस्था पर बेहतर नियंत्रण स्थापित होता है। एसएसपी प्रवक्ता के अनुसार उपनिरीक्षक योगेश गौतम को पुलिस लाइन से औद्योगिक क्षेत्र चैकी प्रभारी (थाना हाईवे) बनाया गया है। रूपचंद को बाजना चैकी प्रभारी, चैधरी सतेंद्र सिंह को देवसेरस चैकी की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि राजीव कुमार को बाजना से पुलिस लाइन भेजा गया है। कृपाल सिंह को राधाकुंड से पल्सो चैकी प्रभारी और रजत दुबे को मथुरा गेट से राधाकुंड चैकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में, विकास कुमार शर्मा को कोसीकलां थाने से सतोहा चैकी प्रभारी (थाना हाईवे) बनाया गया है। कमल सिंह को बलदेव से थाना बरसाना, मिथलेश उपाध्याय को बालाजीपुरम से चैकी बलदेव प्रभारी, अनुज तोमर को कोतवाली से बालाजीपुरम चैकी और गौरव तोमर को गोविंदनगर थाने से चैकी बरसाना भेजा गया है। अन्य स्थानांतरणों में, अंशुमान सिंह विश्नोई को बरसाना से थाना छाता, नितिन त्यागी को पल्सो से राया कट चैकी, महेंद्र सिंह को राया कट से थाना हाईवे, आलोक कुमार मिश्रा को पुलिस लाइन से माइल स्टोन चैकी (बलदेव) तथा प्रदीप कुमार को माइल स्टोन से कोसी थाना भेजा गया है। इसके अतिरिक्त, अरुण कुमार त्यागी को मथुरा गेट चैकी, सोहनपाल सिंह को हरनौल मोड़ चैकी और नितिन तेवतिया को हरनौल मोड़ से थाना कोतवाली भेजा गया है। पुलिस लाइन से रविंद्र सिंह, विदित कुमार और मदन सिंह को क्रमशः शेरगढ़, नौहझील व बरसाना थानों में तैनात किया गया है।

# कैबिनेट मंत्री ने जी राम जी के सम्बंध में किया जागरूक

**फिरोजाबाद।** भारतीय जनता पार्टी फिरोजाबाद द्वारा विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड अजीविका मिशन ग्रामीण जी राम जी के लिये जनजागरण अभियान के अंतर्गत सोमवार को सर्किट हाउस में भाजपा द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि योगेंद्र उपाध्याय केबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार प्रभारी मंत्री जनपद फिरोजाबाद ने बताया कि सन्-2005 में अधिनियमित एवं सन्-2006 में नरेगा अब मनरेगा लागू हुआ था, क्योंकि तब ग्रामीण गरीबी उच्च स्तर पर थी और बुनियादी ढांचे का अभाव था। इसके अतिरिक्त वित्तीय और डिजीटल पहुंच बहुत सीमित थी। आज गरीबी दर में ऐतिहासिक कमी आयी है। आवास, शौचालय, बिजली, पेयजल का व्यापक प्रबंधन, ग्रामीण आजीविका विविध और व्यापक रूप से हो चुकी है। मनरेगा डिमाण्ड ड्रिवेन और बिखरी हुयी तथा असंगठित संरचना पर



आधारित था, निर्माण और विकास कार्य से नहीं जुड़ पाया था। इसकी फण्डिंग अनिश्चित थी और राज्य तथा पंचायतों के लिए योजना बनाना कठिन था। आज जबकि ग्रामीण भारत की आकांक्षायें बदल चुकी है. तब केवल मजदूरी ही नही स्थायी आजीविका और गुणवत्तापूर्ण अवसरंचना की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसलिए जरूरी था एक नये वैधानिक ढ़ाचें की संरचना की जाये। आज जब भारत एक ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में गरीबी उन्मूलन, आधारभूत सुविधाओं के सार्वभौमिक कवरेज डिजीलीकरण सशक्तीकरण में बेमिसाल प्रगति की है। इसलिए मोदी जी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार ने राज्यों से निरन्तर संवाद कर जमीनी अनुभवों के आधार पर ग्रामीण विकास को मात्र राहत आधारित सोच से निकालकर विकास की मॉडल में बदलने की प्रक्रिया हैः विकसित भारत-जी-राम जी, यह नया कानून विकसित भारत-ग्रामीण रोजगार गारण्टी एक्ट-2025 ऐसी ही राष्ट्रीय सोच का एक साकार और वैधानिक उत्तर है। यह कानून केवल रोजगार की गारण्टी नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, उत्पादक और विकास की ओर ले जाने का एक माध्यम है। मनरेगा का अर्थ ग्रामीण क्षेत्रों में गड्ढे खोदने और भरने तक सीमित रह गया था और जिस कारण यह भी प्रकाश में आया कि विगत वर्षो में मनरेगा में सैकड़ों करोड़ का घोटाला हुआ है। इसलिए आवश्यकता मात्र सुधार की नही बल्कि ऐसे नये वैधानिक ढ़ांचे की थी, जो न सिर्फ ग्रामीण परिवारों को रोजगार की वैधानिक गारण्टी दें बल्कि विकास और ग्रामीण क्षेत्र के स्थायी क्षमता का निर्माण भी कर सके। इस दृष्टि से विकसित भारत जी-राम जी विधेयक 2025 का प्रख्यापन हुआ है। मनरेगा में जहां 100 दिन रोजगार का प्रावधान था, वहीं वी०बी०-जी-राम-जी में 125 दिन रोजगार की गारण्टी है।

## रेलवे पुलिस ने ट्रेन में छूटी बच्ची को किया परिजनों के सुपुर्द

टूंडला। पूर्वा एक्सप्रेस में एक बच्ची छूट गई जिसको जीआरपी आरपीएफ पुलिस ने टूंडला स्टेशन पर उतारकर बच्ची के परिजनों से सम्पर्क कर उनके सुपुर्द किया है।

रोजिना पत्नी झुम्मन अपनी पुत्री अफिया के साथ अलीगढ़ से कलकत्ता जा रही थी तभी रेलवे स्टेशन अलीगढ़ पर महिला ने अपनी बच्ची को अन्य महिला को पकड़ा दिया। जब तक पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन में लेकर महिला बैठ गई। महिला के वापस आने पर वह महिला नहीं मिली तो महिला ने जीआरपी आरपीएफ को सूचित किया। जिस पर थाना जीआरपी व आरपीएफ टूंडला पुलिस ने बच्ची को टूंडला स्टेशन उतारा उसके बाद इसकी जानकारी इसके परिजनों को दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों को पुलिस ने बच्ची को उनके परिजनों के सुपुर्द किया है।

संक्षेप

## 15 जनवरी को बंद रहेंगे शेयर बाजार

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के कारण बृहस्पतिवार, 15 जनवरी को शेयर बाजार बंद रहेंगे। बीएसई और एनएसई ने यह जानकारी दी। शेयर खंड, वायदा एवं विकल्प खंड (डेरिवेटिव्स), जिंस और इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स में कारोबार बंद रहेगा। महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव के कारण बृहस्पतिवार, 15 जनवरी, 2026 को पूंजी बाजार खंड में अवकाश घोषित किया गया है। इससे पहले, एक्सचेंज ने कहा था कि वह 15 जनवरी को निपटान अवकाश के रूप में मनाएगा, जबकि उस दिन कारोबार खुला रहेगा। बीएसई ने भी अलग से घोषणा की कि नगर निगम चुनाव के कारण 15 जनवरी को कारोबार बंद रहेगा। कुल मिलाकर, एक्सचेंज में आमतौर पर शनिवार और रविवार को नियमित साप्ताहिक बंद के अलावा एक साल में लगभग 15 कारोबारी अवकाश होते हैं। 10 जनवरी को, महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में 15 जनवरी को स्थानीय निकाय चुनावों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। यह छुट्टी स्थानीय निकाय के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सरकारी और अर्द्ध-सरकारी कार्यालय, निगम, बोर्ड, सार्वजनिक उपक्रम, बैंक और केन्द्र सरकार कार्यालयों पर लागू होगी।

## हीरो मोटोकॉर्प का कैम्पेन 'राइड सेफ इंडिया' शुरू

नयी दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर एक समावेशी सड़क सुरक्षा कैम्पेन 'राइड सेफ इंडिया' शुरू किया है। यह पहल सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देगी और सड़क सुरक्षा को महज अनुपालन की मानसिकता से बदलकर रोजमर्रा की सामाजिक जिम्मेदारी में बदलने का काम करेगी। यह कैम्पेन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और हीरो मोटोकॉर्प की एक दशक की मजबूत प्रतिबद्धता पर आधारित है। इसने भारत में 16 लाख लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। जागरूकता कार्यक्रमों, राइडर ट्रेनिंग और ट्रैफिक पार्क की मदद से, इन कोशिशों ने सुरक्षित सवारी की आदतें बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। यह कंपनी की सड़क सुरक्षा को भारत में रोज की यात्रा का जरूरी हिस्सा बनाने की लंबी अवधि की सोच को दर्शाता है।

## चेन एंड बैंगल महोत्सव का आयोजन

मुंबई। पीएनजी ज्वेलर्स द्वारा अपने बहुप्रतीक्षित चेन एंड बैंगल महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह महोत्सव 5 जनवरी से सभी पीएनजी ज्वेलर्स शोरूम्स में शुरू हो रहा है। महीने भर चलने वाला यह उत्सव ज्वेलरी टाइमलेस और वर्सेटाइल इन दो श्रेणियों को एक साथ लाता है, जिससे ग्राहकों को रोजाना की शालीनता और उत्सव की भव्यता, दोनों में निवेश करने का बेहतरीन अवसर मिलता है। यह महोत्सव खास तौर पर उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है,जो अपनी कलेक्शन में क्लासिक सोने की चेन,आकर्षक चूड़ियां और सुंदर हीरे की चूड़ियां जोड़ना चाहते हैं, चाहे रोज पहनने के लिए हो, गिफ्ट देने के लिए हो या विशेष अवसरों के लिए हो।

## निसान ने किया इंडिया लीडरशिप को मजबूत

नई दिल्ली। निसान ने अफ्रीका, पश्चिम एशिया, भारत, यूरोप एवं ओशियानिया (एएमआईईओ) क्षेत्र में सीनियर मैनेजमेंट में बड़े बदलाव की घोषणा की है। यह बदलाव री:निसान के ट्रांसफॉर्मेशन प्लान को मजबूती देने और परिचालन दक्षता, स्पीड एवं कस्टमर फोकस को बेहतर करने के उद्देश्य से किया गया है। 1 जनवरी 2026 से प्रभावी थियरी सबाग की बढ़ी हुई जिम्मेदारियों में निसान इंडिया को भी शामिल किया गया है। उन्हें डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट और पश्चिम एशिया, केएसए, सीआईएस एंड इंडिया निसान एंड इनफिनिटी का प्रेसिडेंट बनाया गया है। यह स्थापित बाजारों में लीडरशिप कॉन्टिन्यूटी को कायम रखने के साथ ही एएमआईईओ क्षेत्र के भीतर रणनीतिक प्राथमिकता के तौर पर भारत में गवर्नेंस, एक्जीक्यूशन एवं ग्रोथ मूमेंटम पर निसान के फोकस को दिखाता है। 2026 में निसान की महत्वाकांक्षाओं में भारत की केंद्रीय भूमिका है, क्योंकि ब्रांड यहां अपनी रिसर्जेंस को गति दे रही है। इसी गति को बनाए रखते हुए निसान इंडिया अगले 14 से 16 महीनों में ग्रेवाइट, टेक्टॉन और 7-सीटर सी-एसयूवी समेत तीन नए मॉडल पेश करेगी। साथ ही देशभर में 250 टचपॉइंट्स के साथ अपने बढ़ते डीलर नेटवर्क के माध्यम से कंपनी ग्राहकों तक अपनी पहुंच भी बढ़ा रही है।

# सेंसेक्स में 302 अंकों की उछाल



मुंबई। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में भारी गिरावट के बाद सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स में 302 अंक की तेजी रही जबकि एनएसई निफ्टी 107 अंक चढ़ गया। कारोबारियों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई उम्मीद जगने और ऊर्जा, बैंकिंग एवं धातु शेयरों में निचले स्तरों पर खरीदारी आने से बाजार को सहारा मिला। हालांकि भू-राजनीतिक तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने तेजी को सीमित रखा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बाद 301.93 अंक यानी 0.36 प्रतिशत चढ़कर 83,878.17 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में एक समय यह 715.17 अंक गिरकर 82,861.07 अंक तक फिसल गया था लेकिन बाद में यह संभला और बढ़त लेने में सफल रहा। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 106.95 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,790.25 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 209.9 अंक गिरकर 25,473.40 अंक तक आ गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। इसके उलट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। इस तरह स्थानीय शेयर बाजार पांच दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहा। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में कुल 2,185.77 अंक यानी 2.54 प्रतिशत और निफ्टी में 645.25 अंक यानी 2.45 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सोमवार को भी बाजार सुबह के सत्र में गिरावट के साथ ही कारोबार कर रहा था। लेकिन भारत में अमेरिका के नए राजदूत की तरफ से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सकारात्मक संकेत दिए जाने से निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बाजार की धारणा पर वैश्विक एवं द्विपक्षीय घटनाक्रम का मिला-जुला असर देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के चलते सतर्कता हावी रही लेकिन भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रगति की खबर आने से बाजार की मनोदशा में सुधार देखा गया। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.41 प्रतिशत की गिरावट रही। खंडवार सूचकांकों में धातु खंड में सर्वाधिक 1.92 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि जिंस खंड में 1.06 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 0.85 प्रतिशत की बढ़त रही।

# रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे बढ़कर 90.16 पर बंद



मुंबई। रुपया सोमवार को निचले स्तर से उबरते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की बढ़त के साथ 90.16 (अनंतिम) पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में कमी से रुपया लाभ में रहा। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि भारत में अमेरिका के नए दूत सर्जियो गोर के उस बयान के बाद शेयर बाजार की धारणा में भी सुधार हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

हालांकि, अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति ने घरेलू मुद्रा को दबाव में रखा, जिससे इसमें सुधार सीमित रहा। इसके अलावा, कारोबारी इस सप्ताह जारी होने वाले घरेलू और अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार भी कर रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.23 पर खुला और कारोबार के दौरान मजबूत होकर 90.13 तक पहुंच गया। रुपये ने डॉलर के मुकाबले 90.16 (अस्थायी) पर बंद होने से पहले 90.25 का निचला स्तर भी छुआ। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे गिरकर 90.18 पर बंद हुआ था। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपया कमजोरी के साथ खुला, लेकिन घरेलू बाजारों में उछाल आने पर इसमें सुधार हुआ। कारोबारियों का ध्यान अब अमेरिका और भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर है। डॉलर के मुकाबरे रुपये की हाजिर कीमत 89.90 रुपये से 90.60 रुपये के दायरे में रहने की उम्मीद है। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.55 पर था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63.16 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,769.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 1.33 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। सब्जी, अंडा और दाल समेत रसोई की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण बीते महीने दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 1.33 प्रतिशत पर पहुंच गई। नवंबर में मुद्रास्फीति 0.71 प्रतिशत थी। इससे पहले पिछला उच्च स्तर सितंबर में 1.44 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति में लगातार सातवें महीने गिरावट रही और यह शून्य से 2.71 प्रतिशत रही। हालांकि इसमें नवंबर के मुकाबले वृद्धि हुई है। नवंबर में यह शून्य से नीचे 3.91 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े जारी करते हुए कहा, दिसंबर 2025 के दौरान प्रमुख मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से व्यक्तिगत देखभाल और प्रभाव, सब्जियों, मांस और मछली, अंडे, मसालों तथा दालों एवं उनके उत्पादों की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण हुई है। दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति लगातार चौथे महीने भारतीय रिजर्व बैंक की निचली संतोषजनक सीमा से नीचे रही। सरकार ने केंद्रीय बैंक को यह जिम्मेदारी दी हुई है कि मुद्रास्फीति दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे।

# चांदी 265000 रुपये प्रति किलोग्राम पर



नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में जोरदार तेजी के अनुरूप सोमवार को राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 15,000 रुपये उछलकर 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। वहीं सोना 144,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर रहा।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 15,000 रुपये यानी छह प्रतिशत बढ़कर 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) के नए शिखर पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,900 रुपये यानी 2.05 प्रतिशत बढ़कर।,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को यह 141,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना पहली बार 4,600 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गया। सोना 90.72 डॉलर यानी दो प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 4,601.69 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। सोने ने सकारात्मक उत्तर दिया है और 4,600 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया है जबकि चांदी में और भी तेज उछाल आया है और यह 84 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है। यह जोखिम के प्रति संवेदनशील माहौल में इसके अधिक मांग को दिखाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर चांदी 4.3 डॉलर यानी लगभग छह प्रतिशत बढ़कर 84.61 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में और कटौती करने के लिए मजबूर होने की बढ़ती उम्मीदों के कारण चांदी नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

# बजट में हों रोजगार बढ़ाने के उपाय और बैंकिंग क्षेत्र में सुधार पर जोर

नयी दिल्ली। अगले महीने पेश होने वाले आम बजट से पहले अर्थशास्त्रियों की राय है कि बजट में रोजगार बढ़ाने के उपाय और छोटे उद्योगों पर नए सिरे से ध्यान दिए जाने के साथ-साथ बैंकिग क्षेत्र में सुधार होने चाहिए। उनका यह भी कहना है कि पिछले साल 12 लाख रुपये तक आय पर आयकर से राहत के बाद प्रत्यक्ष करों पर कोई बड़ी घोषणा की उम्मीद नहीं है।

हालांकि सीमा शुल्क पर कुछ नीति लाई जा सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार नौवीं बार एक फरवरी को लोकसभा में 2026-27 का बजट करेंगी। यह पहली बार होगा जब बजट रविवार को पेश किया जाएगा। बजट में सरकार को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्रों पर नए सिरे से ध्यान दिए जाने के साथ-साथ बैंकिग क्षेत्र में सुधारों का खाका पेश करना चाहिए। बजट दीर्घकालीन लक्ष्यों के साथ सुधारों पर केंद्रित 2047 के एजेंडे के लिए एक दृष्टि पत्र हो सकता है। बैंकिंग क्षेत्र में सुधार के तहत हालांकि देश में कुछ बड़े बैंकों की जरूरत बतायी जा रही है और इसके लिए विलय की बातें हो रही हैं। हालांकि मेरा मानना है कि देश में और बैंकों की जरूरत है ताकि जरूरतमंदों को बैंक से जुड़ी सुविधाओं के साथ कर्ज आसानी से सुलभ हो सके।

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान




नयी दिल्ली। भारत की आर्थिक वृद्धि दर के चालू वित्त वर्ष में 7.4 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026-27 में सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। फिच ग्रुप की कंपनी बीएमआई ने एक रिपोर्ट में यह कहा। इसमें कहा गया कि मौद्रिक और नियामक उपायों से वित्त वर्ष 2026-27 में निवेश एवं उपभोग को प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मजबूत अग्रिम अनुमान, पिछले दो महीनों के दौरान अमेरिका को निर्यात होने वाले माल में वृद्धि और अनुकूल नीतिगत माहौल.. भारत के आर्थिक दृष्टिकोण के लिए अच्छे संकेत हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। बीएमआई ने 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को संशोधित करते हुए इसे 7.4 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 7.2 प्रतिशत अनुमानित था। वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने के आसार हैं जो पहले अनुमानित 6.6 प्रतिशत से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही की मजबूत नींव पहले ही रखी जा चुकी है। इसमें कहा गया कि कि वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में अर्थव्यवस्था में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी। आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था में पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 7.8 प्रतिशत और दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 8.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। बीएमआई ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और व्यक्तिगत आयकर प्रणालियों में 2025 में किए गए सुधारों से परिवारों पर कर का बोझ कम हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले वर्ष अपनी नीतिगत ब्याज दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की। अंततः, सरकार ने नए श्रम संहिता लागू करने और स्थानीय बीमा कंपनियों में 100 प्रतिशत विदेशी स्वामित्व की अनुमति देने पर जोर दिया है। हमारा मानना है कि जोखिम संतुलित हैं और यह इस बात पर निर्भर करता है कि क्या भविष्य में भारत-अमेरिका के बीच कोई ऐसा व्यापार समझौता होता है जिससे अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले उत्पादों पर शुल्क में उल्लेखनीय कमी आए।

# बैंकों का ऋण एवं जमा अनुपात बढ़कर 82 प्रतिशत पर पहुंचा

नयी दिल्ली। अर्थव्यवस्था के बढ़ते वित्तीयकरण के साथ देश का ऋण एवं जमा अनुपात लगातार बढ़ रहा है और यह वित्त वर्ष 2000-01 के 53 प्रतिशत से बढ़कर 15 दिसंबर, 2025 तक 82 प्रतिशत पर पहुंच गया। सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक शोध रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, ऋण एवं जमा (सीडी) अनुपात में यह सुधार बेहतर वित्तीय विकास को दर्शाता है और मजबूत आर्थिक वृद्धि का संकेत देता है। रिपोर्ट कहती है कि वृद्धिशील सीडी अनुपात के आंकड़े कई बार 100 प्रतिशत से ऊपर चले गए हैं, जो जमा वृद्धि अपेक्षाकृत कमजोर रहने के बावजूद ऋण की बढ़ती मांग को दर्शाते हैं। बैंकों ने अन्य स्रोतों से संसाधन जुटाकर ऋण की इस मांग को पूरा किया। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, कोविड महामारी के बाद भारतीय बैंकों के बहीखातों में मजबूत सुधार देखने को मिला है। बैंक परिसंपत्तियों की वृद्धि बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 77 प्रतिशत थी। यह ऋण मध्यस्थता और वित्तीय गहराई में बढ़ोतरी को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो दशकों में जमा एवं ऋ ण में कई गुना वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2004-05 से 2024-25 के दौरान जमा 18.4 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 241.5 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि ऋण 11.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 191.2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान ऋण वृद्धि की रफ्तार अधिक रही, जिसके चलते ऋण एवं जमा अनुपात वित्त वर्ष 2020-21 के 69 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 79 प्रतिशत हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की बाजार हिस्सेदारी में अब धीरे-धीरे सुधार देखने को मिल रहा है, जो बहीखाते में सुधार और नए ऋण देने की क्षमता को दर्शाता है। वहीं, चालू और बचत खाते का कुल अनुपात करीब 37 प्रतिशत पर स्थिर रहा, हालांकि निजी बैंकों ने इस खंड में अपनी हिस्सेदारी मजबूत की, जबकि विदेशी बैंकों में इसमें गिरावट आई। असुरक्षित ऋण 2004-05 के दो लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 46.9 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## पेज एक का शेष

### संजय प्रसाद

लेवल-17 में 2.25 लाख रुपये वेतनमान दिया गया है। आशीष कुमार गोयल इस समय उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन में चेयरमैन हैं, संजय प्रसाद मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव हैं। उनके पास गृह व सूचना विभाग भी है। अमृत अभिजात इस समय पर्यटन व संस्कृति में प्रमुख सचिव हैं। आर रमेश कुमार राजस्व परिषद में सदस्य हैं। मुकेश मेश्राम इस समय पशुपालन व डेयरी विभाग में प्रमुख सचिव हैं। इसके अलावा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात तीन आईएएस अधिकारियों भुवनेश कुमार, मृत्युंजय कुमार नारायण और संतोष कुमार यादव को प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज ने सोमवार को इन अधिकारियों के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए।

### देश का जेन

गया है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में उनकी सरकार ने स्टार्टअप और डिजिटल क्रांति के जरिये युवाओं के लिये असीम अवसर पैदा किये और इस दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा हमें युवाओं के सामर्थ्य पर भरोसा है, इसलिये हमने पिछली सरकारों से अलग राह चुनी, जिससे स्टार्टअप क्रांति ने गति पकड़ी। स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी पहल की गई। ऐसे क्षेत्र जहां पहले सिर्फ सरकार की चलती थी, उन्हें युवा उद्यमियों के लिये खोला गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपने 2014 से पहले का दौर नहीं देखा, जब उस समय की सरकार की सही समय पर फैसले नहीं लेने के लिये आलोचना होती थी। नियम कायदे ऐसे थे कि नौजवान कुछ नया करने के बार में सोच भी नहीं सकता था।

### यूपी के 17

किया गया है। इन पर कार्रवाई के निर्देश कानपुर देहात के बनीपारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के डॉ. महेन्द्र सिंह, बरेली सीएमओ के अधीन डॉ. विनय कुमार, औरैया अजीत मल्ल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) डॉ. शालिनी, डॉ. प्रभा पाल, अछल्दा घसारा पीएचसी डॉ. अजय राजपूत, गूरा बिधूना पीएचसी के डॉ. आलोक कुमार, राजकीय चिकित्सालय डॉ. प्रदीप कुमार, वाराणसी सीएमओ कार्यालय के अधीन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योत्सना पांडेय और प्रयागराज के सैदाबाद सीएचसी डॉ. रेखा देवी को बर्खास्त करने के निर्देश अपर मुख्य सचिव को दिया गया। ब्रजेश पाठक ने बताया कि सहारनपुर कैलाशपुर पीएचसी के डॉ. अमित कुमार, झांसी बबीना पीएचसी के डॉ. अजय विक्रम सिंह, बाराबंकी जैदपुर सीएचसी के डॉ. बेनजीर, सुल्तानपुर जयसिंहपुर सीएचसी डॉ. जगराम वर्मा, अलीगढ़ जवां सीएचसी के डॉ. अन्दलीव रुवाब शुयेब, प्रयागराज राम नगर सीएचसी के डॉ. विजय कुमार गुप्ता, सुल्तानपुर अखंडनगर पीएचसी के डॉ. सत्यनाम कुमार भारतीय और बरेली मीरगंज सीएचसी के डॉ. सुधाकर पांडेय को बर्खास्त करने के लिए अपर मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं। मरीजों से अभद्रता पर चार डॉक्टर नपे मरीजों से अभद्रता के आरोप में चार डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई की गई है।

### स्वास्थ्य सेवा

बुद्ध नगर में एआई एंड इनोवेशन आधारित उद्यमिता केंद्र, आईआईटी कानपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित करने का कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में यूपी एआई मिशन के तहत लगभग 2000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से लागू किए जाएंगे, जो उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के प्रयोग में देश में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हमने देश में तकनीक के प्रभाव को जमीनी धरातल पर मूर्त रूप लेते देखा है। उत्तर प्रदेश में भी पिछले आठ वर्षों से हमारी डबल इंजन की सरकार ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से शासन के विजन, नीतियों और वेलफेयर योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में सफलता हासिल की है। हमने प्रदेश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में 80,000 दुकानों पर ई-पॉस मशीनें लगवाईं। एकसाथ छापेमारी कर वर्ष 2017 से पहले गरीब लोगों के नाम से बनाए गए 30 लाख फर्जी राशन कार्ड बरामद किए और पात्र व्यक्तियों तक योजना का लाभ पहुंचाया। आज सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली में आम जन की शिकायतें शून्य स्तर पर पहुंच चुकी हैं।

### एआई पैठ

और टियर-3 शहरों में देखने को मिलेगा। सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नीति आयोग के सदस्य विनोद कुमार पॉल और आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने भी एआई, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन पर अपने विचार रखे।

केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश का डेस्टिनेशन तो बन ही चुका है, अब वह तेजी से टेक डेस्टिनेशन की ओर बढ़ रहा है। एआई, डिजिटलाइजेशन और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में देश में बड़े स्तर पर काम हो रहा है, जो किसी भी लिहाज से मामूली नहीं है। स्टैनफोर्ड सहित कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की रिपोर्ट बताती हैं कि एआई पेनिट्रेशन में भारत पहले पायदान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि इस तेज बढ़त के साथ चुनौतियां भी हैं। साइबर लिट्रेसी को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग करने वाले आम लोग बेसिक साइबर हाइजीन, एआई और नई तकनीकों को समझ सकें। डीपफेक और मिस-इन्फॉर्मेशन को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र और राज्य सरकारें समन्वय के साथ काम कर रही हैं और किसी को नुकसान पहुंचाने वाले प्रयास बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत आज एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभरा है। देश में प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी को जनता का पूरा समर्थन प्राप्त है। जब जनभावना साथ होती है, तो सरकार के लिए बड़े और दूरगामी फैसले लेना आसान हो जाता है। जितिन प्नसाद ने नई दिल्ली में होने वाले एआई इंपैक्ट समिट का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन आमतौर पर विकसित देशों में होता रहा है, लेकिन पहली बार भारत इसकी मेजबानी कर रहा है।

### एकाग्रता, दृढ़ता व

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उक्त विचार प्रकट किए। मुख्यमंत्री ने यहां प्रदर्शनी व लघु फिल्म का अवलोकन किया। उन्होंने 10 युवाओं, तीन युवक मंगल दल व तीन महिला मंगल दल को स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड प्रदान किया। सीएम ने राष्ट्रनायक छत्रपति शिवाजी महाराज को गढ़ने वाली जीजाबाई मां साहिब की पावन जयंती पर उन्हें नमन किया। सीएम योगी ने कहा कि सुप्त चेतना के कारण जो भारत आत्मबोध लगभग खो चुका था, स्वामी विवेकानंद उस भारत का प्रतिनिधित्व करते थे। उस समय मुठ्ठी भर विदेशी आक्रांता भारत को गुलाम बनाने में सफल हो गए। चंद लोग भारत को लूट रहे थे। यहां की सभ्यता, संस्कृति और परंपरा को अपमानित किया जा रहा था, उस कालखंड में सुप्त चेतना को जागृत करने व भारत को भारतीयता के आत्मबोध से जागरूक करने के लिए युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद ने महती भूमिका का निर्वहन किया था। सीएम योगी ने कहा कि शिकागो की धर्मसभा में स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि मैं भारत की उस परंपरा से आया हूं, जिसने सदैव मानव कल्याण का मार्ग दिखाया है। हमारे पास बुद्धि, वैभव व बल था, लेकिन हमने जबरन अपनी बात नहीं थोपी, क्योंकि जब भी पीड़ित मानवता भारत की तरफ आई है तो भारत ने उसे शरण, संरक्षण व संवर्धन दिया है। मुझे गर्व है कि मैं हिंदू हूं। यह उद्घोष राष्ट्र को ऊर्जा से भर देने वाला था। भारत में हर हिंदू का संस्कार है कि वह इसे जीवन का मंत्र बनाए। सीएम ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का दृढ़ विश्वास था कि भारत युवा शक्ति, आध्यात्मिक चेतना के बल पर खुद को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेगा। हम आज उसे मूर्त रूप लेते देख रहे हैं। 1947 में आजादी के एक दिन पहले देश का दर्दनाक विभाजन हुआ। लाखों की संख्या में कत्लेआम हर भारतीय को आहत कर रहा था।

### भारत से

रणनीतिक गठबंधन पैक्स सिलिका में शामिल होने के निमंत्रण की भी घोषणा की। पदभार संभालने के कुछ ही घंटों बाद गोर द्वारा दिए गए इन बयानों को ट्रंप प्रशासन की ओर से ऐसे समय में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जब उसने हाल के महीनों में शुल्क (टैरिफ) और एच-।बी वीजा को लेकर भारत पर दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए गोर ने कहा आपके और मेरे सामने कूटनीति को फिर से परिभाषित करने का जीवन में एक बार मिलने वाला अविश्वसनीय अवसर है। इससे जो हासिल किया जा सकता है, वह इस सदी की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक साझेदारी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा भारत से अधिक आवश्यक कोई साझेदार नहीं है। आने वाले महीनों और वर्षों में राजदूत के रूप में मेरा लक्ष्य एक अत्यंत महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ाना है। हम इसे सच्चे रणनीतिक साझेदारों के रूप में करेंगे, जहां दोनों पक्ष अपनी ताकत, सम्मान और नेतृत्व के साथ आगे आएंगे। गोर (38) ने इस बात पर जोर दिया कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच दोस्ती सच्ची है और यह उन मतभेदों को सुलझाने में मदद करेगी, जिनके कारण पिछले दो दशकों में संबंधों का सबसे खराब दौर देखने को मिला। द्विपक्षीय संबंधों में यह गिरावट तब शुरू हुई जब ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया, जिसमें भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल था। शुल्क के अलावा भारत-पाकिस्तान संघर्ष को मई में समाप्त करने के ट्रंप के दावे और अमेरिका की नयी आव्रजन नीति एवं कई अन्य मुद्दों पर भी द्विपक्षीय संबंधों में गंभीर तनाव देखा गया।

### स्वामी विवेकानंद

पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं एवं एनएसएस अवार्ड विजेता युवाओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनएसएस द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 02 लाख 24 हजार 320 रुपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा।

### जरूरतमंदों को

जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते दिखे। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जब तक सर्दी पड़ती रहेगी, वे शहर में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे और लोगों को जाड़े की मार से बचाते रहेंगे। हमारी कोशिश है कि जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा उद्देश्य है।




# बेंगलुरु ने यूपी को 9 विकेट से हराया

## डॉटिन-दीप्ति में की 93 रन की साझेदारी पार्टनरशिप, श्रेयांका पाटील और डी क्लर्क ने 2-2 विकेट लिए

एजेंसी





नवी मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को नौ विकेट से हरा दिया। यूपी वॉरियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 144 रन का टारगेट दिया था। जिसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने 12.1 ओवर में एक विकेट खोकर बना लिया।

यूपी वॉरियर्ज ने 50 रन पर ही 5 विकेट गंवाने के बाद 20 ओवर में 143 रन बनाए थे। आरसीबी से श्रेयांका पाटील और नदीन डी क्लर्क ने 2-2 विकेट लिए। एक विकेट लौरेन बेल को मिला। यूपीडब्ल्यू से डिएंड्रा डॉटिन और दीप्ति शर्मा ने छठे विकेट के लिए 93 रन की पार्टनरशिप की। डॉटिन ने 40 और दीप्ति ने 45 रन बनाए।9 ओवर तक 50 रन पर 5 विकेट गंवाने के बाद यूपी वॉरियर्ज को डिएंड्रा डॉटिन और दीप्ति शर्मा ने वापसी दिलाई।दोनों ने छठे विकेट के लिए 93 रन की पार्टनरशिप की और टीम को 143 रन तक पहुंचा दिया। दीप्ति ने 45 और डॉटिन ने 40 रन बनाए।16वें ओवर में यूपी वॉरियर्ज ने अपनी सेंचुरी पूरी कर ली।टीम ने 50 रन के स्कोर पर पांचवां विकेट गंवाया था।16वें ओवर में दीप्ति शर्मा और डिएंड्रा डॉटिन ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली।8.2 ओवर तक 5 विकेट गंवाने के बाद दीप्ति शर्मा और डिएंड्रा डॉटिन ने यूपी को संभाला।दोनों ने 22 गेंद पर 16 रन जोड़े और टीम को 12 ओवर में 66 तक पहुंचा दिया।यूपी ने 9वें ओवर में चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल पर नदीन डी क्लर्क ने किरण नवगिरे को लिंसी स्मिथ के हाथों कैच कराया।इसी ओवर की दूसरी गेंद पर श्वेता सहरावत भी कैच हो गईं। वे खाता भी नहीं खोल पाईं। पारी के 8वें ओवर में श्रेयांका पाटील ने 2 विकेट झटक लिए। ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने मेग लैनिंग को कैच कराया। वहीं आखिरी गेंद पर फीबी लिचफील्ड को पवेलियन भेज दिया।लैनिंग ने 14 और लिचफील्ड ने 20 रन बनाए।8वें ओवर में यूपी वॉरियर्ज ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली श्रेयांका पाटील ने गुड लेंथ पर फेंकी।

मेग लुैनिंग ने स्लॉग स्वीप शॉट खेला, लेकिन डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गईं।उन्होंने 21 गेंद पर 14 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी यूपी वॉरियर्ज ने 6 ओवर में 1 विकेट खोकर 36 रन बना लिए। हरलीन देओल 11 रन बनाकर आउट हुईं, लेकिन कप्तान मेग लैनिंग और फीबी लिचफील्ड ने टीम को संभाल लिया।5वें ओवर में यूपी वॉरियर्ज ने पहला विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बॉल लौरेन बेल ने गुड लेंथ पर आउट स्विंगर फेंकी। हरलीन देओल बड़ा शॉट खेलने गईं, लेकिन मिड ऑफ पोजिशन पर कप्तान स्मृति मंधाना के हाथों कैच हो गईं। उन्होंने 11 रन बनाए।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी यूपी वॉरियर्ज के लिए कप्तान मेग लैनिंग और हरलीन देओल ओपनिंग करने उतरीं। दोनों ने पहले ओवर में लौरेन बेल के खिलाफ 4 रन बनाए।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और यूपी वॉरियर्स के बीच अब तक कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। दोनों टीमों के बीच कुल 6 मैच खेले गए हैं और हेड टु हेड रिकॉर्ड पूरी तरह बराबरी का रहा है। आरसीबी ने 3 मुकाबलों में जीत दर्ज की है, वहीं यूपी वॉरियर्स ने भी 3 मैच अपने नाम किए हैं। आरसीबी की कप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने टीम के लिए अब तक 27 मैच खेले हैं, जिनमें 664 रन बनाए हैं।इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर 81 रन रहा है। मंधाना टीम की टॉप स्कोरर हैं। गेंदबाजी में श्रेयांका पाटिल ने टीम के लिए अहम भूमिका निभाई है।उन्होंने 16 मैचों में 20 विकेट हासिल किए हैं।वहीं, फउइ के लिए पिछले मैच में नादिन डी क्लार्क ने नाबाद 63 रन बनाए और चार विकेट लिए थे।टीम को यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। यूपी वॉरियर्स की सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी दीप्ति शर्मा रही हैं। उन्होंने अब तक 26 मैचों में 508 रन बनाए हैं।उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 88 रन है।गेंदबाजी में इंग्लैंड की स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन यूपी की सबसे बड़ी ताकत रही हैं।उन्होंने 26 मैचों में 38 विकेट चटकाए हैं। पिछले मैच में दीप्ति का खराब प्रदर्शन रहा। हढछ नीलामी में 3.2 करोड़ रुपए की सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं दीप्ति गुजरात जाएंट्स के खिलाफ शनिवार को हुए मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहीं।डीवाई पाटिल स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। इस मैदान पर हाई स्कोरिंग मुकीबले देखने को मिलते हैं। सीजन के पहले मैच में यहां बेंगलुरु ने मुंबई के खिलाफ 155 रन चेज किए।वहीं 208 रन चेज करते हुए यूपी ने 197 रन बना दिए। यहां इस सीजन में अब तक 3 मैच खेले जा चुके हैं।इसमें 2 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीम और 1 मैच चेज करने वाली टीम ने जीता है। मौसम रहेगा साफ नवी मुंबई में सोमवार को बारिश की कोई संभावना नहीं है।

## इंडिया ओपन के जरिये जीत की राह पर लौटना चाहेंगे सात्विक व चिराग




नयी दिल्ली। भारतीय पुरूष युगल टीम सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से पहले सोमवार को कहा कि एक खिताब उन्हें जीत की राह पर लौटा सकता है। हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स में उपविजेता रहने , विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने और विश्व टूर फाइनल्स के नॉकआउट चरण के लिये क्वालीफाई करने के बावजूद चिराग ने स्वीकार किया कि इस सत्र में वे अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके। चिराग ने कहा बाहर से भले ही ऐसा लगे कि यह सर्वश्रेष्ठ साल नहीं रहा क्योंकि हम एक भी खिताब नहीं जीत सके। हमने अपने लिये इतने उंचे मानदंड कायम किये हैं कि खिताब से नीचे कुछ भी कम ही लगता है।

पिछले कुछ साल से हर सत्र में कम से कम एक खिताब जीत रही इस जोड़ी को शारीरिक और निजी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। चिराग ने कहा हमने काफी कठिन समय देखा, शारीरिक और निजी तौर पर। मैं कमर की चोट से जूझ रहा था और मुझे पता नहीं था कि इससे उबरने में कितना समय लगेगा।मैने कोर्ट पर वापसी की पूरी कोशिश की लेकिन अपेक्षा से अधिक समय लग गया।उन्होंने कहा मैं विश्व रैंकिंग में 27वें नंबर पर खिसक गया लेकिन साल के आखिर में तीसरे स्थान पर रहा।इंडिया ओपन में पिछले चार सत्र में से दो बार फाइनल में पहुंचने वाली यह जोड़ी 2022 में विजेता रही थी।सात्विक ने कहा खिताब जीतने से बहुत कुछ बदल जाता है।

जीत मायने रखती है, चाहे छोटी हो या बड़ी। इस टूर्नामेंट से काफी आत्मविश्वास बढा।हम एक जीत की तलाश में हैं जिससे आत्मविश्वास लौटे और हम चिर परिचित खेल दिखा सकें। वहीं दूसरी ओर पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन सहित भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 950,000 डॉलर इनामी इंडिया ओपन सुपर 750 में घरेलू दर्शकों के सामने बेहतर प्रदर्शन करके अपने हालिया फॉर्म को परिणामों में बदलने की कोशिश करेंगे।भारतीय खिलाड़ियों का हालांकि अपने घरेलू कोर्ट पर प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है तथा पिछले 15 वर्षों में उनमें से केवल कुछ खिलाड़ियों ने ही खिताब जीता है।

ड्रॉ में एक बार फिर घरेलू खिलाड़ियों के लिए शुरुआती चुनौतियां होंगी, जिसमें लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी के बीच पुरुषों के एकल वर्ग का भारतीय मुकाबला शामिल भी है।सिंधू का पहला मैच वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से होगा। सिंधू 2017 में यहां चैंपियन रही हैं।

उन्होंने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जहां वह चीन की वांग झीयी से हार गईं थी। इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में होने वाले इंडिया ओपन में ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली यह भारतीय खिलाड़ी अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी।इंडिया ओपन 2022 के चैंपियन सेन ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 जीतकर पिछले सत्र का समापन किया था लेकिन मलेशिया ओपन में वह जल्दी बाहर हो गए थे। दूसरी ओर आयुष ने 2025 में अमेरिकी ओपन सुपर 300 जीतकर अपनी पहचान बनाई और कोदाई नाराओका, लोह कीन यू, चाउ टिएन चेन और ब्रायन यांग जैसे खिलाड़ियों को हराया।मलेशिया ओपन के पहले दौर में उन्होंने ली ज़ी जिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया था।कुआलालंपुर में सेन हांगकांग के ली चेउक यिउ से हार गए थे, जो अब इंडिया ओपन के पहले दौर में एचएस प्रणय का सामना करेंगे।किदाम्बी श्रीकांत का मुकाबला चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा। महिला एकल में सिंधू के अलावा भारतीय चुनौती मालविका बंसोड पर भी निर्भर रहेगी जिनका सामना चीनी ताइपे की पाई यू पो से होगा।

कई अन्य युवा भारतीय खिलाड़ी भी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। भारत की पोडियम पर पहुंचने की सबसे अच्छी उम्मीदें एक बार फिर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी रहेंगी।यह जोड़ी इस टूर्नामेंट में दो बार फाइनल में पहुंची है और उसने 2022 में खिताब जीता था। भारतीय जोड़ी मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार गई थी और वह यहां उसकी भरपाई करने की कोशिश करेंगे।

## संक्षेप

### अपने बल्ले से जवाब देते हैं कोहली : श्रेयस अय्यर

वडोदरा। भारतीय उपकप्तान श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि यह चैम्पियन क्रिकेटर बरसों से अपने बल्ले से जवाब दे रहा है जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के पहले मैच में खेली गई शानदार पारी शामिल है। कोहली ने 91 गेंद में 93 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने 301 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट से जीत दर्ज की। इस पारी के दौरान कोहली सबसे तेजी से 28000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने जबकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के बाद उनके सर्वाधिक रन हो गए हैं। अय्यर ने बीसीसीआई द्वारा डाले गए वीडियो में कहा , उनकी पारी के बारे में जितना भी बोलें, कम होगा। हम इतने सालों से देख रहे हैं और वह लगातार कर रहे हैं। जिस तरह से वह स्ट्राइक रोटेट करते हैं और गेंदबाजों की धुनाई करते हैं, वह अपने बल्ले से ही जवाब देते हैं। चोट के बाद वापसी कर रहे अय्यर ने कहा श्रृंखला की शुरूआत जीत के साथ करके अच्छा लगा। टीम में काफी समय बाद लौटा हूं और बहुत अच्छा लग रहा है। सभी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना शानदार अनुभव है। मुझे इसकी कमी खल रही थी और वापसी करके बहुत अच्छा लग रहा है।

### उत्तर प्रदेश को हराकर सौराष्ट्र सेमीफाइनल में

बेंगलुरु। कप्तान हार्विक देसाई के नाबाद शतक से सौराष्ट्र ने सोमवार को यहां उत्तर प्रदेश को वर्षा से बाधित मैच में वीजेडी पद्धति के तहत 17 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। चोटिल ज षभ पंत की जगह भारतीय टीम में जगह बनाने वाले ध्रुव जुरेल की गैरमौजूदगी में उत्तर प्रदेश ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आठ विकेट पर 310 रन बनाए। इसके जवाब में जब सौराष्ट्र ने 40.1 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया और सौराष्ट्र को वी जयदेवन (वीजेडी) पद्धति के तहत विजेता घोषित किया गया। सौराष्ट्र की ओर से कप्तान देसाई ने 116 गेंद में नाबाद 100 रन बनाए। उन्होंने प्रेरक मांकड़ (66 गेंद में 67 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन की पारी खेली।

## आरक्षी दीक्षा गुप्ता ने ऑल इंडिया पुलिस वेटलिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल



रायबरेली। उत्तर प्रदेश पुलिस की गौरवशाली परंपरा को एक बार फिर नई ऊँचाई प्रदान करते हुए जनपद की महिला आरक्षी दीक्षा गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2025-26 में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश और जनपद का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक आंध्र प्रदेश के अमरावती में

- क्रासर-एसपी ने दिया 5000 रुपये का नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र

आयोजित की गई थी। महिला वर्ग में 63 किलोग्राम भार वर्ग में आरक्षी दीक्षा गुप्ता ने कुल 417.5 किलोग्राम भार उठाकर यह प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम पूरे देश में गौरवान्वित हुआ है। पुलिस लाइन में आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह ने स्वयं आरक्षी दीक्षा गुप्ता को उनके शानदार उपलब्धि के लिए 5000 रुपये का नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एसपी ने आरक्षी दीक्षा गुप्ता की लगन, कठिन परिश्रम और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरी उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि ऐसे खिलाड़ी ही प्रदेश पुलिस को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करते हैं। आरक्षी दीक्षा गुप्ता की यह सफलता युवा पुलिस कर्मियों, विशेषकर महिला कर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है। वे नियमित प्रशिक्षण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का परचम लहरा रही हैं।

## गुजरात जायंट्स की कड़ी चुनौती का सामना मुंबई इंडियंस से

एजेंसी



नवी मुंबई। अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली गुजरात जायंट्स की टीम अपने बल्लेबाजों के अच्छे खेल के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

जायंट्स का बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत है जिसकी बानगी उसके पहले दो मैच में देखने को मिली। इन दोनों मैच में उसने 200 से अधिक रन का स्कोर खड़ा करके जीत हासिल की। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को मिली जीत से उसका आत्मविश्वास बढ़ना तय है क्योंकि सोफी डिवाइन ने शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 95 रन की शानदार पारी खेली और इसके बाद उसके गेंदबाजों ने अपने बड़े स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। कप्तान एशले गार्डनर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और खुद उनके अनुसार वह डब्ल्यूपीएल के चौथे सत्र की इससे बेहतर शुरुआत की कल्पना नहीं कर सकती थीं। गार्डनर ने कहा, मुझे ऐसा लगा जैसे हमने (दिल्ली कैपिटल्स) वह मैच छीन लिया हो। इस तरह के मैचों से ही खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और इससे यह पता चलता है कि हम किसी भी स्थिति से जीत सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बीच में कुछ रन गंवाने के बाद गुजरात जायंट्स की टीम गेंदबाजी विभाग में अधिक निर्मम होना चाहेगी।

राजेश्वरी गायकवाड़ और काशवी गौतम जैसी अनुभवी भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से गार्डनर भी खुश हैं। मुंबई इंडियंस ने भी पहले मैच में हार के बाद अपने दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था और वह उसी तरह के प्रदर्शन को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। उसकी सबसे बड़ी मैच विजेता नैट साइवर ब्रंट शानदार फॉर्म में हैं, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 42 गेंदों में 74 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने कहा मुझे बल्लेबाजी करने में बहुत मजा आ रहा है और इसका श्रेय मैं भारतीय टीम को देती हूं। हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत है जिससे हमें खुलकर बल्लेबाजी करने की आजादी मिलती है।

### कर्नाटक लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में

बेंगलुरू। गत चैम्पियन कर्नाटक ने वर्षाबाधित मैच में वीजेडी पद्धति के जरिये मुंबई को 54 रन से हराकर लगातार चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बना चुके देवदत्त पडिक्कल ने 95 गेंद में 11 चौकों की मदद से नाबाद 81 रन बनाये जबकि भारत के अनुभवी बल्लेबाज करूण नायर ने 80 गेंद में नाबाद 74 रन बनाये जिसमें 11 चौके शामिल थे। कर्नाटक ने जीत के लिये 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बारिश होने तक 33 ओवर में एक विकेट पर 187 रन बना लिये थे। उस समय वीजेडी प्रणाली से लक्ष्य 132 रन था और कर्नाटक 55 रन आगे था जिससे उसे विजेता घोषित किया गया।

### श्रीलंका की पाक पर जितने चमके हसरंगा और शनाका

दांबुला (श्रीलंका)। कप्तान दासुन शनाका की आतिशी पारी और स्पिनर वानिंदु हसरंगा की शानदार गेंदबाजी की मदद से श्रीलंका ने तीसरे औरअंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 14 रन से हराकर घरेलू मैदान पर जीत के 14 साल के सूखे को समाप्त करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला ।- ।से बराबर कर ली। बारिश से प्रभावित मैच में शनाका ने नौ गेंदों में 34 रन बनाने में पांच छक्के जड़े, जिससे श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद निर्धारित 12 ओवरों में छह विकेट पर 160 रन का मजबूत स्कोर खड़ा कर दिया।

## बार्सिलोना ने फिर से स्पेनिश सुपर कप जीता



एजेंसी

जेद्दा। राफिन्हा के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राफिन्हा का 73वें मिनट में किया गया विजयी गोल संयोगवश आया, जब शॉट मारते समय वह फिसल गए और गेंद मैड्रिड के डिफेंडर राउल असेंसियो से टकराकर गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस को चकमा दे गयी। फाइनल के पहले हाफ का अंत बेहद रोमांचक रहा, जब ब्रेक से पहले स्टॉपेज टाइम में तीन गोल हुए, जिनमें से दो रियाल मैड्रिड ने और एक बार्सिलोना ने किया। पिछले साल के फाइनल में भी बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को 5-2 से हराया था, जिसमें राफिन्हा ने दो गोल किए थे। बार्सिलोना ने 16वां सुपर कप खिताब जीता, जो किसी भी अन्य क्लब से अधिक है। रियाल मैड्रिड 13 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है। घुटने की चोट के कारण मिनी-सुपर कप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए काइलियन एमबाप्पे 76वें मिनट में मैदान पर उतरे, लेकिन रियाल मैड्रिड को बराबरी दिलाने में नाकाम रहे। बार्सिलोना ने 36वें मिनट में राफिन्हा के शानदार गोल से बढ़त बनाई। उसके लिए रॉबर्ट लेवांडोस्की ने भी गोल किया। रियाल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर और गोंजालो गार्सिया ने गोल किए। वहीं दूसरी ओर मुख्य कोच रुबेन अमोरिम को बर्खास्त करने बाद भी मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्रदर्शन में किसी तरह का सुधार नहीं हुआ और उसकी टीम ब्राइटन से 2-1 से हारकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। प्रीमियर लीग की दिग्गज टीम और 13 बार की एफए कप विजेता मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारण पिछले सप्ताह ही अपने मुख्य कोच रुबेन को पद से हटा दिया था। ब्राजन ग्रुडा ने 12वें मिनट में ब्राइटन को बढ़त दिलाई। इसके बाद यूनाइटेड के पूर्व स्ट्राइकर डैनी वेलबेक ने 64वें मिनट में ब्राइटन की तरफ से दूसरा गोल दागा जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। यूनाइटेड की तरफ से बेंजामिन सेस्को ने अंतिम समय में गोल किया जिससे हार का अंतर ही कम हो पाया। इस बीच आर्सेनल ने गैब्रियल मार्टिनेली की हैट्रिक की मदद से पोर्ट्समाउथ के खिलाफ 4-1 की जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। लीड्स ने डर्बी को 3-1 से हराया जबकि तीसरी श्रेणी की टीम मैन्सफील्ड ने प्रीमियर लीग की प्रमुख टीम शेफील्ड यूनाइटेड को 4-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। एक अन्य मैच में नॉर्विच ने वॉल्सॉल को 5-1 से हराया।



## पदकों की होड़ में वाराणसी अव्वल

खेल संवाददाता



लखनऊ। वाराणसी ने अंडर-21 व सीनियर यूपी स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2026 में पांच स्वर्ण सहित कुल 24 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। चैंपियनशिप में मेजबान लखनऊ ने भी पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए, लेकिन रजत और कांस्य पदकों की संख्या कम रहने के कारण उसे दूसरा स्थान मिला जबकि गौतम बुद्ध नगर को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में हुई चैंपियनशिप में रविवार देर रात तक मुकाबले खेले गए। इसके बाद पदक तालिका के आधार पर शीर्ष तीन टीमों का फैसला कया गया। तालिका के अनुसार वाराणसी ने पांच स्वर्ण, सात रजत व 12 कांस्य सहित कुल 24 पदकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। मेजबान लखनऊ पांच स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य सहित कुल 11 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि गौतम बुद्ध नगर ने चार स्वर्ण, पांच रजत व आठ कांस्य सहित 17 पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। समापन समारोह में कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के महासचिव जसपाल सिंह ने पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता नई दिल्ली में आगामी 26 फरवरी से एक मार्च 2026 तक होने वाली आगामी कियो अंडर-21 व सीनियर राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के सचिव कृष्ण अवतार भी मौजूद रहे।

- मेजबान लखनऊ को दूसरा स्थान
- अंडर-21 व सीनियर यूपी स्टेट कराटे चैंपियनशिप
- स्वर्ण विजेता राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में करेंगे यूपी का प्रतिनिधित्व

अंतिम परिणाम इस प्रकार हैं:

अंडर-21 पुरुष कुमिते (60 किग्रा से कम): - स्वर्ण : नंदन कुमार (गाजियाबाद), रजतः शरद श्रीवास्तव (लखनऊ), कांस्य : अकांत कुमार (बुलंदशहर) व रुद्र प्रताप यादव (वाराणसी)

अंडर-21 पुरुष कुमिते (67 किग्रा से कम) :- स्वर्ण : करण कुमार (मथुरा), रजत : देवेश विश्वकर्मा (वाराणसी), कांस्यः मोहम्मद अयान (चंदौली) व कृष (गौतम बुद्ध नगर)

अंडर-21 पुरुष कुमिते (75 किग्रा से कम):- स्वर्णः ठाकुर चौहान (गौतम बुद्ध नगर), रजतः सुमित कुमार (बुलंदशहर), कांस्य : राहुल चौधरी (गौतम बुद्ध नगर) व माधव तिवारी (वाराणसी)।

### भांबरी व गोरानसन की जोड़ी एएसबी क्लासिक के क्वार्टरफाइनल में

ऑकलैंड। भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार को यहां एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में सीधे सेटों में जीत हासिल करके पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।भांबरी और गोरानसन ने पहले दौर के मैच में अजीत राय और जीन जूलियन रोजर की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी को 6-3 6-2 से हराया। भांबरी और गोरानसन ने पूरे मुकाबले के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण का प्रदर्शन किया। भांबरी और गोरानसन की जोड़ी ने अपनी सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट लेकर मैच को एक घंटे से कुछ अधिक समय में ही समाप्त कर दिया। इस तरह से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले अपनी शानदार फॉर्म का भी सबूत पेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मुकाबले में चार ब्रेक प्वाइंट में से तीन को बचाया और अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को चार बार तोड़ा। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण है।

# ईरान बातचीत के लिए राजी है : ट्रंप

## अमेरिका की धमकी के बाद पश्चिम एशियाई देश ने अमेरिका से बातचीत का प्रस्ताव रखा



दुबई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान में प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग करने को लेकर ईरान पर जवाबी कार्रवाई संबंधी अमेरिका की धमकी के बाद इस पश्चिम एशियाई देश ने अमेरिका से संपर्क किया और बातचीत का प्रस्ताव रखा।

ईरान ने फिलहाल इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की है। यह खबर ओमान के विदेश मंत्री की ईरान यात्रा के बाद आई है, जो लंबे समय से वाशिंगटन और तेहरान के बीच मध्यस्थ रहे हैं। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने तेहरान में विदेशी राजनयिकों से बातचीत के दौरान तल्ख लहजे में कहा कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने हिंसा के लिए इजराइल और अमेरिका को दोषी ठहराया, हालांकि उन्होंने इसका कोई सबूत पेश नहीं किया। अराघची ने कहा, इसलिए हिंसक और रक्तपातपूर्ण प्रदर्शन हुआ कि अमेरिकी राष्ट्रपति को हस्तक्षेप करने का बहाना मिल सके। कतर द्वारा वित्त पोषित अल जज़ीरा सैटेलाइट न्यूज नेटवर्क ने उनके बयान प्रसारित किए। अल जज़ीरा सैटेलाइट न्यूज नेटवर्क को देश में इंटरनेट बंद होने के बावजूद काम करने की अनुमति दी गई है। इस बीच, सोमवार को ईरान ने सरकार समर्थक प्रदर्शनकारियों से सड़कों पर उतरकर धर्मतंत्र के समर्थन में प्रदर्शन करने का आह्वान किया। यह 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के शासन को सीधे चुनौती देने वाले कई दिनों के विरोध प्रदर्शनों के बाद शक्ति प्रदर्शन था। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने भीड़ के नारों को प्रसारित किया, जिसमें लोग अमेरिका मुर्दाबाद और इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। ट्रंप ने वार्ता के प्रस्ताव को स्वीकार किया। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की आंतरिक चर्चाओं से परिचित दो लोगों ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम ईरान के खिलाफ संभावित कदम पर विचार कर रही है, जिनमें साइबर हमले और अमेरिका या इजराइल द्वारा सीधे सैन्य हमले शामिल हैं। इन लोगों ने सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने की अनुमति न होने के कारण नाम गोपनीय रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। ट्रंप ने रविवार रात संवाददाताओं से कहा, सेना इस पर विचार कर रही है और हम बहुत सख्त विकल्पों पर भी विचार कर रहे हैं। ईरान की जवाबी कार्रवाई की धमकियों पर उन्होंने कहा, अगर उन्होंने ऐसा किया तो हम उन्हें ऐसे स्तर पर जवाब देंगे, जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। ट्रंप ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उनका प्रशासन तेहरान के साथ बैठक के लिए बातचीत कर रहा है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान में मरने वालों की संख्या बढ़ने और सरकार द्वारा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया जाना जारी रखने के कारण उन्हें (ट्रंप को) पहले कार्वाई करनी पड़ सकती है। ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि वे अमेरिका से मार खा-खाकर थक चुके हैं। ईरान बातचीत करना चाहता है। ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में कार्रवाई में कम से कम 544 लोग मारे गए हैं वहीं मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने रविवार को कहा कि आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज़ एजेंसी ने रविवार को बताया कि पिछले दो सप्ताह से जारी प्रदर्शनों के दौरान 10,600 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह एजेंसी हाल के वर्षों में हुई हिंसक घटनाओं के दौरान सटीक जानकारी देने के लिए जानी जाती रही है।

# 2027 में 22 भाषाओं में संसद की कार्यवाही का प्रसारण किया जायेगा: ओम बिरला



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि लोकसभा में पहली बार कार्यवाही का 22 भाषाओं में समांतर अनुवाद शुरू हो चुका है और 2027 में इन सभी भाषाओं में कार्यवाही का प्रसारण किया जाएगा। बिरला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में संसद में नवाचार के अनेक प्रयास गिनाते हुए कहा कि अभी तक सांसदों को उनके लिखित प्रश्न का उत्तर सुबह 9.30 बजे तक मिलता था, लेकिन अब उन्हें एक दिन पहले रात में ही उत्तर मिल जाएगा जिससे वे अपने पूरक प्रश्न तैयार कर सकेंगे।

जब अध्यक्ष से संसद में विधेयक पेश किए जाने से ऐन पहले उसकी प्रति दिए जाने के संबंध में कुछ विपक्षी सदस्यों की चिंताओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरा भी मत है कि सदस्यों को विधेयक मिलने के बाद उस पर चर्चा में भाग लेने के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए जिससे वह तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित विभागों के मंत्रियों से कहा गया है कि नियम-प्रक्रिया के तहत विधेयक पेश करने से पहले सदस्यों को उसके अध्ययन के लिए जितना समय मिलना चाहिए, उतना दिया जाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में पहली बार कार्यवाही का 22 भाषाओं में समांतर अनुवाद किया जा रहा है। बिरला ने कहा कि 2027 में इन सभी भाषाओं में कार्यवाही का प्रसारण किया जाएगा। बिरला ने कहा कि मुझे आशा है कि बजट सत्र में सदस्य सभी बाइस भाषाओं में बोलेंगे और ऐसा इतिहास में पहली बार होगा। केवल भारत की संसद में यह सुविधा है। बिरला ने यह भी कहा कि इस साल मानसून सत्र में एआई के माध्यम से सदस्यों को समस्त परिपत्र बाइस भाषाओं में उपलब्ध कराए जाएंगे और इस दिशा में प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संसद की कार्यवाही का लिखित पाठ आधे घंटे में उपलब्ध हो जाएगा। बिरला ने कहा कि सदन में भाषणों के बाद कुछ चीजों का सत्यापन करना होता है, इसलिए अंतिम पाठ मिलने में देरी होती है लेकिन असत्यापित पाठ आधे घंटे में वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में डिजिटल संसद पर अब तक के सभी बजट उपलब्ध होंगे।

## संक्षेप

### सड़क हादसे को रोकेगी एआई आधारित तकनीक

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने देश के यातायात प्रबंधन तंत्र को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक स्मार्ट और सुरक्षित बनाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से नयी तकनीक विकसित की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तकनीक के जरिये वाहन चालकों को वक्त रहते जरूरी संदेश भेजकर संभावित सड़क हादसे रोके जा सकेंगे और गाड़ियों की आवाजाही को सुगम बनाया जा सकेगा। आईआईटी-इंदौर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर प्रभात कुमार उपाध्याय ने बताया, ऐसे वक्त जब दुनिया बिना चालक वाली कारों की ओर बढ़ रही है, देश के यातायात तंत्र को स्मार्ट और सुरक्षित बनाया जाना वक्त की मांग है। इसके लिए हमने एआई और संचार प्रौद्योगिकी की मदद से अगली पीढ़ी के यातायात प्रबंधन तंत्र के लिए नयी तकनीक विकसित की है। उन्होंने बताया कि इस अत्याधुनिक तकनीक को सेलुलर व्हीकल-टू-एवरीथिंग (सी-वी2एक्स) नाम दिया गया है। इस तकनीक के जरिये चलती गाड़ियों द्वारा दूसरी गाड़ियों को भी आसानी से संदेश भेजे जा सकते हैं जिससे संभावित सड़क हादसों और यातायात जाम को रोका जा सकता है।

# ईरान में विरोध प्रदर्शनों के बीच सरकार समर्थक सड़कों पर उतरे

दुबई। ईरान में सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन को चुनौती देने वाले राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बाद सोमवार को सरकार के समर्थन में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए और अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने राजधानी तेहरान के एंघेलाब चौक की ओर जा रहे सरकार समर्थक प्रदर्शनकारियों की तस्वीरें दिखाईं। इस चौक को इस्लामिक क्रांति चौक के नाम से भी जाना जाता है। सरकारी टेलीविजन ने सरकार के समर्थन में प्रदर्शन को अमेरिकी-यहूदी आतंकवाद के खिलाफ ईरानियों का विद्रोह करार दिया। देश की खराब अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों में व्याप्त आक्रोश विरोध प्रदर्शनों में तब्दील हो गया था। सरकारी टेलीविजन ने देश भर में ऐसे प्रदर्शनों की तस्वीरें प्रसारित कीं, जिससे यह संकेत देने की



कोशिश की गई कि देश ने विरोध प्रदर्शनों पर काबू पा लिया है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने दिन में पहले ऐसा ही दावा किया था।

# वाद-विवाद और असहमति स्वस्थ लोकतंत्र का हिस्सा

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि वाद-विवाद, चर्चा, असहमति और यहां तक कि टकराव भी स्वस्थ लोकतंत्र के आवश्यक तत्व हैं, लेकिन ऐसी प्रक्रियाओं का अंततः एक निष्कर्ष पर पहुंचना आवश्यक है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निर्णय हो जाने के बाद उसके कार्यान्वयन में सहयोग करने की सामूहिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। यहां जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने स्नातक की उपाधि हासिल करने वाले छात्रों से अपने ज्ञान और कौशल को राष्ट्र सेवा में समर्पित करने का आग्रह किया। शिक्षा को डिग्री से आगे बढ़कर चरित्र निर्माण, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि और व्यक्तियों के सशक्तीकरण पर जोर देना चाहिए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि केवल शिक्षा और उचित प्रशिक्षण ही भारत के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में सक्षम बनाएगा।

# एसआईआर के दौरान एआई-आधारित त्रुटियों से व्यापक कठिनाई

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को फिर से पत्र लिखकर दावा किया कि 2002 की मतदाता सूचियों में एआई-आधारित डिजिटलीकरण त्रुटियों के कारण एसआईआर प्रक्रिया के दौरान पात्र मतदाताओं को व्यापक कठिनाई हो रही है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत के बाद से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे अपने पांचवें पत्र में, बनर्जी ने कहा कि एआई उपकरणों का इस्तेमाल करके 2002 की मतदाता सूची के डिजिटलीकरण के दौरान मतदाताओं के विवरण में गंभीर त्रुटियां हुईं।

उन्होंने कहा कि इसके कारण डेटा में बड़े पैमाने पर विसंगति देखने को मिली और कई पात्र मतदाताओं को गलत तरीके से तार्किक विसंगतियों वाला बताकर चिह्नित कर दिया गया। निर्वाचन आयोग पर पिछले दो दशकों से अपनाई जा रही अपनी ही वैधानिक प्रक्रियाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि अर्ध-न्यायिक सुनवाइयों के बाद पहले किए गए संशोधनों के



बावजूद मतदाताओं को अपनी पहचान दोबारा साबित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, पिछले दो दशकों से अधिक समय से जारी अपने ही दृष्टिकोण और व्यवस्थाओं से पल्ला झाड़ने वाला ऐसा रवैया मनमाना, अतार्किक और भारत के संविधान की भावना एवं प्रावधानों के प्रतिकूल है। बनर्जी ने इस पूरी प्रक्रिया को विसंगतियों से भरा बताते हुए यह भी आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान जमा किए गए दस्तावेज़ों की कोई उचित पावती नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर की सुनवाई प्रक्रिया काफी हद तक यांत्रिक हो गई है, जो पूरी तरह तकनीकी आंकड़ों से संचालित है और इसमें विवेक, संवेदनशीलता तथा मानवीय दृष्टिकोण का पूरी तरह अभाव है। बनर्जी ने कहा कि इससे हमारे लोकतंत्र और संवैधानिक ढांचे की बुनियाद कमजोर होती है। निर्वाचन आयोग द्वारा अव्यवस्थित तरीके से एसआईआर प्रक्रिया को लागू किए जाने की वजह से डर, काम के अत्यधिक दबाव के कारण 77 मौत हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्महत्या के प्रयास के चार मामले आए और 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बनर्जी ने उन्हें इस अनियोजित, संवेदनाशून्य और अमानवीय प्रक्रिया का सामना करना पड़ा। उन्होंने सवाल किया, क्या यह निर्वाचन आयोग की ओर से घोर दुस्साहस नहीं है?

# देश के संसाधनों को बड़ी कंपनियों के हाथों में सौंप रहे हैं मोदी : खरगे

बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मनरेगा को निरस्त करने और उसके स्थान पर वीबी-जी राम जी नामक एक नयी ग्रामीण रोजगार योजना लागू करने के लिए केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है। खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जनविरोधी करार देते हुए सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों की मदद करने के बजाय देश के संसाधनों को बड़ी कंपनियों को सौंप रहे हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)



को निरस्त करने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के विरुद्ध अपना संघर्ष जारी रखेगी।

खरगे ने विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (वीबी - जी राम जी) को रद्द करने और उसके स्थान पर मनरेगा को बहाल करने की मांग भी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक सवाल के जवाब में कहा, मैं किसी के भी बयान पर प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता। मनरेगा आम लोगों के लिए काम करने का अधिकार था। संविधान के निर्देशक सिद्धांतों के अनुच्छेद 41 के अनुसार, तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सोनिया गांधी के नेतृत्व में इसे कानून के रूप में अधिनियमित किया गया था। उन्होंने एक ऐसे अधिनियम को रद्द कर दिया है जिसका उद्देश्य गरीबों का पेट भरना और उनकी मदद करना था।

## इंटरटेनमेंट...

# हैमनेट को ड्रामा श्रेणी की सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया

लॉस एंजिलिस। क्रांति की कहानी पर आधारित फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर ने 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में संगीत या हास्य श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब जीता। कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स स्थित बेवर्ली हिल्टन में रविवार रात आयोजित समारोह में हैमनेट को ड्रामा श्रेणी की सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया। नौ नामांकनों के साथ वन बैटल आफ्टर अनदर सबसे आगे रही, जबकि आठ नामांकनों के साथ सेंटिमेंटल वैल्यू दूसरे स्थान पर रही। हास्य कलाकार निक्की ग्लेसर ने लगातार दूसरे वर्ष इस समारोह की मेजबानी की। समारोह का पहला पुरस्कार अभिनेत्री टेयाना टेलर को प्रदान किया गया। उन्हें फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया।




**गोल्डन ग्लोब पुरस्कारों के विजेता**

सर्वश्रेष्ठ फिल्म (ड्रामा): हैमनेट

सर्वश्रेष्ठ फिल्म (म्यूजिकल या कॉमेडी): वन बैटल आफ्टर अनदर

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (ड्रामा फिल्म): द सीक्रेट एजेंट के लिए वैगनर मौरा

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (ड्रामा फिल्म): हैमनेट के लिए जेसी बकली

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (म्यूजिकल या कॉमेडी फिल्म): इफ आई हैड लेग्स, आई वुड किक यू के लिए रोज बर्न

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (म्यूजिकल या कॉमेडी फिल्म): मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री (फिल्म): वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता (फिल्म): सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए स्टेलन स्कार्सगार्ड

सर्वश्रेष्ठ गैर-अंग्रेजी भाषा की फिल्म: द सीक्रेट एजेंट (ब्राज़ील)

सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्म: के-पॉप डेमन हंटर्स

सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (फिल्म): वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन

सर्वश्रेष्ठ पटकथा (फिल्म): वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन

सिनेमैटिक और बॉक्स ऑफिस उपलब्धि: सिनर्स

सर्वश्रेष्ठ टीवी शृंखला (ड्रामा): द पिट

सर्वश्रेष्ठ टीवी शृंखला (म्यूजिकल या कॉमेडी): द स्टूडियो

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (टीवी ड्रामा): द पिट के लिए नोआ वाइल

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (टीवी ड्रामा): प्लूरिबस के लिए रिया सीहॉर्न

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (टीवी म्यूजिकल या कॉमेडी): हैक्स के लिए जीन स्मार्ट।

# मनोज तिवारी ने बदली थी फिल्म की कास्टिंग

**मुंबई।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के लेटेस्ट एपिसोड में हाल ही में भोजपुरी सिनेमा के बड़े सितारे नजर आए। शो में मनोज तिवारी, पवन सिंह और दिनेश लाल यादव निरहुआ मेहमान बनकर पहुंचे। शो के दौरान निरहुआ ने एक पुराना किस्सा बताया कि कैसे मनोज तिवारी ने एक फिल्म की कास्टिंग बदल दी और रवि किशन को विलेन बनवा दिया था। निरहुआ ने बताया कि जब एक राजनेता का बेटा फिल्मों में लॉन्च हो रहा था, तब पवन सिंह ने उस फिल्म में विलेन का रोल करने की हामी भर दी थी। इसके बाद पवन की मुलाकात निरहुआ से हुई। निरहुआ ने उनसे पूछा कि उन्होंने फिल्म की कहानी सुनी है या नहीं। इस पर पवन सिंह ने कहा कि उन्होंने अभी कहानी नहीं सुनी है।

# हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ ने शाहरुख खान से काम मांगा

**मुंबई।** ऑस्कर विनर अमेरिकन एक्टर विल स्मिथ बॉलीवुड में काम करना चाहते हैं। एक्टर ने हाल ही में एक इवेंट में बॉलीवुड के प्रति अपने लगाव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने ये भी बताया कि कैसे उन्होंने पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री के कुछ सबसे बड़े सितारों के साथ रिलेशनशिप डेवलप किए हैं। दरअसल, विल स्मिथ हाल ही में दुबई में नेशनल जियोग्राफी के अपने शो 'पोल टू पोल विद विल स्मिथ' के मिडिल ईस्ट प्रीमियर के लिए गए थे। वहां पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बॉलीवुड के बारे में बात की। गल्फ न्यूज से बातचीत के दौरान जब विल से पूछा गया कि क्या वो कभी बॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने जवाब में बताया कि उन्होंने पहले सलमान खान और अमिताभ बच्चन से बातचीत की थी, हालांकि उस बातचीत से कुछ भी तय नहीं हो पाया। इस डॉक्यूमेंट्र में विल की सातों महाद्वीप की 100 दिनों की यात्रा दिखाई जाएगी। उन्होंने कहा, 'मैं सलमान से बात कर रहा था। हम कुछ सब्जेक्ट्स पर चर्चा कर रहे थे।

> ऑस्कर विनर एक्टर ने कहा मैं चाहता हूं कि रफड मुझे किसी फिल्म में लें

# 'हक' देखकर यामी गौतम की फैन हुईं आलिया भट्ट

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने हाल ही में आई फिल्म 'हक' देखने के बाद एक्ट्रेस यामी गौतम की जमकर तारीफ की है। आलिया ने न सिर्फ यामी को फोन करके अपनी राय दी, बल्कि सोशल मीडिया पर भी उनकी खुलकर सराहना की। आलिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट शेयर किया और खुद को यामी की फैन बताया। एक्ट्रेस ने लिखा, 'क्वीन यामी गौतम, आप 'हक' में कमाल हैं। आपकी एक्टिंग में सच्चाई, दिल और क्लास साफ दिखती है। यह अब तक की मेरी सबसे पसंदीदा महिला परफॉर्मेंस में से एक है। जैसा कि मैंने फोन पर भी कहा, मैं आपकी फैन हूं और आपके आने वाले काम का बेसब्री से इंतजार है।

> फोन कर दी बधाई और इंस्टाग्राम स्टोरी में एक्ट्रेस की एक्टिंग की तारीफ की




आलिया के इस पोस्ट पर यामी गौतम ने भी अपना रिएक्शन दिया। उन्होंने आलिया की स्टोरी री-शेयर करते हुए लिखा कि इतनी शानदार एक्ट्रेस और अच्छे इंसान से ऐसी तारीफ मिलना बहुत खास है। यामी ने कहा कि वह आलिया के काम और उनके प्रोफेशनल रवैये की हमेशा से इज्जत करती हैं। दोनों के बीच हुई बातचीत को उन्होंने दिल से जुड़ी और सच्ची बताया।

आलिया के इस रिएक्शन के बाद वह उन सेलेब्स में शामिल हो गईं, जिन्होंने फिल्म 'हक' और यामी की एक्टिंग की तारीफ की है। इससे पहले कियारा आडवाणी और संजय कपूर भी फिल्म की सराहना कर चुके हैं। फिल्म का डायरेक्शन सुपर्ण एस. वर्मा ने किया है। वहीं, इसको रेशु नाथ ने लिखा है। फिल्म हक साल 1985 के शाह बानो केस पर आधारित है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com